

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 24 अप्रैल, 2024 | वर्ष-17 | अंक-18 | पृष्ठ- 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



असफलता के डर से हिंदू-मुसलमान को लड़ाने ... 02
■ केजरीवाल के लिए यातना गृह बना तिहाड़ जेल : संजय
■ गाजीपुर लैंडफिल साइट पर अब उड़ने लगी धूल 03
■ ग्लोबल साउथ के लिए बड़ी भूमिका का समय आ...
■ ब्रिटिश संसद ने रवांडा निर्वासन विधेयक पारित किया 07
पूर्णिया में कांटे की टक्कर 10

## सार संक्षेप

### हेमंत को राहत नहीं, जवाब के लिए ईडी ने मांगा समय



**रांची।** जमीन घोटाले में जेल में बंद झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर अपना पक्ष रखने और जवाब देने के लिए ईडी ने एक बार फिर अदालत से वक्त मांग लिया है। सोरेन की याचिका पर मंगलवार को एक बार फिर पीएमएलए की विशेष कोर्ट में सुनवाई शुरू होते ने ईडी ने जवाब देने के लिए दो हफ्ते के समय की मांग की। हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसका विरोध किया।

### मुख्तार अंसारी की विसरा रिपोर्ट में जहर की पुष्टि नहीं



**लखनऊ।** गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की मंगलवार को आई विसरा जांच रिपोर्ट में जहर दिए जाने की पुष्टि नहीं हुई है। जेल में सजा काट रहे मुख्तार अंसारी की 28 मार्च को बांदा जिले के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई थी। मुख्तार के भाई और सांसद अफजाल अंसारी ने आरोप लगाया था कि मुख्तार को जहर देकर मारा गया।

### मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का सफल प्रक्षेपण




**नई दिल्ली।** मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल के नए संस्करण का मंगलवार को सफल परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इस मिसाइल का परीक्षण सामरिक बल कमान के तत्वाधान में किया गया। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने अपनी संचालन क्षमता साबित करते हुए नई प्रौद्योगिकी की सफलता की भी पुष्टि की।

### भाजपा ने लद्दाख लोकसभा सीट पर नया चेहरा उतारा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लद्दाख की लोकसभा सीट पर नया चेहरा उतारा है। पार्टी की आज यहां जारी 14वीं सूची में लद्दाख में श्री ताशी ग्यालसन को उम्मीदवार घोषित किया गया है। वर्ष 2019 में इस सीट पर भाजपा के जामयांग सेरिंग नामग्याल को जीत हासिल हुई थी।

### ओडिशा में दो महिला नेताओं ने बीजद छोड़ी



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में चुनाव से पहले बीजू जनता दल (बीजद) को झटका लगा है। पूर्व विधायक रासेश्वरी पाणिग्रही ने संबलपुर विधानसभा सीट से 'बाहरी' व्यक्ति को मैदान में उतारने के बीजद के फैसले के विरोध में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। हिंडोल विधानसभा क्षेत्र से बीजद विधायक सिमरानी नायक ने भी इस्तीफा दे दिया।

### सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव को फिर लगाई फटकार

# माफीनामा विज्ञापन जितना बड़ा क्यों नहीं

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट से मंगलवार को कहा कि उन्होंने भ्रामक विज्ञापन मामले में अपनी ओर से हुई गलतियों के लिए समाचार पत्रों में बिना शर्त माफी प्रकाशित की है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने रामदेव और बालकृष्ण के वकील से समाचार पत्रों में प्रकाशित माफीनामे का दो दिनों के भीतर रिकॉर्ड पेश करने को कहा। बता दें, इस मामले में अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी।

#### अतिरिक्त विज्ञापन भी जारी करेंगे

रामदेव और बालकृष्ण की ओर से पेश वकील ने पीठ से कहा कि वे अपनी गलतियों के लिए बिना शर्त माफी मांगते हुए अतिरिक्त विज्ञापन भी जारी करेंगे। दोनों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि उन्होंने सोमवार को देश भर के 67 समाचार पत्रों में माफीनामा प्रकाशित कराया है।

न्यायमूर्ति कोहली ने पूछा, 'क्या माफी आपके विज्ञापनों के आकार के बराबर मांगी गई है?' इस पर रोहतगी ने कहा कि माफी 67 अखबारों में प्रकाशित हुई थी। इसकी लागत दसियों लाख है। वहीं, न्यायमूर्ति कोहली ने कहा कि हम सोच रहे है कि क्या आपके द्वारा प्रकाशित पूरे पृष्ठ के विज्ञापनों के लिए लाखों रुपए खर्च होते हैं? न्यायालय ने रामदेव और बालकृष्ण को 16 अप्रैल को हिदायत दी थी कि वे 'एलोपैथी को नीचा दिखाने' का कोई प्रयास नहीं करें। न्यायालय ने उन्हें पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के भ्रामक विज्ञापन के मामझले में एक सप्ताह के भीतर 'सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और पछतावा प्रकट करने' की अनुमति दी थी।

**माफीनामे का दो दिनों के भीतर रिकॉर्ड पेश करने को कहा**



- 67 अखबारों में प्रकाशित कराई माफी
- 30 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

### भ्रामक विज्ञापनों पर कार्रवाई के संबंध में हलफनामा दे मंत्रालय

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एफएमसीजी भी जनता को भ्रमित करने वाले भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित कर रहे हैं, जिससे विशेष रूप से शिशुओं, स्कूल जाने वाले बच्चों और उनके उत्पादों का उपभोग करने वाले वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लाइसेंसिंग अधिकारियों को मामले में पक्षकार बनाने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय मंत्रालयों को तीन साल तक भ्रामक विज्ञापनों पर की गई कार्रवाई के संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

### आईएमए को भी दिखाया आईना

कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को भी फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि वह पतंजलि पर अंगुली उठा रहा है, जबकि चार अंगुलियां उन पर इशारा कर रही हैं। आईएमए से सुप्रीम कोर्ट ने पूछते हुए कहा कि आपके (आईएमए) डॉक्टर भी एलोपैथिक क्षेत्र में दवाओं का समर्थन कर रहे हैं। अगर ऐसा हो रहा है, तो हमें आप पर सवाल क्यों नहीं उठाना चाहिए? कोर्ट का कहना है कि यह किसी विशेष पार्टी के लिए हमला करने के लिए नहीं है, यह उपभोक्ताओं या जनता के व्यापक हित में है कि उन्हें कैसे गुमराह किया जा रहा है और सच्चाई जानने का उनका अधिकार है और वे क्या कदम उठा सकते हैं। कथित अनैतिक आचरण के संबंध में कई शिकायतें हैं।

# कांग्रेस से सतर्क रहें : मोदी



**सक्ती,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि विपक्षी कांग्रेस के पास देश के लिए ना कोई विजन है और ना ही कोई नीति। श्री मोदी सेना के हेलीकॉप्टर से सक्ति के जेठा मैदान पहुंचे जहां वह जांजगीर और रायगढ़ लोकसभा सीटों के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगने पहुंचे।

इस अवसर पर उन्होंने लोगों से अपील की कि वे कांग्रेस से बहुत सतर्क रहें। उन्होंने कांग्रेस और इंडिया समूह पर उन्हें झूठे आरोपों से निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक समूह उनकी प्रतिष्ठा खराब करने के लिए गलत सूचना फैला रहा है।

प्रधानमंत्री ने देश के विकास पर अपना ध्यान केन्द्रित करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य भारत को प्रगति और सुधार के साथ 21वीं सदी में ले जाना है। उन्होंने विपक्ष की चुनाव प्रचार रणनीति पर निशाना साधते हुये उन पर पुरानी रणनीतियों को दोबारा इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, इस चुनाव में इंडिया गठबंधन और उसके सहयोगी एक पुराना 'रिकॉर्ड' बजा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि उनकी पार्टी और सहयोगी अपने प्रदर्शन और उपलब्धियों के आधार पर लोगों का आशीर्वाद लें। उन्होंने कांग्रेस पर भी तीखा हमला बोला और उस पर देश के विकास की उपेक्षा करने और केवल भ्रष्टाचार पर ध्यान केंद्रित करने का आरोप लगाया।

### बांटने की राजनीति करते हैं मोदी : खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महिलाओं के 'मंगलसूत्र' पर टिप्पणी को लेकर कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी हमेशा विभाजित करने की रणनीति पर ही काम करते हैं। मोदी के बयान पर खड़गे ने कहा, ये उनकी हमेशा से बांटने की चाल है, ऐसा किसके पास हिम्मत है। देश को आगे कैसे बढ़ाए ये महत्वपूर्ण हैं। इसे छोड़कर वो हिंदू-मुस्लिम , एससी, ओबीसी कर रहे हैं। ये सब वह वोट के लिए कर रहे हैं देश के हित के लिए नहीं कर रहे हैं।

# दिल्ली एनसीआर में तेज हवा के साथ बारिश

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम समेत दिल्ली-एनसीआर के अधिकांश इलाकों में तेज आंधी के बाद बारिश की तेज बौछारों ने दस्तक दी। दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद में शाम के समय अंधेरा छा गया। आंधी के बाद बारिश की तेज बौछारों ने दस्तक दी। मौसम विभाग ने सोमवार को दिल्ली एनसीआर में दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना जताई थी।

#### पूर्वी भारत में जारी रहेगा लू का कहर

सोमवार को बारिश नहीं हुई लेकिन मंगलवार की शाम दिल्ली-एनसीआर में आंधी के बाद झमाझम बारिश देखने को मिली। आईएमडी ने सोमवार को कहा था कि पूर्वी भारत के बड़े हिस्से में हीट वेव अगले पांच दिन तक जारी रहेगी। पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड और बिहार के कुछ हिस्सों में उष्ण लहर की स्थिति है और यह इस महीने में दूसरी बार है। मौसम विभाग के अनुसार, 15 अप्रैल से ओडिशा में और 17 अप्रैल से पश्चिम बंगाल में गंगा के किनारे वाले क्षेत्रों में लू की स्थिति बनी हुई है। विभाग ने कहा कि तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक, गोवा, केरल, पश्चिम बंगाल और बिहार में उच्च आर्द्रता लोगों की परेशानी बढ़ा सकती है।

पूर्वी मध्य प्रदेश में 22 अप्रैल और 23 अप्रैल को रात का तापमान काफी अधिक होने की संभावना है। रात में अधिक तापमान खतरनाक माना जाता है, क्योंकि शरीर को ठंडा होने का मौका नहीं मिलता है। मौसम विभाग के अनुसार, अप्रैल में देश के विभिन्न हिस्सों में सामान्यत: एक से तीन दिन की अवधि की तुलना में चार से आठ दिन हीट वेव रहने की संभावना है। पूरे अप्रैल-जून की अवधि में सामान्यत: चार से आठ दिन की तुलना में 10 से 20 दिन तक हीट वेव की संभावना है।



- शाम को छा गया था अंधेरा
- लोगों को गर्मी से मिली राहत

# तिहाड़ में मुख्यमंत्री केजरीवाल को मिली इंसुलिन

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। इंसुलिन को लेकर हो रहे विवाद के बीच मंगलवार को तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन दी गई। इसकी पुष्टि आप नेताओं ने की है। इसमें दावा किया गया है कि मुख्यमंत्री का शुगर लेवल 320 तक पहुंच गया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत के बाद यह पहली बार इंसुलिन दी गई।

इस मुद्दे को लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने जेल महानिदेशक से रिपोर्ट मांगी थी। जिसमें जेल प्रशासन ने जवाब में कहा कि मुख्यमंत्री को इंसुलिन की जरूरत नहीं है। जबकि आम आदमी पार्टी के नेता लगातार इसकी मांग को लेकर विरोध कर रहे हैं। बीते दिनों आप नेताओं ने तिहाड़ जेल के बाहर विरोध प्रदर्शन भी किया था।



हालांकि जेल प्रशासन ने इस दावे को गलत बताया है। तिहाड़ जेल के महानिदेशक (जेल) संजय बेनीवाल का कहना है कि तिहाड़ में सब कुछ जेल नियम के तहत होता है। यहां पर सभी कैदियों को समय पर खाना दिया जाता है। मुख्यमंत्री को कोर्ट के आदेश के तहत घर का खाना मिलता है। जिसकी जांच में 5 से 7 मिनट का समय लगता है। जेल में करीब एक हजार कैदी मधुमेह से पीड़ित हैं। इसका प्रबंधन जेल प्रशासन कर रहा है। जेल में करीब 20 हजार कैदी है। सभी को कुछ न कुछ परेशानी हो सकती है। हमारी कोशिश होती है कि उन्हें दूर किया जाए। हर जेल में एक विजिटिंग जज होते हैं, जो स्वास्थ्य संबंधी जरूरतें, साफ-सफाई और कानूनी समाधान सहित अन्य पर नजर रखते हैं। वह कैदियों की शिकायत भी सुनते हैं।

- जेल प्रशासन का दावा, जेल नियम के तहत दी जाती है सुविधा
- आप नेताओं का दावा, केजरीवाल पर रखी जा रही है नजर

### केजरीवाल, कविता की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 7 मई तक बढ़ा दी। इनकी न्यायिक हिरासत मंगलवार को समाप्त हो रही थी। राउज एवेन्यू कोर्ट की जज कावेरी बावेजा ने न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर नया आदेश जारी किया। ईडी ने 21 मार्च को दिल्ली में उनके आधिकारिक आवास पर पूछताछ के बाद सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। ईडी ने सीएम केजरीवाल को दिल्ली सरकार के अन्य मंत्रियों, आप नेताओं और अन्य व्यक्तियों की मिलीभगत से कथित शराब घोटाले का मुख्य साजिशकर्ता करार दिया है।

#### संयुक्त राष्ट्र की मौसम एजेंसी ने चेताया

# एशियाई देशों में हो सकता है भीषण जल संकट

**संयुक्त राष्ट्र,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र की मौसम एवं जलवायु एजेंसी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि एशियाई देशों में लू का प्रभाव अत्याधिक गंभीर होता जा रहा और ग्लेशियरों के पिघलने से आने वाले दिनों में क्षेत्र में भीषण जल संकट पैदा होने का खतरा पैदा हो जाएगा। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) के प्रमुख सेलेस्टे साउलो ने एक बयान में कहा कि एशियाई देशों में पिछले कुछ वर्षों में लगातार लू असर बढ़ता जा रहा है, जिससे ग्लेशियर पिघलने के कारण भविष्य में जल सुरक्षा का खतरा बन गया है। एशिया देशों का पिछले साल तापमान 1961 से 1990 के औसत से लगभग दो डिग्री सेल्सियस अधिक था, जिससे यहां 2023 में सबसे गर्म स्थान रहा। उन्होंने बताया कि पिछले साल एशिया दुनिया का सबसे अधिक आपदा प्रभावित क्षेत्र था।

दक्षिण-पश्चिम चीन वर्षा का स्तर कम होने से सूखे से पीड़ित है। तिब्बती पठार पर केन्द्रित हाई-माउंटेन एशिया क्षेत्र में ध्रुवीय क्षेत्रों के बाहर बर्फ की सबसे बड़ी मात्रा मौजूद है।

डब्ल्यूएमओ ने कहा, इस क्षेत्र के 22 ग्लेशियरों में से 20 को पिछले साल लगातार बड़े पैमाने पर नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले साल, 2023 में उत्तर-पश्चिम प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का तापमान रिकॉर्ड पर सबसे अधिक था। एशिया में 80 प्रतिशत से अधिक बाढ़ और तूफान सहित 79 आपदाएं दर्ज की गईं। इससे करीब 90 लाख लोग प्रभावित हुए। दो हजार से अधिक मौतें हुईं।




**लू का प्रभाव भी अत्याधिक गंभीर हो रहा**

# किसानों का रेल रोको आंदोलन जारी

**अंबाला,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। अंबाला में किसानों के रेल रोको आंदोलन का मंगलवार को सातवां दिन है। इस आंदोलन के चलते 925 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं, जिसमें 186 मेल एक्सप्रेस व 231 पेसेंजर गाड़ियां शामिल हैं और बाकी ट्रेनों के रूट में बदलाव किया गया है। ट्रेनों के प्रभावित होने के कारण यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन पर काम करने वाले कुली भी परेशान हैं। किसानों के रेल रोको आंदोलन का असर अब लोगों के रोजगार पर भी पड़ने लगा है। एक तरफ रेल यात्री परेशान हो रहे हैं, वहीं अब स्टेशन पर यात्रियों के सहारे ही अपनी आजीविका चलाने वाले कुली भी परेशान होने लगे हैं। अंबाला रेलवे स्टेशन पर कुली का काम करने वाले मोनू ने बताया कि किसान आंदोलन की वजह से लोगों का यहां आना कम हो गया है। पहले यहां काफी भीड़ हुआ करती थी, लेकिन अब पूरा स्टेशन खाली पड़ा है। अब घर का खर्चा चलाना भी मुश्किल हो रहा है। सुबह छह बजे से अब तक केवल 100 रुपए कमा पाए हैं। हम सरकार से उम्मीद करते हैं, जल्द से जल्द कोई इसका समाधान निकाला जाए, ताकि हमारी भी कमाई ठीक हो सके।



**आंदोलन से 925 ट्रेनें हुई प्रभावित**

# शरद पवार ने पुतिन से की मोदी की तुलना

**नागपुर,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों के नेताओं का एक दूसरे पर वार-पलटवार का सिलसिला जारी है। एनसीपी के संस्थापक शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से की। उनके इस बयान पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इनको हार की हताशा ने गाली गलौज पर उतार दिया है। आप सभी जानते हैं जब-जब पीएम मोदी को गाली पड़ती है, तब-तब बड़ी विजय होती है। ये लोग जितना गाली देंगे, लोग पीएम मोदी को उतना प्यार देंगे। ये सारे के सारे निराश लोग हैं।

**देवेंद्र फडणवीस ने किया पलटवार**

**घोषणा** *चुनावी हलफनामे में 5,785 करोड़ रुपए की संपत्ति बताई*

# टीडीपी के चंद्र शेखर सबसे अमीर उम्मीदवार

**नई दिल्ली, 23 अप्रैल (एजेंसियां)। गुंटूर लोकसभा सीट से तेलुगु देशम पार्टी( टीडीपी ) के पी चंद्र शेखर अब तक के सबसे अमीर उम्मीदवार हैं। अपने चुनावी हलफनामे में 5,785 करोड़ रुपए की चल-अचल घोषित करके चंद्र शेखर सुर्खियों में आ गए हैं। चंद्र शेखर ने अपने चुनावी हलफनामे में 5,785 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति घोषित की है जो संभावित रूप से उन्हें मौजूदा चुनावी दौड़ में सबसे धनी प्रत्याशियों में से एक बनाती है।**

उनके द्वारा दायर हलफनामे के अनुसार, उनकी व्यक्तिगत संपत्ति 2,448.72 करोड़ रुपए जबकि उनकी पत्नी श्रीरत्ना कोनेरू के पास 2,343.78 करोड़ रुपए और बच्चों के पास लगभग 1,000 करोड़ रुपए की संपत्ति है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ 19 अप्रैल को हुए लोकसभा चुनाव के पहले चरण में लगभग 717 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ सबसे अमीर उम्मीदवारों की सूची में शीर्ष पर हैं। चंद्र शेखर के परिवार पर ऋण सुविधा के रूप में अमेरिका के जेपी मॉर्गन चेस बैंक की 1,138 करोड़ रुपए की देनदारी है। आंध्र प्रदेश के बुर्रिपालेम गांव से लेकर जॉन्स हॉपकिंस विश्वविद्यालय - सिनाई अस्पताल में चिकित्सक शिक्षक के रूप में काम करने से लेकर यूवर्ल्ड (ऑनलाइन शिक्षण और अध्ययन संसाधन मंच) की स्थापना तक, चंद्र शेखर का सफर काफी रोमांचक रहा है। डॉक्टर-उद्यमी-नेता चंद्र शेखर ने 1999 में एनटीआर यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज विजयवाड़ा से एमबीबीएस किया और 2005 में डेनविले, पेंसिल्वेनिया में गेइजिंगर मेडिकल सेंटर से एमडी (आंतरिक चिकित्सा) की उपाधि ली। उन्होंने राज्य में ईएएमसीईटी मेडिकल प्रवेश परीक्षा (एमबीबीएस) देने वाले 60,000 छात्रों के बीच 27वीं रैंक हासिल की थी।



- गुंटूर लोकसभा सीट से लड़ रहे हैं चुनाव

#### 2010 से टीडीपी में काम कर रहे

सार्वजनिक सेवा में रुचि रखने वाले चंद्र शेखर, पार्टी के कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का समर्थन करने के लिए 2010 से तेदेपा की एनआरआई विंग की ओर से काम कर रहे हैं।

# देश

**उवाच** "अब यह स्पष्ट है कि 'ए' टीम, 'बी' टीम के अलावा पीडीपी अब भाजपा की 'सी' टीम है। जैसा कि मैंने समझा, महबूबा मुफ्ती अब बुखारी का बयान बदलवाने के लिए भाजपा पर कुछ दबाव डालेंगी।

-उमर अब्दुल्ला,नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 30.0 | 23.0 |
| मुंबई | 32.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 37.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 28.0 |

# असफलता के डर से हिंदू-मुसलमान को लड़ाने में जुटी भाजपा : महबूबा

■ कांग्रेस के खिलाफ संपत्ति वितरण के बयान पर बोला हमला

**जम्मू-कश्मीर,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कांग्रेस के खिलाफ संपत्ति वितरण पर की गई टिप्पणी को लेकर सियासत गरमा गई है। फारूक अब्दुल्ला के बाद पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। महबूबा ने कहा कि चुनाव में असफलता के डर से भाजपा हिंदू और मुसलमान को लड़ाने में जुट गई है। सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। महबूबा ने कहा कि भाजपा 400 पार और 370 पार के जो नारे लगा रही थी, वे असफल हो गए हैं। भाजपा मंगलसूत्र की बात करती है और कहती है कि कांग्रेस सब कुछ दे देगी। मुसलमानों में सांप्रदायिक माहौल बनाया जा रहा है। मुझे लगता है कि भाजपा-एनडीए को पता है कि नतीजे इंडिया गठबंधन के पक्ष में होंगे। युवा महंगाई और रोजगार की बात करने वाले के साथ हैं। ऐसे में भाजपा हिंदू-मुसलमान को लड़ाने में जुटी है। पीडीपी अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव से पहले दक्षिण कश्मीर से युवाओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। पीडीपी अध्यक्ष अनंतनाग-



भाजपा 400 पार व 370 पार के जो नारे लगा रही थी वे असफल हो गए हैं : महबूबा मुफ्ती

राजौरी संसदीय सीट से नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार मियां अल्ताफ, डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के मोहम्मद सलीम और अपनी पार्टी के जफर मन्हास के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं।

महबूबा ने दक्षिण कश्मीर में मीडियाकर्मियों से कहा कि मेरे जानकारी में आया है कि अनंतनाग, बिजबेहरा, पुलवाम और शोपियां के युवाओं को लोकसभा चुनाव से पहले गिरफ्तार किया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पीडीपी अकेली पार्टी है जो युवाओं के मुद्दे संसद में उठाएगी। महबूबा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर आज किन चुनौतियों और मुद्दों का सामना कर रहा है और उन्हें संसद में कौन उठाएगा। लोग धीरे-धीरे समझ रहे हैं कि पीडीपी ने पिछले पांच वर्षों के दौरान लोगों के कठिन मुद्दों को उठाया है और आने वाले समय में वह इन मुद्दों को संसद में भी रखेगी।

## मोदी का मुसलमानों को घुसपैठिया बताना चिंताजनक : फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** नेशनल कॉफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण में मुसलमानों को 'घुसपैठिया' बताने वाले बयान पर चिंता व्यक्त की। अब्दुल्ला ने श्रीनगर में मीडियाकर्मियों से कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मोदी ने हालिया चुनावी रैली में इस तरह की बात की। उन्होंने कहा कि इस्लाम और अल्लाह सभी के साथ अच्छा व्यवहार करना सिखाते हैं। अब्दुल्ला ने सवाल किया, इस्लाम कभी भी दूसरे धर्म को दबाना नहीं सिखाता, बल्कि अपने धर्म की तरह सम्मान करने की बात पर जोर देता है। ऐसा कभी नहीं होगा, प्रधानमंत्री... कि धरती का कोई पुत्र अपनी मां या बहन का मंगल सूत्र छीन लेगा। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, अगर आप किसी व्यक्ति को मारेंगे, तो यह मानवता की मौत होगी..क्या यह संभव है। उन्होंने कहा कि मैं एक मुस्लिम हूं, लेकिन मेरा धार्मिक ग्रंथ कुरान मुझे कभी भी दूसरों से नफरत करना नहीं सिखाता। मैं मुसलमानों से जितना प्यार करता हूं, उतना ही हिन्दू और सिख से करता हूं, मैं समझता हूं कि हर किसी को विकास करना चाहिए ताकि देश आगे बढ़ सके। अपनी पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी द्वारा बारामूला लोकसभा सीट पर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार सज्जाद लोन को समर्थन देने के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है और मैं तीनों से अपील करना चाहूंगा, चाहे वह गुलाम नबी आजाद, सज्जाद लोन या अल्ताफ बुखारी हों। उन्हें देखना चाहिए कि वे जिस तरफ से मैदान में हैं, उनका (भाजपा) देश के मुसलमानों के प्रति रवैया क्या है। उन्होंने कहा कि सवाल यह भी है कि हमारे सामने क्या आ रहा है। भाजपा एक राष्ट्र, एक चुनाव चाहते हैं। यह कैसे संभव हो सकता है, जब 28 राज्य हों और सभी अलग-अलग हों। दूसरे, वे संविधान बदल रहे हैं, क्योंकि वे खुद कहते हैं कि उन्हें संविधान बदलना है।



## मप्र के सागर, हरदा व भोपाल में मोदी का दौरा आज

**भोपाल,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव प्रचार के उद्देश्य से बुधवार को राज्य के एकदिवसीय प्रवास पर रहते हुए तीन संसदीय क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करेंगे। इस दौरान मोदी की दो सभाएं और एक रोड शो प्रस्तावित है। मोदी का रोड शो राजधानी भोपाल में प्रस्तावित है और इसके लिए सुरक्षा संबंधी सख्त उपाय किए जा रहे हैं। इसके अलावा मोदी सागर और हरदा जिले की यात्रा पर चुनावी सभाएं लेंगे।




प्रदेश भाजपा के अनुसार मोदी बुधवार 24 अप्रैल को सागर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा लेंगे। मोदी इसके बाद हरदा जिला मुख्यालय पहुंचेंगे और वहां बैतूल संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा लेंगे। इसके बाद वे भोपाल आएंगे। यहां न्यू मार्केट क्षेत्र में उनका रोड शो प्रस्तावित है। पुलिस ने संबंधित क्षेत्र में सुरक्षा के सख्त बंदोबस्त प्रारंभ कर दिए हैं।

हालांकि सुरक्षा की दृष्टि से रोड शो का फायनल रूट अब तक घोषित नहीं किया गया है। इसके पहले कल देर रात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रधानमंत्री के रोड शो के मद्देनजर न्यूमार्केट क्षेत्र में तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## पश्चिम बंगाल में पड़ोसी मुल्क से लगातार हो रही घुसपैठ : शाह

**रायगंज/मालदा,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि पड़ोसी मुल्क के घुसपैठिए बेरोकटोक पश्चिम बंगाल में आ रहे हैं और यदि भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई, तो वह बांग्लादेश से होने वाले घुसपैठ रोक लगा देगी। शाह ने राज्य के मतदाताओं से 30 से 35 सीटें सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि मैंने आपको आश्वासन दिया है कि आप इस बार जब भाजपा उम्मीदवारों को वोट देंगे और 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तीसरा कार्यकाल सुनिश्चित करेंगे, तो उत्तर बंगाल में एक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एआईएमएस) स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में श्री मोदी ने गरीबों के लिए काम किया और केंद्र सरकार लगभग 80 करोड़ लोगों के लिए राशन वितरण कर रही है, 12 करोड़ शौचालय स्थापित किए हैं, चार करोड़ से अधिक पीएम आवास योजना बनाई है, 10 करोड़ उजाला गैस वितरित की है और देश भर में 14 से अधिक घर तक पीने योग्य पानी पहुंचाया है। शाह ने बंगाल को हिंसा से मुक्त सुनिश्चित करने का वादा करते हुए कहा कि हमें एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी की जरूरत है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राज्य देश में एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां पंचायत चुनाव 2023 में लगभग 200 लोगों की हत्या कर दी गई और तृणमूल कांग्रेस के शासन के तहत राज्य में हुए प्रत्येक चुनाव में खूनी हिंसा हुई।



■ मतदाताओं से की 30 से 35 सीटें सुनिश्चित करने की अपील

उन्होंने कहा कि मां, माटी, मानुस के नारों के साथ तृणमूल सत्ता में आई है, अब माताओं-बहनों के लिए संदेशखाली में परिवर्तित (माटी) हो रहा है। बांग्लादेशियों के लिए आश्रय स्थल में तब्दील कर दिया गया और मानुस की हत्या की जा रही है और उसे भ्रष्ट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तृणमूल नेता, जो पहले छोटे घरों में रहते थे, उन्होंने अब 4/5 मंजिला ऊंची इमारतें बना ली हैं और गलत तरीके से पैसा कमाने के कारण उनके पास महंगी गाड़ियां हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्रीय धन का बंदरबांट किया गया। बंगाल में हर जगह भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसी द्वारा बंगाल के मंत्री पार्थ चटर्जी के घर से 51 करोड़ रुपए जब्त किए जाने के बाद अब वो जेल जेल में हैं, लेकिन तृणमूल ने अभी तक उन्हें पार्टी से निलंबित नहीं किया है। गौरतलब है कि दार्जिलिंग के साथ रायगंज और बालुरघाट लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होगा।

## सार संक्षेप

### कश्मीर में आठ ड्रग तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने आठ कुख्यात ड्रग तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तस्करों को हिरासत में ले लिया गया है और बाद में जम्मू के सेंट्रल जेल कोट-भलवाल भेज दिया गया। आरोपी बांदी, कुंजर, ओगमुना, पट्टन, मिरगुंड वागुरा, क्रेरी और जिले के अन्य क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को ड्रग्स की आपूर्ति करके नशीली दवाओं के दुरुपयोग को बढ़ावा देने में शामिल थे।

### महाराष्ट्र में तीसरे चरण को 258 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

**मुंबई।** महाराष्ट्र में तीसरे चरण में आगामी 7 मई को 11 संसदीय सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए 59 उम्मीदवारों के नामांकन वापस लेने के बाद अब 258 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी बयान के मुताबिक सबसे ज्यादा 38 उम्मीदवार बारामती लोकसभा सीट पर मैदान में हैं। इसके बाद माधा में 32, उस्मानाबाद में 31, लातूर में 28, हटकनंगले में 27, कोल्हापुर में 23, सोलापुर में 21, सांगली में 20, सतारा में 16, रायगढ़ में 13 और सिंधुदुर्ग में 9 उम्मीदवार हैं।

### तेलंगाना के पेद्दापल्ली में निर्माणाधीन पुल ढहा

**पेद्दापल्ली।** तेलंगाना में पेद्दापल्ली जिले के ओडेडु मुत्तारम मंडल में सोमवार देर रात को एक निर्माणाधीन पुल ढह गया। पुलिस के अनुसार, पेद्दापल्ली जिले के ओडेडु और जयशंकर भूपालपल्ली जिले के गार्मिलपल्ली के बीच मनेरु धारा पर बने पुल का निर्माण 2016 में शुरू हुआ था। हालांकि, बदलते ठेकेदारों और धन की कमी के कारण निर्माण कार्य में लगातार देरी हो रही थी। स्थानीय लोगों ने अंतरिम रूप से एक अस्थायी मार्ग का उपयोग करना शुरू कर दिया। घटना रात के दौरान होने से जनहानि टल गई। घटना की जानकारी मिलने पर अधिकारियों ने मंगलवार सुबह घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति का आकलन किया।

### ओडिशा एसटीएफ ने दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस की विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर सहित दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1.100 किग्रा से अधिक प्रतिबंधत ब्राउन शुगर (हेरोइन) बरामद की है। एसटीएफ सूत्रों ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सोमवार सुबह तलचेर में अंगुल जिला पुलिस की मदद से भुवनेश्वर एसटीएफ की एक टीम ने छापेमारी की थी। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान एक अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

## दल बदल कानून को बनाया जाना चाहिए सख्त : वेंकैया

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व उपराष्ट्रपति एवं वेंकैया नायडू ने कहा है कि दल बदल कानून को सख्त बनाया जाना चाहिए और निशुल्क सुविधाओं को हतोत्साहित किया जाना चाहिए। नायडू ने मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में नैतिकता का महत्व घट रहा है। यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को चुनावी वादों के दौरान निशुल्क सुविधा और वस्तुएं देने के वादों से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब राजनीतिक दल निशुल्क सुविधा और वस्तु देने का वादा करें तो उन्हें उसे जुटाने के संसाधनों का ब्यौरा भी देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आम जनता को भी नेताओं से यह सवाल करने चाहिए कि इसके लिए संसाधन कहां से आएंगे। यह कार्यक्रम नायडू को पद विभूषण सम्मान से सम्मानित होने के उपलक्ष्य में किया आयोजित गया था। नायडू ने राजनेताओं के एक दल से दूसरे दल में जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दल बदल विरोधी कानून को सख्त बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह गलत राजनीतिक प्रथा है और इस पर अंकुश लगाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जो राजनेता अपने प्रतिद्वंदी के लिए गलत भाषा का प्रयोग करते हैं, जनता को उन्हें नकार देना चाहिए। पूर्व उपराष्ट्रपति ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में बढ़ चढ़कर योगदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवाओं को सार्वजनिक जीवन में सक्रियता से भाग लेना चाहिए।



## देश में नफरत की राजनीति कर रहे मोदी : मुकेश सहनी

■ महागठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को किया संबोधित

■ मछली हम खाते हैं और कांटा मोदी के गले में फंस जाता है

**पटना,**23 अप्रैल (देशबन्धु)। विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमो और बिहार के पूर्वमंत्री मुकेश सहनी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर जोरदार कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जिस तरह दिन भर में पांच बार कपड़ा बदलते हैं, वैसे ही अलग-अलग जाति और धर्म के लोगों को देखने के लिए अपना चश्मा भी बदलते रहते हैं। पीएम मोदी अलग-अलग धर्मों और जाति के लोगों को वह अलग-अलग चश्मे से देखते हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ मंगलवार को पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर और मुंगेर में महागठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुकेश सहनी ने कहा कि प्रधानमंत्री देश मे नफरत की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह धर्म और जाति के नाम पर लोगों को लड़वाते हैं। जबकि एक सरकार का काम लड़ाई खत्म करवाना होता है। मुकेश सहनी ने कहा कि हम उनको सही बात बताना चाहते हैं। विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमो और बिहार के पूर्वमंत्री मुकेश सहनी ने जोर देकर कहा कि 10 साल बाद भी प्रधानमंत्री को मंदिर-मस्जिद और हिन्दू-मुसलमान के नाम पर वोट मांगना पड़ रहा है। मोदी जी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि मछली हम और तेजस्वी जी खाते हैं और कांटा मोदी के गले में फंस जाता है। प्रधानमंत्री पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि अब उन्हें 10 साल पहले किये गए वादे याद नहीं रहे। उन्होंने लोगों से मोदी सरकार को बदलने की अपील करते हुए कहा कि हम लोग दो बार गलती कर चुके हैं और अगर तीसरी बार गलती कर दी तो आने वाली पीढ़ी भी हमें माफ नहीं करेगी। उन्होंने लोगों को गरीबों और किसानों के कल्याण वाली सरकार के लिए महागठबंधन के प्रत्याशियों को वोट देने की अपील की।



दस साल बाद भी प्रधानमंत्री को हिन्दू-मुसलमान के नाम पर वोट मांगना पड़ रहा : मुकेश सहनी

### दूसरे को गाली देना राजद की पहचान : सम्राट चौधरी

**पटना।** आरजेडी एमएलसी द्वारा चिराग पासवान की मां के बारे में टिप्पणी करने पर भाजपा ने भी हमला बोला है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि यह राजद की संस्कृति है और वह इसके लिए ही जाना जाता है। दूसरे को गाली देना और समाज के लिए कोई काम नहीं करना इनकी पहचान है। लालटेन का मतलब ही है लालू प्लस टेन इज इक्वल टू लालटेन। बता दें कि तेजस्वी की सभा में चिराग को गाली देने का मामला चुनाव आयोग पहुंच चुका है। एनडीए प्रतिनिधिमंडल ने पिछले दिनों राज्य निर्वाचन आयोग पहुंचकर आरजेडी और इंडी गठबंधन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी हालांकि इस मामले में फिलहाल चुनाव आयोग की तरफ से कोई एक्शन नहीं लिया गया है। खुद चिराग पासवान ने भी तेजस्वी यादव को पत्र लिखकर उनकी रैली में शामिल असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। लोकसभा चुनाव के बीच पक्ष और विपक्ष के नेता शब्दों की मर्यादा को तार-तार कर रहे हैं। पिछले दिनों तेजस्वी यादव की सभा में उनके सामने ही चिराग पासवान की मां को गालियां दी गई। इसे लेकर बिहार की सियासत में खूब बयानबाजी हुई। अब आरजेडी की एक महिला एमएलसी ने चिराग पासवान की मां को लेकर अपशब्द कहे हैं। इसको लेकर बीजेपी ने आरजेडी का असली मतलब समझाया है।



## देश को एक बड़े आसन्न खतरे से बचाने को आम चुनाव महत्वपूर्ण : पिनाराई विजयन

■ भाजपा पर लगाया केरल विरोधी दृष्टिकोण का आरोप

**कन्नूर,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। केरल के मुख्यमंत्री एवं मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) पोलित ब्यूरो सदस्य पिनाराई विजयन ने मंगलवार को पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण रखने और हाल ही में एक चुनावी रैली में कथित 'नफरत फैलाने वाले भाषण' के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के लिए चुनाव आयोग की भी कड़ी आलोचना की। वामपंथी नेता ने विश्वास जताया कि माकपा के नेतृत्व वाला वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) अपने राज्य से लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य भर में वाम समर्थक लहर देखी जा रही है जैसा कि उन्होंने सभी 20 संसदीय सीटों पर प्रचार के बाद देखा है। विजयन ने कहा कि देश को एक बड़े आसन्न खतरे से बचाने के लिए 2024 का आम चुनाव महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह संवैधानिक अधिकारों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और साथ ही नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को पिछले 10 वर्षों में जन विरोधी और सांप्रदायिक एजेंडा लागू करने के लिए दंडित करने का अवसर भी देगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सत्ता में रहते हुए संविधान के सभी मूल मूल्य खतरे में हैं, इसलिए लोगों को समझदारी से सोचना चाहिए और धर्मनिरपेक्ष मोर्चे की सरकार के पक्ष में मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे देश में राजग सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का केरल विरोधी दृष्टिकोण है।



अपनी धर्मनिरपेक्ष सोच की रक्षा करेगा केरल : पिनाराई विजयन

### सीएए को लागू करना है संघ का एजेंडा

किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में त्रिकोणीय लड़ाई के सभी दावों को खारिज करते हुए विजयन ने कहा कि राजग उम्मीदवार केरल के सभी 20 लोकसभा क्षेत्रों में तीसरे स्थान पर आएंगे। दक्षिणपंथी दलों के साथ ही वामपंथी गठबंधन सहयोगियों पर भी कड़ा प्रहार करते हुए विजयन ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एजेंडा सीएए को लागू करना है लेकिन यूडीएफ के सभी 18 सांसदों ने एक बार भी देश के हित में अपनी आवाज नहीं उठाई।

## वोट डालने वाले ग्राहकों को 15 फीसदी की छूट

**कोच्चि,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। केरल में 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान के महत्व पर जागरुकता के प्रसार के तहत देश के सबसे बड़े मनोरंजन पार्क वंडरला हॉलिडेज लिमिटेड ने वोट डालने वाले ग्राहकों के लिए 15 प्रतिशत छूट की पेशकश की है। यह ऑफर 26 से 28 अप्रैल तक वंडरला कोच्चि पार्क में ऑनलाइन बुकिंग के लिए विशेष रूप से लागू किया गया है।

ग्राहक अब अपने टिकट की प्री-बुकिंग कर सकते हैं। उनके मतदान चिह्नों को पार्क के प्रवेश करने के दौरान सत्यापित किया जाएगा जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्होंने अपना वोट डाला है। वंडरला हॉलिडेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अरुण चित्तिलापिल्ली ने इस पहल के संबंध में कहा कि जिम्मेदार नागरिक होने के नाते मतदान करना देश के प्रति हमारा कर्तव्य है। हम दृढ़ता से मानते हैं कि वंडरला में यह पहल नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में एक छोटी सी पहल है।

## कर्नाटक के साथ हो रहा बहुत बड़ा अन्याय : सुरजेवाला

**बेंगलुरु,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बेंगलुरु के निर्धारित दौरे से पहले कांग्रेस के प्रमुख नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला और उन पर महत्वपूर्ण सूखा राहत कोष को रोककर कर्नाटक के खिलाफ बदले की राजनीति में शामिल होने का आरोप लगाया। सुरजेवाला ने आक्रामक रुख अपनाते हुए सीधे शाह पर निशाना साधा और सूखा राहत के लिए निर्धारित 18,172 करोड़ रुपए जारी किए बिना कर्नाटक में कदम रखने के केंद्रीय गृह मंत्री के अधिकार पर सवाल उठाया। सुरजेवाला ने कहा कर्नाटक के साथ बहुत बड़ा अन्याय हो रहा है। कर्नाटक के खिलाफ मोदी सरकार की प्रतिशोध की राजनीति खत्म होनी चाहिए। शाह को हमारा पैसा जारी किए बिना कर्नाटक आने का कोई अधिकार नहीं है। सिद्दारमैया, उपमुख्यमंत्री शिवकुमार और सुरजेवाला समेत कांग्रेस नेताओं ने मंगलवार को विधान सौध में विरोध प्रदर्शन किया। सिद्दारमैया ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उंगली उठाई और उन पर सूखा राहत के लिए आवश्यक धन जारी नहीं करने का आरोप लगाया।



मोदी सरकार पर लगाया बदले की राजनीति करने का आरोप

**पर्यटन** *कश्मीर पर्यटकों के लिए खूबसूरती को निहारने का अभी भी प्रथम गंतव्य*

# अप्रैल के पहले सप्ताह में 105,861 पर्यटकों ने किए ट्यूलिप के दीदार

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। ऐसे में जबकि वसंत ऋतु बड़ी संख्या में पर्यटकों को कश्मीर घाटी की ओर आकर्षित कर रही है, कश्मीर पर्यटन उद्योग के हितधारक इस वर्ष भी अधिक जीवंत पर्यटन सीजन की उम्मीद कर रहे हैं। यह सच है कि इस साल की शुरुआत से ही कश्मीर घाटी दूर-दूर से रिकार्ड संख्या में पर्यटकों को आकर्षित कर रही है।

पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों का मानना है कि इस साल कश्मीर में पर्यटन उद्योग उल्लेखनीय वृद्धि के लिए तैयार है, पर्यटकों की संख्या पिछले साल की संख्या को पार करने की उम्मीद है। प्रासंगिक रूप से, वसंत ऋतु के दौरान घाटी की लुभावनी सुंदरता एक मनोरम परिदृश्य बनाती है जो अद्वितीय है जो पर्यटकों के लिए एक आदर्श और यादगार अनुभव है। कश्मीर टूरिस्टों को कितना अपनी ओर खींच रहा हे ये आंकड़े बयां करते थे। ट्यूलिप गार्डन को ही लें जो 23 मार्च को अपने उद्घाटन के बाद से 3,99,138 आगंतुकों का स्वागत कर चुका है। सीजन में अभी भी एक सप्ताह से अधिक बाकी है। इस आंकड़े में 2,738 विदेशी पर्यटक, 3,06,230 राष्ट्रीय पर्यटक और 90,170 स्थानीय पर्यटक शामिल हैं। एक दिन में सबसे अधिक भीड़ 11 अप्रैल को दर्ज की गई, ईद-उल-फितर के दूसरे दिन, जब 30,600 से अधिक लोग बगीचे में आए। इनमें से 18,888 स्थानीय, 11,693 राष्ट्रीय पर्यटक और 78 विदेशी पर्यटक थे। गौरतलब है कि अप्रैल महीने के पहले सप्ताह में लगभग 105,861 पर्यटकों ने कश्मीर के ट्यूलिप गार्डन का दौरा किया। सप्ताह के पिछले 11 दिनों में घरेलू और विदेशी दोनों आगंतुकों सहित। इस महीने अब तक स्थानीय और विदेशी सहित आगंतुकों की कुल संख्या 105,861 से अधिक हो गई है। इसके अतिरिक्त, अप्रैल की शुरुआत में देश के विभिन्न हिस्सों से 100,334 पर्यटकों ने उद्यान का दौरा किया। अधिकारियों को उम्मीद है कि पर्यटकों की संख्या में पिछले रिकार्ड को पार करने की उम्मीद है। कश्मीर चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष जावेद अहमद टेंगा कहते थे कि पर्यटन उद्योग हमारी अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, और वसंत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण समय है।



■ पर्यटकों की संख्या में पिछले रिकार्ड को पार करने की उम्मीद

हम इस वर्ष भी पर्यटकों के आगमन में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि कश्मीर इस साल भी सबसे अधिक पसंद किया जाने वाला पर्यटन स्थल बन जाएगा। वे कहते थे कि वसंत वह समय है जब पर्यटन सीजन कश्मीर घाटी के लिए चरम पर्यटन सीजन की शुरुआत का प्रतीक है। जैसे ही पूरी घाटी रंगों से जीवंत हो जाती है, बड़ी संख्या में पर्यटक इस आश्चर्यजनक परिवर्तन को देखने के लिए आते हैं। इन दिनों पर्यटकों को इन उद्यानों में टहलते, वसंत के सार को अपनी तस्वीरों में कैद करते और शांत वातावरण में डूबते हुए देखा जा सकता है। इस मौसम के दौरान प्रमुख आकर्षणों में से एक है खिलते हुए बाग-बगीचे और सरसों का फूल, जो रंग-बिरंगे फूलों की कतार में बदल जाता है।

मास्टर जी : संगठन में ही शक्ति है का एक अच्छा सा उदाहरण दो...!
छात्र : जेब में एक बीड़ी हो तो टूट जाती है और पूरा बंडल हो तो नहीं टूटता...!
बेचारे मास्टर जी अब तक बेहोश हैं...!



# केजरीवाल के लिए यातना गृह बना तिहाड़ जेल : संजय

## पीएमओ पर लगाया तिहाड़ जेल से सीसीटीवी कैमरे का लिंक मंगाकर देखने का आरोप

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के लिए तिहाड़ जेल यातना गृह बन गया है। प्रधानमंत्री और एलजी 24 घंटे केजरीवाल पर नजर रख रहे हैं। पीएमओ तिहाड़ जेल से सीसीटीवी कैमरे का लिंक मंगाकर देख रहा है कि केजरीवाल क्या कर रहे हैं। उन्होंने प्रश्न किया कि क्या मोदी और एलजी यह देखना चाहते हैं कि जेल में अरविंद केजरीवाल की किडनी, लीवर या स्वास्थ्य खराब हुआ या नहीं।

मोदी को देश में बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी और महिलाओं की सुरक्षा की चिंता करनी चाहिए, लेकिन उनको तो केजरीवाल का मनोबल तोड़ने की चिंता है। मेरी सलाह है कि अगर प्रधानमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुकाबला करना चाहते हैं, तो वो भी काम की राजनीति करें और केजरीवाल की तरह अच्छे स्कूल, अस्पताल और सड़के बनाकर दिखाएं। मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर 'आप' के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि दल्ली का



मोदी को देश में बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी की सुरक्षा की चिंता करनी चाहिए लेकिन उनको तो केजरीवाल का मनोबल तोड़ने की चिंता है : संजय सिंह

तिहाड़ जेल अरविंद केजरीवाल के लिए एक यातना गृह बन गया है। हिटलर भी अपने विरोधियों को यातनागृह में रखता था। अरविंद केजरीवाल को 24 घंटे पीएमओ और एलजी की निगरानी में रखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और उनका कार्यालय 24 घंटे सीसीटीवी का लिंक मंगाकर देखते हैं कि अरविंद केजरीवाल क्या कर रहे हैं। आखिर इतनी निगरानी क्यों है, मोदीजी क्या देखना चाहते हैं। क्या वो ये देखना चाहते हैं कि अरविंद केजरीवाल को दवा मिली या नहीं, उन्हें खाना मिला या नहीं, वो कितना पढ़-लिख रहे हैं, कितना सो रहे हैं कितना जग रहे हैं। 24 घंटे सीसीटीवी का लिंक आपके पीएमओ को क्यों चाहिए। क्या आप इसकी निगरानी कर रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल का मनोबल कितना गिरा, कितना वो टूटे और झुके हैं। प्रधानमंत्री क्या देखना चाहते हैं कि उन्होंने एलजी कार्यालय को भी इसी काम में लगाता हुआ है। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के एलजी, दिल्ली की जनता का काम छोड़कर ये देखने में लगे हुए हैं कि अरविंद केदरीवाल को कितनी प्रताड़ना और यातनाएं दी जा रही हैं, वो 24 घंटे अपना पूरा ध्यान इसी में लगा रहे हैं।

अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के बच्चों की अच्छी शिक्षा का इंतजाम किया, बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थयात्रा का इंतजाम किया, फ्री बिजली, पानी का इंतजाम किया। उनसे मोदी को क्या दुश्मनी है। उन्होंने आईआरएस की नौकरी छोड़ दी, 49 दिन में मुख्यमंत्री की कुर्सी को लात मार दिया, जबकि कोई चपरासी की भी नौकरी नहीं छोड़ना चाहता है। मोदी उस अरविंद केजरीवाल के मनोबल को गिराना चाहते हैं। आपके इस अन्याय और अत्याचारपूर्ण व्यवहार को देखकर अरविंद केजरीवाल के बूढ़े मां-बाप जो खुद बीमारी की हालत में हैं, उन्हें दुख होता है। उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल अपने पति के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहती हैं। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि जब प्रधानमंत्री सब देश रहे हैं तो ये भी देख रहे होंगे कि अरविंद केजरीवाल जेल में रोज झाड़ू लगाते हैं। जितना केजरीवाल जेल में झाड़ू लगाएं, बाहर बीजेपी का पूरे देश से उतना ही सफाया होगा। अब पहले चरण के चुनाव के बाद आपकी बौखलाहट भी यही संदेश दे रही है। पीएमओ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एलजी साहब और उनका कार्यालय सारे नियम कानून को तोड़कर जेल में अरविंद केजरीवाल के सीसीटीवी का फुटेज मंगाकर उनके ऊपर निगरानी कर रहे हैं।

### भाजपा को करनी चाहिए सिर्फ काम की राजनीति : सिंह

राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली और देश के लोग उन्हें बहुत प्यार करते हैं वो पिछले 23 दिनों से चिंतित हैं कि अरविंद केजरीवाल को दवा और इंसुलिन क्यों नहीं दी जा रही है। एक आदमी जो लोगों की शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए काम कर रहा था आज खुद उसे ही दवा नहीं दी जा रही है। अगर प्रधानमंत्री को अरविंद केजरीवाल से कंपटीशन करना है तो काम की राजनीति करनी होगी। आप भी केजरीवाल की तरह ढेर सारे अच्छे स्कूल, अस्पताल, सड़के बनाइए। देश में महंगाई कम कीजिए। महिलाओं की सुरक्ष के लिए कामं कीजिए। आपको युवाओं के रोजगार, किसानों के आत्महत्या, महिलाओं की सुरक्षा और देश को आगे ले जाने के बार में चिंता करनी चाहिए। लेकिन आपको चिंता है कि अरविंद केजरीवाल का मनोबल कैसे गिरेगा, उनको प्रताड़ित कैसे किया जाएगा। आप तीन बार के निर्वाचित एक मुख्यमंत्री की 24 घंटे सीसीटीवी से निगरानी कर रहे हैं। इस व्यवहार और हिटलरशाही के साथ बड़े-बड़े तानाशाह इस दुनिया से चले गए। आपकी भी सत्ता को जाना होगा। आपके इस अत्याचार को पूरा देश देख रहा है।

# उत्तर रेलवे बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध : शोभन चौधुरी



- रेलगाड़ियों व रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छ व पौष्टिक खाने की होगी उपलब्धता
- प्लेटफॉर्म पर सामान्य श्रेणी के डिब्बों के निकट इकोनॉमी, स्नैक्स, कॉम्बो मील व किफायती दामों पर बोतलबंद पेयजल का प्रावधान

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय रेल समाज के सभी वर्गों के लिए यातायात का एक बहुत बड़ा माध्यम है। रेलवे समस्तजनों की आकांक्षाओं को पूरा करने का भरसक प्रयास करती है। इस सम्बन्ध में रेल यात्रियों को कम मूल्य पर पौष्टिक और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती है। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने बताया कि रेलयात्रियों को स्वच्छ रूप से तैयार किया गया पौष्टिक इकोनॉमी खाना उपलब्ध कराया जा रहा है। इकोनॉमी खाना की गुणवत्ता और स्वच्छता को बनाये रखने के लिए निगरानी भी की जा रही है। उत्तर रेलवे अपने सभी उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। रेलगाड़ियों के सामान्य डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों को सस्ता खाना, स्नैक्स/कॉम्बो मील और किफायती दर पर पैकेटबंद पेयजल की सेवा प्रदान करने के लिए प्लेटफॉर्म पर सामान्य श्रेणी के डिब्बों के लगने के निकट सस्ता खाना, स्नैक्स/कॉम्बो मील का प्रावधान किया गया है। 20 रुपए के मूल्य पर उपलब्ध कराए जाने वाले इकोनॉमी खाना के अन्तर्गत सात पूरियां (175 ग्राम), आलू की सूखी सब्जी (150 ग्राम) और अचार होता है। 50 रुपए मूल्य पर उपलब्ध कराए जाने वाले 350 ग्राम के स्नैक्स मील के अंतर्गत दक्षिण भारतीय चावल अथवा राजमा/छोले-चावल अथवा खिचड़ी अथवा कुलचे/भटूरे-छोले अथवा पाव भाजी अथवा मसाला डोसा होता है।

## सार संक्षेप

### हनुमान जयंती पर भंडारे का किया गया आयोजन



**नई दिल्ली।** हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को नई दिल्ली इलाके में जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। एनडीएमसी इलाके के अतुल ग्रोबर रोड पर दोपहर हनुमान जी का प्रतिमा रखकर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर आयोजक नरेश गुप्ता ने बताया कि कनॉट प्लेस इलाके में वह कई सालों से हनुमान जयंती मनाते आ रहे हैं। आज सुबह से ही भंडारे का प्रसाद लेने के लिए लंबी-लबी लाइन लगी हुई थी। सैकड़ों लोगों ने भंडारे का प्रसाद लिया। इस अवसर पर अमित झा, सुनील कुमार, अशोक ठाकुर, पप्पू, अनुराधा, राकेश कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

### दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सलाहकार की जांच करेगी एसीबी

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सलाहकार अंकित श्रीवास्तव के खिलाफ सतर्कता विभाग (एसीबी) ने एंटी करप्शन ब्यूरो को मामला भेजा है। इसमें कहा गया है कि एसीबी मामले की जांच करें। सतर्कता विभाग के विशेष सचिव वाईवीवीजे राज शेखर ने एसीबी के संयुक्त आयुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि अंकित श्रीवास्तव मौजूदा समय में भी दिल्ली जल बोर्ड के आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप के सदस्य बने हुए हैं। वह ग्रुप में बोर्ड के अधिकारियों को आदेश व निर्देश दे रहे हैं, जबकि उन्हें सलाहकार के पद से हटा दिया गया है। वह मौजूदा समय में मुख्यमंत्री के आवास कैंप ऑफिस के नाम पर आदेश दे रहे हैं। उन्होंने पत्र में लिखा कि दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े मामले की जांच सीबीआई और ईडी कर रही है। इससे पहले बीती नौ अप्रैल 2024 को प्रदेश भाजपा ने दावा किया था कि दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने सर्वोच्च न्यायालय को जानकारी दी है कि जल बोर्ड के पास बीते नौ साल में 28,400 करोड़ रुपये का कोई हिसाब नहीं है। इसे बड़ा घोटाला करार देते हुए भाजपा ने इस पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। भाजपा विधायकों ने एक मंच से दिल्ली सरकार को घेरा था। पार्टी का आरोप था कि 2013 से जल बोर्ड में घोटालों का खेल शुरू हो गया था। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा था कि एक तरफ दिल्ली की जल मंत्री आतिशी कहती है कि उन्हें पैसा नहीं दिया जा रहा है। वहीं, 2016-17 से अब तक जल बोर्ड के खाते का ऑडिट ही नहीं किया गया।

### कलर्स ने 4डी मंदिर का अनावरण किया

**नई दिल्ली।** एक बेहतरीन सफर को शुरू करते हुए, कलर्स ने दिल्ली के बीचों-बीच अभूतपूर्व और अपनी तरह के पहले आकर्षक 4डी मंदिर का अनावरण किया। आर्किटेक्चर का यह चमत्कार 12 फीट ऊंचा था, जिसने भक्तों को बिल्कुल अनन्य तरीके से 'लक्ष्मी-नारायण' का दर्शन पाने का असाधारण अवसर दिया। इस दिव्य जोड़े, भगवान नारायण और देवी लक्ष्मी की प्रभावशाली उपस्थिति में डूबकर, सभी दर्शनार्थियों को अद्भुत अनुभव मिला। यह इंटरैक्टिव मंदिर लाजपत नगर, बिड़ला मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर और प्राचीन हनुमान मंदिर में स्थापित किया गया था, जहां हनुमान जयंती पर सबसे अधिक श्रद्धालु आते हैं। 'हर घर में हैं लक्ष्मी नारायण' के विश्वास को कायम रखते हुए, कलर्स की पौराणिक महागाथा 'लक्ष्मी नारायण' का प्रीमियर 22 अप्रैल को हुआ। हर सोमवार से शुक्रवार रात 10:00 बजे प्रसारित होने वाली, यह गाथा सुख, सामर्थ्य और संतुलन के भाव को गहराई से उजागर करते हुए, दर्शकों को अपने जीवन में विपुलता और संतुलन को अपनाने की राह दिखाती है।

# गाजीपुर लैंडफिल साइट पर अब उड़ने लगी धूल

## आसपास के नागरिकों के सामने सांसों का संकट

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। गाजीपुर लैंडफिल साइट पर आग लगने के बाद उड़ी धूल-राख से आस पास की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों की सांसों पर संकट बन आया। मंगलवार शाम को आई आंधी से हालत ज्यादा ही खराब हो गए। लोगों की सांस फूल गई, उलझन भी महसूस हुई। हल्की बारिश से कुछ हद तक राहत मिली। इस संकट से निजात दिलाने के लिए लैंडफिल साइट पर वाटर स्प्रिंकल तैनात किए गए हैं। लैंडफिल साइट पर करीब 36 घंटे तक तेज आग जलती रही। रविवार को दोपहर में यहां आग लगी और पूरी रात धू-धू कर जलती रही। इसे बुझाने के लिए दमकल विभाग के कर्मचारियों को खासा मशक्कत करनी पड़ी। सोमवार को पूरा दिन आग बुझाने की कोशिश की गई। एमसीडी के मुताबिक शाम को करीब 90 फीसदी तक आग पर काबू पा लिया गया। मंगलवार को कूड़े में आग सुलगती रही। शाम को आई आंधी से



आस पास के इलाके में धूल और राख फैल गई, जिससे लोग खासा परेशान हुए। दिल्ली के गाजीपुर लैंडफिल में लगी आग पर स्थानीय लोगों प्रतिक्रिया दे रहे हैं। गाजीपुर की रहने वाली एक महिला नाजरा ने कहा कि मैं यहां रहती हूं और धुएं से आंखों में परेशानी हो रही है। हमें सांस लेने में भी दिक्कत हो रही है। पूरी कॉलोनी परेशान है। आग कूड़े के पहाड़ के ऊपरी हिस्से में लगी थी। इसकी वजह से दमकल कर्मियों को वहां पहुंचने में खासी दिक्कत हुई। देर रात तक आग पर काबू नहीं पा जा सका था। दमकल कर्मियों का कहना था कि कूड़े के पहाड़ में लगी आग अक्सर

### लैंडफिल साइट के तीन हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में फैली थी आग

एमसीडी ने जानकारी दी कि लैंडफिल साइट के तीन हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में आग फैली थी, आग पर काबू पाने के लिए इनर्ट और निर्माण व विध्वंसक मलबे का इस्तेमाल किया गया। दूसरी तरफ दमकल की गाड़ियों ने पानी की धार से आग को काबू किया। करीब 600 मीट्रिक टन इनर्ट का इस्तेमाल किया गया। 16 एक्सकेवेटर, चार बुलडोजर और आठ दमकल की गाड़ियां मौके पर लगाई गईं। मौजूदा समय चार से ज्यादा वाटर स्प्रिंकलर मौके पर तैनात किए हैं। राजधानी का पारा चढ़ते ही आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी हो जाती है। रविवार को पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर स्थित कूड़े के पहाड़ में आग लग गई देखते ही देखते आग ने कूड़े के पहाड़ के एक बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया।



■ नई दिल्ली के जहांगीरपुरी में उच्च सुरक्षा व्यवस्था के बीच हनुमान जयंती समारोह के दौरान जुलूस में भाग लेते भक्त। फोटो : इम्तियाज खान

# हिंदी भाषा को प्रोत्साहित करने को हिंदी कार्यशाला आयोजित

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम ने राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए तथा दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर स्थित सभा भवन में आज हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर हिंदी भाषा में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हिंदी सामान्य ज्ञान क्विज़ प्रतियोगिता, हिंदी काव्य, गीत प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त, बी. पी. भारद्वाज भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में निगम कर्मियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपायुक्त, बी. पी. भारद्वाज ने कहा कि हिन्दी हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति, सभ्यताएं और संस्कार की संवांहिका है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की वैचारिक एवं सामाजिक एकता का आधार ही भाषा होती है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने सभी निगम कर्मचारियों को सरकारी काम काज में हिंदी भाषा का ज़्यादा से ज़्यादा प्रयोग करने की बात की।



# भाजपा के सभी उम्मीदवारों ने पढ़ा सामूहिक हनुमान चालीसा

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। देशभर में मंगलवार को हनुमान जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दिल्ली में भी कई स्थानों पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। दिल्ली में भाजपा के सभी प्रत्याशी हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित सामूहिक चालीसा पाठ में शामिल होने के लिए हनुमान मंदिर पहुंचे। नई दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज से लेकर पश्चिमी दिल्ली की उम्मीदवार कमलजीत सेहरावत तक सभी ने अपने-अपने क्षेत्र के प्रसिद्ध हनुमान मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उत्तर पूर्वी दिल्ली से सांसद और एक बार फिर से चुनावी मैदान में उतरे मनोज तिवारी दिल्ली के सबसे प्राचीनतम एवं प्रसिद्ध जमुना बाजार स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे। दक्षिण दिल्ली से उम्मीदवार रामवीर सिंह विधूड़ी ने कात्यायनी शक्तिपीठ मंदिर छतरपुर में ईश्वर का आशीर्वाद लिया। पूर्वी दिल्ली से उम्मीदवार हर्ष मल्होत्रा मयूर विहार



स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे। उत्तर पश्चिमी दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार योगेंद्र चंदोलिया बुध बाजार रोड स्थित मंदिर गए। चांदनी चौक के प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल अशोक विहार के सनातन धर्म मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे।

दूसरी तरफ, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने हनुमान जयंती पर कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। केजरीवाल सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने चिराग दिल्ली इलाके में हनुमान शोभायात्रा का आयोजन रखा।

# हेड कांस्टेबल रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने मंगलवार को दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। सीबीआई ने दिल्ली पुलिस थाना-शाहदरा के हेड कांस्टेबल और अन्य अज्ञात के खिलाफ एक शिकायत पर मामला दर्ज किया। शिकायतकर्ता के अनुसार हेड कांस्टेबल ने उसके घर के निर्बाध निर्माण की अनुमति देने के लिए शिकायतकर्ता से 30 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। बातचीत के बाद वह 20 हजार रुपए लेने पर राजी हो गया था। सीबीआई ने इस मामले पर कार्रवाई करने के लिए एक जाल बिछाया और आरोपी को शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी के ठिकानों पर तलाश जारी है।




ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4 ग्रेटर नोएडा सिटी
जि0-गौतमबुद्धनगर उ0प्र0
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि BHS07 आवासीय भवनों की योजना के अन्तर्गत भवन संख्या 46SF, Block-D, Area-32 Sqmt., Sector-Omicron-I, Allotment No.-BHS0775258, Greater Noida के आवंटी Smt. Gursharan Kaur W/o Sh. Manmohan Singh के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत/हस्तांरित है। आवंटी Smt. Gursharan Kaur की मृत्यु दिनांक 13.06.2015 को हो गयी है। मृतक आवंटी Smt. Gursharan Kaur के पुत्र Sh. Kunwar Deep Singh द्वारा उपरोक्त वर्णित भवन को प्रस्तुत प्रपत्रों/शपथ पत्रों/मृत्यु प्रमाण पत्र/वारिसान प्रमाण के आधार पर पूर्ण रूप से अपने पक्ष में म्युटेशन/नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस म्युटेशन के सम्बन्ध यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में स्वर्गीय Smt. Gursharan Kaur W/o Sh. Manmohan Singh के स्थान पर उनके पुत्र Sh. Kunwar Deep Singh S/o Sh. Manmohan Singh R/o Block-Gh1, Flat No.-723 Cretive Heights Society, Sector-29, Rohini, Sector-7, North West Delhi-110085. के नाम पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (सम्पत्ति)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा
जिला-गौतमबुद्धनगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 0102, 1st Floor, Tower-01, Area 232.91 Sqm. Unitech Cascades Sector-Pi-02, Greater Noida जो कि Mr. Satish K Gupta निवासी 44864, Vista Del Sol, Premont California-94539 (U.S.A) के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्धनगर में दिनांक-20.01.2020 को पंजीकृत है। Mr. Satish K Gupta की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी Mrs. Neera Gupta ने उक्त भूखण्ड/भवन को नामांतरण प्रस्तुत वारिसान के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्युटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mrs. Neera Gupta W/o Late Mr. Satish K Gupta का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

**आयोजन** *आयाम ने भरतनाट्यम के जरिए वैदेही की परिकल्पना को किया साकार*

# नृत्यांगना ने मंच पर लूटी कला प्रेमियों की वाहवाही

**नई दिल्ली, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली में भरतनाट्यम की परंपरा को आगे बढ़ाने का काम कर रही संस्था आयाम ने वैदेही की प्रस्तुति की। गुरु सिंधु मिश्रा के कुशल निर्देशन में प्रसिद्ध नृत्यांगना श्रुति वर्मा ने रामचरितमानस आधारित वैदेही की प्रस्तुति के जरिए सीता को नई आवाज दी। इस प्रस्तुति का मुख्य उद्देश्य था रामायण को नए रचनात्मक दृष्टिकोण के जरिए समाज को पेश करना, जिसमें सीता में प्रेम सहित अन्य गुणों का गहन अन्वेषण था।**

अमूमन हम देखते हैं कि तुलसीकृत रामचरित मानस में वैदेही त्याग की प्रतिमूर्ति हैं। लेकिन उनमें प्रेम सहित कई अन्य मानवीय गुण कूट-कूट कर भरे थे। इस प्रस्तुति को देखकर दर्शकों को इसका स्पष्ट आभास हुआ। श्रुति वर्मा ने अपनी गुरु सिंधु मिश्रा की नाट्य परंपरा को मंच पर बहुत अच्छे से प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति में प्रतिभा, परंपरा और कलात्मक नवाचार का उत्कृष्ट मिश्रण था। वैदेही की प्रस्तुति के दौरान श्रुति वर्मा को लाइव ऑर्केस्ट्रा का साथ मिला, जी इलंगोवन



कर्नाटक वोकल और बांसुरी पर, नितिन शर्मा हिंदुस्तानी वोकल पर, सचिन शर्मा तबला पर और डॉ. रमामूर्ति केशवन मृदंग पर श्रुति का साथ दे रहे थे। नटुवंगम स्वयं उनकी गुरु सिंधु मिश्रा ने प्रस्तुत किया। कंप्यूटर साइंस से ग्रेजुएट एवं कुशल नृत्यांगना श्रुति वर्मा ने इससे पहले कई महोत्सव में अपने ट्रूप के साथ मंच पर कलाप्रेमियों की वाहवाही लूटी है। यहां वैदेही के मंच पर उन्होंने अपने हाव-भाव एवं कुशल नृत्य से सीता के विभिन्न मानवीय पहलुओं, भावनाओं, राम के प्रति अटूट एवं स्थिर प्रेम भाव को मुखरता से उजागर किया। गुरु मिश्रा ने प्रख्यात गुरुओं केएन दक्षिणमूर्ति, केजे गोविंदराजन और कमलिनी दत्त के शास्त्रीय मार्गदर्शन में खुद को एक प्रतिष्ठित कलाकार के रूप में स्थापित किया है। आज की तारीख में वह अनोखी और सम्मोहक शैली की कोरियोग्राफर हैं, जिन्होंने अब तक देश भर में हाई-प्रोफाइल कार्यक्रमों और त्योहारों का सफल आयोजन एवं इवेंट को अत्यंत खूबसूरती से कोरियोग्राफ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

- रामचरितमानस आधारित वैदेही की प्रस्तुति के जरिए सीता को दी नई आवाज

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

"रेरा देश की लगभग 40 प्रतिशत शिकायतों का बोझ अकेले सम्भाल रहा है और यदि कोई गैर जिम्मेदार आवंटी इस प्रकार से बार-बार रेरा की पीठों का समय बर्बाद करता है, तो उन आवंटियों को न्याय प्राप्त होने में विलम्ब होना स्वभाविक है जिनकी पीड़ा वास्तविक है।"

**संजय भूसरेड्डी, रेरा अध्यक्ष उप्र**

## नोएडा में बदला मौसम, आंधी तूफान के साथ बारिश

**नोएडा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा में अचानक मौसम ने करवट बदल ली है। शाम के वक्त रात के जैसा अंधेरा छा गया और फिर कई हिस्सों में बारिश हुई है। इससे पहले सुबह और दोपहर के वक्त मौसम सामान्य था। दोपहर में पिछले कुछ दिनों की तरह आज भी धूप भी तेज

■ **अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड, कल भी छाए रहेंगे बादल**



थी। लेकिन अचानक नोएडा में मौसम का मिजाज बदला और आसमान में बादल छा गए। पहले पीले रंग का मौसम हो गया। जिसके बाद धूल भरी आंधी चली। इसके बाद हलकी बारिश होने लगी। आसमान में बादल भी गरज रहे थे।

इस दौरान नोएडा में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को भी हल्के बादल छाए रहेंगे। इसके बाद मौसम साफ होगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री तक रहेगा। इसके बाद आने वाले दिनों में तापमान तेजी से बढ़ेगा। 26 अप्रैल को यहां तापमाप 40 डिग्री तक जाएगा। फिलहाल मौसम बदलने से लोगों को तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। तेज हवा और बारिश ये यहां पेड़ों में लगे कीड़े भी हट गए। जिससे लोगों को राहत मिली।

### 70 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं

मौसम विभाग के अनुसार एनसीआर के अलग-अलग जगहों पर 40 से 70 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। नोएडा में हवा की रफ्तार भी 50 से 70 किमी प्रति घंटा रही। इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई। हालांकि अब तक कही से पेड़ गिरने या किसी प्रकार की अनहोनी की जानकारी नहीं मिली है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**जेवर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के गांव करौल में एक विवाहिता की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने देर शाम मृतका का शव ससुराल पक्ष को सौंप दिया। मृतका के भाई ने ससुराल पक्ष पर अपनी बहन को मारने के बाद फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। करौल गांव के रहने वाले लवकेश की शादी आठ वर्ष पूर्व बुलन्दशहर जिला के थाना पाहसू क्षेत्र के गांव अनोना के रहने वाली गुड़िया उर्फ पायल से हुई थी। इस दौरान उसने एक बेटे व एक बेटी को जन्म दिया। छोटी बेटी की उम्र अभी मात्र 6 माह ही थी। सोमवार को गुड़िया उर्फपायल का शव घर के कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव को



ससुराल पक्ष को सौंप दिया गया। सूचना पर पहुंचे मृतका के भाई अमित ने पति समेत 6 लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पीड़ित भाई का आरोप है कि बहन की ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे अंतिम संस्कार में

■ **मायके वालों ने लगाया हत्या करने का आरोप**
■ **पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद ससुराल पक्ष को सौंपा शव**
■ **अंतिम संस्कार में भाई को भी शामिल नहीं होने दिया**

भी शामिल नहीं होने दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार फांसी लगाकर दम घुटने से मौत होना बताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## व्यय प्रेक्षकों की अध्यक्षता में तृतीय व्यय निरीक्षण बैठक, नदारद रहे कई प्रत्याशियों के प्रतिनिधि

**गाजियाबाद,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में व्यय प्रेक्षक सौरभ नायक व टी.अरिवाझगन की अध्यक्षता में लोक सभा प्रत्याशियों के व्यय खातों का शेडो रजिस्टर से मिलान का तृतीय व्यय निरीक्षण बैठक मंगलवार को सम्पन्न हुई। जिसमें कई प्रत्याशियों के प्रतिनिधि नदारद रहे। कई प्रत्याशियों के रजिस्टर का नहीं हो पाया मिलान बैठक में लोकसभा प्रत्याशियों में भाजपा के प्रतिनिधि केवीसिंह, कांग्रेस के प्रतिनिधि अतुल शर्मा, बसपा के प्रतिनिधि लोकेश कुमार, राष्ट्रीय निर्माण पार्टी के प्रतिनिधि चन्द्रमोली शर्मा, राष्ट्रीय जन कर्मठ पार्टी के प्रतिनिधि अंशुल गुप्ता, समाज विकास पार्टी से प्रतिनिधि अंकुर त्यागी, राईट टू रिकॉल पार्टी की प्रत्याशी पूजा सक्सेना, अभिषेक पुण्डीर निर्दलीय, अवधेश कुमार निर्दलीय, औरंगजेब निर्दलीय, नत्थू सिंह चौधरी निर्दलीय, आनन्द सिंह निर्दलीय उपस्थित रहें। जबकि



■ **प्रत्याशियों के बैंक खाते से नहीं हुआ कोई भी लेन-देन**

सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभाष पार्टी) से धीरेन्द्र सिंह भदौरिया व रवि कुमार पांचाल निर्दलीय बैठक में अनुपस्थित रहे।

बैठक के दौरान शेडो रजिस्टर से मिलान करने पर प्रत्याशियों के व्यय खाते में अन्तर पाया गया। उनके द्वारा नगद और बैंक की डिटेल अप-टू-डेट नहीं पाई गई। वहीं कुछ प्रत्याशियों के बैंक खाते से कोई भी लेन-देन नहीं किया गया। जनता के अवलोकन के लिए प्रत्याशियों द्वारा किये गए खर्च का ब्यौरा रजिस्टर डीईओ पोर्टल डिस्ट्रीक इलैक्शन ऑफिसर गाजियाबाद के पोर्टल पर अपलोड रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से एडीएम एफआर सौरभ भट्ट, सीटीओ पुष्पांजलि, सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### मंदिरों में मनाई गई हनुमान जयंती



**नोएडा।** हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में सेक्टर-20 स्थित हनुमान मंदिर में हवन पूजन के साथ भव्य कार्यक्रम किए गए। इसमें केसी गुप्ता एंड पार्टी द्वारा सुंदर कांड के पाठ का भावनात्मक गुणगान किया गया। जिसे सुनकर भक्त भावविभोर हो गए। मंदिर समिति द्वारा प्रसाद के रूप में 51 किलो शुद्ध देसी घी के लड्डू का भोग हनुमान जी को लगाया गया। सुन्दर कांड के पाठ की समाप्ति के बाद सभी भक्तों के लिए मंदिर समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दूर से आये सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा नोएडा के अन्य मंदिर जिसमें सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर-12 स्थित कलरिया बाबा मंदिर, सेक्टर-49 मंदिर में भी भव्य कार्यक्रम किए गए।

### देह व्यापार के आरोपों के बाद ओयो ने होटल को किया ब्लैकलिस्ट

**नोएडा।** बीते दिनों बहलोलपुर गांव स्थित शीतला होटल में चल रहे देह व्यापार मामले का पर्दाफाश होने के बाद ओयो ने अब संबंधित होटल को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। होटल और कथित तौर पर अनैतिक कार्यों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ ओयो कानूनी कार्रवाई करने की योजना बना रही है। यह निर्णय तथ्यों और सभी परिस्थितियों की गहन समीक्षा के बाद लिया गया है। ओयो कंपनी ने दावा किया है कि जिन होटलों के साथ आयो का नाम जुड़ा है उन होटलों में गंदा काम अगर चलता है तो किया गया करार खत्म करके होटल के मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बीते दिनों सेक्टर-63 में बहलोलपुर स्थित शीतल होटल में नोएडा पुलिस ने एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया था। छापे के दौरान सेक्स रैकेट से जुड़े कई युवक व युवतियों को पकड़ा गया था। शीतला होटल के साथ ओयो का नाम जुड़ा होने के कारण कंपनी ने अपने स्तर से भी जांच की थी। जांच में शीतला होटल में सेक्स रैकेट के जरिए मोटी कमाई के धंधों का खुलासा हुआ था। जिसके बाद ओयो कंपनी ने नोएडा के शीतला होटल के साथ अपने समझौते को खत्म कर दिया है। ओयो कंपनी के उत्तर क्षेत्र के प्रमुख पावस कुमार ने बताया कि आयो अपने होटल परिसर में किसी भी प्रकार की अवैध या अनैतिक गतिविधियों को जरा भी बर्दाश्त नहीं करेगा और जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करेंगे।

### अलग-अलग जगहों से दो बाइक चोरी

**नोएडा।** अलग-अलग जगहों से मीडियाकर्मी समेत दो लोगों की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। सेक्टर-63 पुलिस को दी शिकायत में खोड़ा कॉलोनी निवासी शुभम कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल सुमन ऑटो बाजार सर्विस सेंटर के बाहर खड़ी की थी। वहां से अज्ञात बदमाशों ने उनकी बाइक चोरी कर ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं एक अन्य मामले में मीडिया संस्थान में काम करने वाले विपिन कुमार ने बताया कि 20 अप्रैल को उनके ऑफिस के बाहर से अज्ञात बदमाशों ने उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

## रेरा ने कानून की प्रक्रिया के दुरुपयोग के लिए शिकायतकर्ता पर लगाया पांच हजार का हर्जाना

**गाजियाबाद,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। उप्र रेरा के अध्यक्ष ने एक ऐसे शिकायतकर्ता पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया है, जिसने निर्णय होने के बावजूद आवंटी ने एक ही विषय पर रेरा में पहले ही दायर की थी तीन शिकायतें की थी।

आवंटियों द्वारा बड़ी संख्या में दायर शिकायतों के आधार पर उन्हें लगातार राहत प्रदान कर रहा है, वहीं कतिपय आवंटियों द्वारा उसी मामले में बार-बार शिकायतें दायर करके न्यायिक प्रक्रिया के दुरूपयोग के मामले भी प्रकाश में आ रहे हैं। एक ऐसा ही मामला जब अध्यक्ष उप्र रेरा की एनसीआर पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया तो उन्होंने यह पाया कि आवंटी द्वारा प्रश्नगत शिकायत साफ मंशा से नहीं फाइल की गई है, उसके द्वारा कानून की प्रक्रिया का दुरूपयोग किया जा रहा है और रेरा की पीठ का समय बर्बाद किया जा रहा है।

रेरा में इस आवंटी ने पहली शिकायत विलम्ब के लिए ब्याज सहित कब्जा दिलाने के लिए दायर की गई थी। रेरा की पीठ ने उसकी शिकायत पर यह निर्णय किया गया कि सम्बन्धित प्रोमोटर द्वारा रजिस्टर्ड सब-लीज डीड निष्पादित करते हुए उसको कब्जा प्रदान कर दिया जाए

■ **निर्णय होने के बावजूद आवंटी ने एक ही विषय पर रेरा में पहले ही दायर की थी तीन शिकायतें**

और कब्जे में विलम्ब के लिए ब्याज का भी भुगतान किया जाए। प्रोमोटर ने इस आदेश के अनुपालन में आवंटी को विलम्ब के लिए ब्याज का भुगतान, लगभग रुपए 02.68 लाख, करते हुए सब-लीज़ डीड निष्पादित कर दी गई और इकाई का कब्जा हस्तगत कर दिया गया। आवंटी ने इसी मामले में रेरा के एड्ज्यूडिकेटिंग ऑफिसर के न्यायालय में मुआवज़े के लिए शिकायत दायर की गई जिसमें रू. 50 हजार रुपए मुआवज़े के भुगतान का आदेश किया। उसी आवंटी ने रेरा में उसी मामले में फिर से कब्जे और विलम्ब के ब्याज के लिए शिकायत दायर कर दी गई। रेरा की सम्बन्धित पीठ द्वारा यह शिकायत इस आधार पर निरस्त कर दी गई कि आवंटी ने इस मामले में दायर एक अन्य शिकायत में पूर्व में निर्णय दिया जा चुका है और आवंटी को सब-लीज डीड के साथ कब्जा प्राप्त हो चुका है।

इतना ही नहीं इस आवंटी ने उप्र रेरा से नियमानुसार समस्त अनुतोष प्राप्त हो जाने के बाद भी उसे संतोष नहीं हुआ और उसके द्वारा रेरा में उसी मामले में चौथी शिकायत दायर करके ऐसे अनुतोष की मांग की गई। जिसके सम्बन्ध में रेरा के एड्ज्यूडिकेटिंग ऑफिसर ने अपने आदेश में पहले ही निर्णय दिया जा चुका था। यही नहीं, वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई के दौरान भी शिकायतकर्ता का आचरण अत्याधिक अनुचित पाया गया था। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी ऐसे मामलों में निरन्तर यह निर्णय दिए गए हैं कि पक्षकारों के लिए न्यायालय के समक्ष साफ मंशा से आना आवश्यक है और किसी भी पक्षकार को कानून की प्रक्रिया का दुरूपयोग करने तथा न्यायालय का समय और ऊर्जा बर्बाद करने की छूट नहीं है।

अध्यक्ष उप्र रेरा संजय भूसरेड्डी का कहना है कि रेरा देश की लगभग 40 प्रतिशत शिकायतों का बोझ अकेले सम्भाल रहा है और यदि कोई गैर जिम्मेदार आवंटी इस प्रकार से बार-बार रेरा की पीठों का समय बर्बाद करता है, तो उन आवंटियों को न्याय प्राप्त होने में विलम्ब होना स्वभाविक है जिनकी पीड़ा वास्तविक है। अतः इस मामले में कड़ा रूख अपनाते हुए सम्बन्धित आवंटी पर उसके अनुचित आचरण के लिए हर्जाना लगाने का निर्णय लिया गया।

## स्क्रैप माफिया रवि काना व महिला मित्र थाईलैंड में गिरफ्तार

**नोएडा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। गैंगरेप और गैंगस्टर के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे स्क्रैप माफिया रवि काना को गिरफ्तार किया गया है। रवि काना के साथ उसकी महिला मित्र काजल झा को भी थाईलैंड पुलिस ने अरेस्ट किया है। अब उसको बहुत जल्द इंडिया लाया जाएगा। इसके लिए प्रत्यारोपण की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। जनवरी में बीटा 2 पुलिस द्वारा रवि काना और उसके गिरोहों के 15 सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी और उससे पहले नोएडा के थाना सेक्टर 39 में रवि काना और उसके सहयोगियों पर गैंगरेप का मुकदमा दर्ज हुआ था। लंबे समय से पुलिस रवि की तलाश कर रही थी। रवि के गिरोह के काफी सदस्य और उसकी पत्नी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुके हैं लेकिन रवि व उसकी महिला मित्र लगातार फरार चल रहे थे। पुलिस को पहले ही शक था कि वह देश छोड़कर कहीं भाग चुका है। इसी को लेकर उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया था। नोएडा पुलिस इस मामले में थाईलैंड पुलिस के संपर्क में भी थी। रवि काना और उसकी सहयोगी को देश लाने की कार्रवाई की जाएगी। स्क्रैप माफिया रवि काना और उसके गैंग के खिलाफ 500 पन्नों की चार्जशीट नोएडा पुलिस ने गौतमबुद्ध नगर कोर्ट में दाखिल की हैं। नोएडा पुलिस ने चार्जशीट दाखिल करते हुए रवि काना को काले कारोबार का सरगना बताया है। इसके अलावा काजल झा को काले कारोबार में बराबर का हिस्सेदार बताया गया है। पुलिस ने काले कारोबार का पूरा चिट्ठा कोर्ट के सामने पेश किया है। रवि काना हरेंद्र प्रधान




■ **लंबे समय से नोएडा पुलिस कर रही थी तलाश**

दादूपुर का छोटा भाई है। हरेंद्र प्रधान की हत्या वर्ष 2015 में सुंदर भाटी ने करवाई थी। हरेंद्र नागर हत्याकांड गौतमबुद्ध नगर के चर्चित हत्याकांड में शामिल है। हरेंद्र नागर की हत्या होने के बाद स्क्रैप और सरिया तस्करी का सारा काम रवि काना ने संभाल लिया। हरेंद्र प्रधान हत्याकांड के बाद रवि काना ने अपनी जान का खतरा बताते हुए सुरक्षा मांगी और सरकार ने रवि काना को पुलिस सुरक्षा दी। सुरक्षा मिलने के बाद रवि ने इसका दुरुपयोग किया। रवि काना ने स्क्रैप माफिया और तस्करी के लिए पुलिस सुरक्षा का इस्तेमाल किया था। रवि के अलावा उसकी भाभी यानी कि हरेंद्र नागर की बीवी बेवन नागर और भाई राजकुमार नागर को भी पुलिस सुरक्षा मिली। हालांकि, रेप का मुकदमा दर्ज होने से करीब 6 महीने पहले रवि काना की पुलिस सुरक्षा हटा ली गई थी। रवि काना और उसके गिरोह के सदस्यों की करीब 200 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति को पुलिस के द्वारा कुर्क कर लिया गया है।

## पुलिस की काउंसलिंग के बाद पति के साथ रहने को राजी हुई पत्नी

**नोएडा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। पति और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए मारपीट करने और घर से निकालने की धमकी देने का आरोप लगाने वाली महिला की पुलिस की टीम ने जब काउंसलिंग की तो वह पति के साथ रहने के लिए राजी हो गई। पति-पत्नी के रिश्तों में आई दरार को दूर करने के लिए दोनों की सात बार काउंसलिंग करनी पड़ी। सातवीं काउंसलिंग के बाद दोनों को अहसास हो गया कि विवाद से उनकी शादीशुदा जिंदगी खराब हो जाएगी। इसके बाद पत्नी ने कहा कि वह अपने शिकायती प्रार्थना पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं चाहती हैं और आगे से वह ससुराल में पति के साथ ही रहेंगी। एडिशनल डीसीपी महिला सुरक्षा प्रीति यादव ने बताया कि मार्च में महिला थाने में एक महिला ने प्रार्थना पत्र दिया था कि उसका पति रात-रात भर घर नहीं आता है और दोस्तों से उसे परेशान कराता है। पति समेत ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर दहेज की मांग करने, मारपीट करने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का भी आरोप महिला की ओर से लगाया गया था। प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई करने के क्रम में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना द्वारा दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी मध्यस्थता कराई गई। काउंसलिंग के दौरान पति-पत्नी में घरेलू कामकाज को लेकर एवं आपसी वैचारिक मतभेद का होना पाया गया। काउंसलिंग कर दोनों के मध्य आपसी वैचारिक मतभेद को समाप्त कराया गया। इसके बाद दोनों पति-पत्नी एक दूसरे के साथ रहने के लिए सहमत हो गए और दोनों ने आपसी सहमति से साथ-साथ रहने का समझौता स्वीकार किया। अब दोनों पति-पत्नी प्रेम पूर्वक साथ-साथ रह रहे हैं। इस प्रकार मध्यस्थता के जरिए टूटती हुई गृहस्थी को बिखरने से बचाया जा सका। इस सराहनीय पहल के लिए लोगों ने पुलिस की प्रशंसा की है।

## एक ऐसा प्रत्याशी चुनें, जो व्यापारी के हित में फैसले ले सके : कुच्छल

**नोएडा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, नोएडा के अध्यक्ष नरेश कुच्छल ने एक बयान जारी कर जनपद गौतमबुद्ध नगर जिले के व्यापारियों से अपील की है कि वह आगामी 26 अप्रैल 2024 को अधिक से अधिक संख्या में पोलिंग बूथ पर पहुंचकर वोटिंग करें। साथ ही व्यापारी एक ऐसे प्रत्याशी को चुनें, जो उनकी समस्याओं का निस्तारण कर सके। अपने बयान में नरेश कुच्छल ने कहा कि व्यापारी एक ऐसा प्रत्याशी चुनें, जो व्यापारी के हित में फैसले ले सके। जो अपने परिवार से ऊपर उठकर हर नागरिक के बारे में सोचे।

जो क्षेत्र के विकास के लिए दमदार मुद्दे उठा सके। जो हर वर्ग के लोगों के साथ सीधा संपर्क साध सके। जो किसी की कठपुतली नहीं बने। जो शिक्षित हो, बेबाक हो, कर्मठ हो व निर्णायक हो। आज यही समय की मांग भी है।

उन्होंने कहा कि जो प्रत्याशी जाति, धर्म, वर्ग, संगठन और पार्टी से ऊपर उठकर लोगों से सीधा संपर्क नहीं करे, क्षेत्र के विकास पर स्पष्ट घोषणा- पत्र नहीं दे, उसे वोट नहीं दें। उन्होंने बताया कि चुनाव में शिक्षित और सेवा की भावना रखने वाले उम्मीदवारों को ही वोट देना चाहिए।

साथ ही प्रत्याशियों की सिर्फ शिक्षा ही नहीं, बल्कि उनकी सेवा भावना भी देखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें खुद जागरूक होने की जरूरत है कि हम जिन्हें वोट दें, वह सही उम्मीदवार हो। नरेश कुच्छल ने बयान में यह भी कहा कि लोकतंत्र में वोट डालना हर वोटरों का कर्तव्य और जिम्मेदारी बनती है। इसलिए 26 अप्रैल को द्वितीय चरण में होने जा रहे लोकसभा के चुनाव में प्रत्येक व्यापारी मतदाता उस अधिकार का प्रयोग करें जो कि समाज, राज्य और देश की भलाई के लिए बहुत जरूरी है। प्रत्याशी को चुनने का माध्यम एक वोट ही है। इसलिए इस देश में वोट की महत्ता बहुत ज्यादा है। इस महत्ता को ध्यान में रखते हुए ही अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

## संपत्ति विवाद में हिस्ट्रीशीटर भाइयों के बीच चली गोलियां

**नोएडा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। संपत्ति को लेकर हुए विवाद में बसई गांव स्थित अशोका होटल में सोमवार दोपहर गैंगस्टर भाइयों के बीच कहासुनी के बाद गैंगवार हो गई। दोनों पक्षों की ओर से फायरिंग की गई। गनीमत रही कि इसमें कोई घायल नहीं हुआ। सूचना पर पुलिस के पहुंचते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। इस मामले में पुलिस की ओर से दोनों पक्षों के कुल चार लोगों के खिलाफ हत्या का प्रयास करने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। दोनों पक्ष का आपराधिक इतिहास है। फेज तीन थाने में दर्ज कराई शिकायत में उप निरीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि मंगलवार को अपने साथियों के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मोबाइल पर उन्हें सूचना मिली कि क्षेत्र के अशोका होटल पर दो पक्षों में गैंगवार चल रही है। ये लोग एक दूसरे की हत्या करने की नीयत से ताबड़तोड़ गोली चला रहे हैं। सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी ने पुलिस बल के साथ वहां पर छापा मारा।

■ **दोनों पक्षों के कुल चार लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज**

जब पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे के ऊपर हत्या के नियत से ताबड़तोड़ गोली चल रहे बदमाशों को ललकारा तो सभी वहां से भाग गए। घटनास्थल पर पुलिस को कई कारतूस मिला है। जिस समय पुलिस पहुंची एक पक्ष के आजाद यादव और सुरेंद्र और दूसरे पक्ष के राकेश यादव और तय्यूब एक दूसरे पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर रहे थे। होटल के गेट पर अभी भी गोलियों के निशान हैं।

## भाजपा ने दलित समाज के विकास के लिए सकारात्मक प्रयास किए : कनौजिया

**गाजियाबाद,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया ने मंगलवार को कहा कि विगत 10 वर्षों में भाजपा सरकार में दलित समाज को सुरक्षा, सम्मान और राजनैतिक सम्मान को आगे बढ़ाया है। बाबा सहाब से प्रेरित होकर भाजपा ने एससी/एसटी समाज के विकास के लिए सकारात्मक प्रयास किये। एक प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने भाजपा की पहचान सेवा और सम्मान के विषय को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दलितों वंचितो को संवैधानिक अधिकार मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया। भाजपा ने अपनी




■ **पहचान सेवा और सम्मान विषय पर की चर्चा**

कल्याण कारी योजनाओं में सर्वाधिक लाभ दलित वंचितो को पहुंचाया। आयुष्मान कार्ड प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्वल योजना स्टैण्ड इण्डिया, सोशल हैल्थकार्ड, 1.50 गावों में इंटरनेट, भारत नेट, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जन औषधि योजना, मुद्रा योजना, जलजीवन मीशन अटल पैंशन योजना, किशान सम्मान निधि जनधन योजना। आजादी के बाद से ही कांग्रेस सरकारों ने बाबा साहेब को तिरस्कार व अपमान किया गया। भाजपा पे भारत रत्न, पंच तीर्थ, नया उनके व राजों को सम्मान सिर्फ भाजपा ने ही दिया। देश में संविधान तो था परन्तु संविधान दिवस नहीं था, 26 नवम्बर 2015 को संविधान दिवस घोषित किया गया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा को स्मरण कर भीम ऐप की घोषणा की, बाबा साहेब की स्मृति में डाक टिकट जारी किया। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा,लोकसभा प्रभारी विजय शुक्ला, अशोक संत मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, डॉ. फूल सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा प0 क्षेत्र, ओएसडी गंगा राम अंबेडकर, प्रदीप चौहान वाल्मीकि क्षेत्रीय महामंत्री प0 क्षेत्र, अनिल कल्याणी महानगर अध्यक्ष मोर्चा, शनि बाल्मीकि, कमल जाटव, अमन मेहरा, जॉनी बाल्मिकी, कपिल चौहान, प्रवीन गहलौत, विजेन्द्र सिंह, रोहित चौहान आदि उपस्थित रहे।

## जनसंचार के छात्रों को यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास में मिला मौका

**नोएडा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास के नाइट सेंटर ऑफ जर्नलिज्म के सहयोग से आईएमएस नोएडा के छात्रों को अंतरराष्ट्रीय कोर्स का मौका मिला। संस्थान के छात्रों को एक महीने की ट्रेनिंग दी जाएगी जिसमें उन्हें फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड इलेक्शन के तहत मीडिया और रिपोर्टिंग की विविध चुनौतियों और एआई तकनीक के उपयोग के बारे में बताया जाएगा। इस ऑनलाइन कोर्स में यूनेस्को के एक्सपर्ट अल्बर्टीना पीटरबर्ग, प्रतीक सिबल और तातियाना मौनी सहित यूनएडीपी से ओसामा अल्जेबर चार हफ्तों तक बतौर इंस्ट्रक्टर कोर्स को संचालित करेंगे। आईएमएस के महानिदेशक प्रो.(डॉ.) विकास धवन ने कहा कि यह अन्तरराष्ट्रीय कोर्स आम तौर पर पत्रकारों के लिए हैं, लेकिन हमारा प्रयास है कि हम अपने विद्यार्थियों को भी इनसे लाभान्वित कर पाएं।

आईएमएस स्कूल ऑफ जर्नलिज्म के विभागाध्यक्ष डॉ. सचिन बत्रा ने बताया कि आईएमएस नोएडा के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग के लिए इस कोर्स का संचालन हो रहा है। इसी क्रम में अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास के नाइट सेंटर ऑफ जर्नलिज्म के सहयोग से पहला मूक कोर्स स्वीकृत



■ **आईएमएस के छात्र अमेरिका की यूनिवर्सिटी से करेंगे विशेष अंतरराष्ट्रीय कोर्स**

किया गया है। इस एक महीने के विशेष ऑनलाइन कोर्स, फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड इलेक्शन के तहत मीडिया और रिपोर्टिंग की विविध चुनौतियों और एआई तकनीक के उपयोग के बारे में बताया जाएगा।

उवाच

सभी नोडल अधिकारीगण अपने-अपने कार्यों से संबंधित हैंडबुक का अध्ययन करते हुए अपने सभी कार्य निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करेंगे, ताकि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को जनपद में सकुशल संपन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि पोलिंग स्टेशन के पास ही सभी जगह पर फैसिलिटेशन केंद्र बनाए जाएं।

मनीष कुमार वर्मा, जिला निर्वाचन अधिकारी

# कैपिटल ज़ोन

## लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विशेष प्रेक्षकों ने की समीक्षा

**ग्रेटर नोएडा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग से नियुक्त किए गए विशेष सामान्य प्रेक्षक अजय वी. नायक, विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह तथा विशेष व्यय प्रेषक राजेश टुटेजा ने कलेक्ट्रेट के सभागार में सामान्य प्रेक्षक सिमरनदीप सिंह, पुलिस प्रेक्षक शंकर चौधरी एवं व्यय प्रेक्षक राजराजेश्वरी, सृष्टि चौधरी, पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार तथा नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए तैयारियों की समीक्षा की। विशेष प्रेक्षकों ने कहा कि सभी अधिकारीगण भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर निर्धारित किए गए प्रारूपों का बहुत ही गहनता से अध्ययन कर लें और सभी सूचनाएं निर्धारित प्रारूप पर निर्धारित समय अवधि पर तैयार करते हुए उपलब्ध करायें, ताकि निर्वाचन आयोग की मंशा अनुरूप निर्धारित समय अवधि में सभी सूचनाओं भेजी जा सकें। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारीगण अपने-अपने कार्यों से संबंधित हैंडबुक का अध्ययन करते हुए अपने सभी कार्य निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करेंगे, ताकि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को जनपद में सकुशल संपन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि पोलिंग स्टेशन के पास ही सभी जगह पर फैसिलिटेशन केंद्र बनाए जाएं और जिन पोलिंग स्टेशनों पर मतदान प्रतिशत कम रहता है, उस क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया जाए, ताकि मतदान प्रतिशत में वृद्धि की जा सके। पोलिंग स्टेशन पर वॉलिंटियर्स की भी व्यवस्था रखी जाए जो आने वाले मतदाताओं को उनके मतदान बूथ के संबंध में बता सके एवं बीएलओ के माध्यम से सभी मतदाताओं को वोटर पर्ची समय से प्राप्त करा दी जाए।




■ सभी नोडल अधिकारी निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के तहत अपने-अपने दायित्वों का करें निर्वहन

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने विशेष प्रेक्षकों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत कानून व्यवस्था रखने हेतु की गई कार्रवाई, अवैध नगदी, अवैध मादक पदार्थों को लेकर की गई कार्रवाई से अवगत कराया। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने विशेष प्रेक्षकों को अवगत कराया कि जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली, पोस्टर प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला, शपथ व चुनाव का पर्व देश का गर्व स्लोगन के स्टीकर के माध्यमों से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

साथ ही बताया कि इस बार जनपद में मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने के उद्देश्य से हाई राइज सोसाइटियों में भी बूथ बनवाए गए हैं। पुलिस आयुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जो मार्गदर्शन मिला है उसको पूरा कराया जाएगा।

## लोकतंत्र को मजबूत करने की हम सब की जिम्मेदारी, मतदान अवश्य करें : जिलाधिकारी

■ आईआईएमटी के छात्रों ने निकाली युवा मतदाता जागरूकता रैली

**ग्रेटर नोएडा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में मंगलवार को आईआईएमटी कॉलेज समूह और जिला स्वीप के संयुक्त तत्वावधान में युवा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और इसी के साथ ही रन फॉर वोट का आयोजन किया गया। रैली में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह और कॉलेज समूह के ग्रुप डॉयरेक्टर के.के. पालीवाल ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों को रवाना किया। यह रैली आईआईएमटी कॉलेज से शुरू होकर पटेल चौक, ईशान कॉलेज, जगत फार्म गोल चक्कर, रामपुर मार्केट गोल चक्कर, रियान इंटरनेशनल स्कूल गोल, चक्कर कामर्शियल बेल्ट गोल चक्कर, से होते हुए सम्राट मिहिर भोज सिटी पार्क पर पहुंची। सिटी पार्क पर जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने सभी छात्रों का स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मतदान करने की जिम्मेदारी हम सब की है। मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हो इसके लिए जिला प्रशासन बहुत युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। इस बार हमने मतदाता सूची को 15 दिन पहले ही छपवाकर बीएलओ को भेज दिया है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए 26 अप्रैल को घर से बाहर मतदान करने के लिए निकलें। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, उप क्रीडा अधिकारी अनिता नागर सहित कॉलेज समूह के सभी डॉयरेक्टर और फैकल्टी के लोग उपस्थित रहे।

### मैनेजमेन्ट के विद्यार्थियों ने मतदान के लिए की अपील

जीएनआईओटी एमबीए संस्थान की तरफसे मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। निर्वाचक साक्षरता क्लब एवं सोशल क्लब के तत्वावधान में मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने यह अभियान चलाया। विद्यार्थियों ने मतदाता जागकरता से संबधित पोस्टर व स्टीकर के माध्यम से पूरे कॉलिज में घूमकर आगामी 26 अप्रैल को मतदान करने की अपील की। विद्यार्थियों ने विभिन्न स्लोगन जैसे लोकतंत्र की सुनो पुकार- मत खोना अपना मत अधिकार, पहले मतदान फिर जलपान, देश के विकास में दो अपना योगदान - हर हाल में करना अपना मतदान आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया तथा मतदान करने की शपथ दिलाई। संस्थान के निदेशक डॉ. अंशुल शर्मा ने कहा कि हमारा एक वोट लोकतंत्र को सफल बनाने से बड़ी भूमिका का निर्वहन करता है।




## यमुना एक्सप्रेस वे पर कार से स्टंट करने का वीडियो वायरल

**जेवर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे पर मंगलवार दोपहर को एक व्यक्ति द्वारा कार की सुनरुफ से बाहर निकलकर स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



कोतवाली पुलिस ने मामले की जानकारी होने से इंकार किया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दी गई सूचना के अनुसार यमुना एक्सप्रेस वे पर मंगलवार की दोपहर एक बजे के करीब एक हुंडई वर्ना कार नोएडा से आगरा की ओर जाती हुई बताई गई है। दोपहर एक बजे के करीब कार जब जेवर कोतवाली क्षेत्र में दयानतपुर गांव के समीप से गुजर रही थी तभी किसी व्यक्ति ने पीछे से स्टंटबाजी का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया की मामला उनके संज्ञान में नही है।

## बाराही मेले में कलाकारों ने भजन की प्रस्तुति से किया मुग्ध

**ग्रेटर नोएडा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। सूरजपुर में बाराही मेला के पहले दिन भजन संध्या में कलाकारों ने लोगों को एक से बढ़ कर एक भजनों की प्रस्तुति देते हुए भक्ति रस से सराबोर कर दिया। धर्मवीर एंड पार्टी सूरजपुर, डॉ. हरवीर शर्मा, राजवीर शर्मा एंड पार्टी व ओमवीर बैंसला एंड पार्टी के कलाकारों ने बाबा मोहन राम, श्याम सांवरिया, अयोध्या धाम आदि प्रसंगों से एक से बढ़ कर एक भजन प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और जमकर तालियां बटोरीं। धर्मवीर भाटी और ओमवीर नागर की जोड़ी ने गुरू के समान नहीं, कोई भी महान नहीं और बाबा मैया पड़ी है पाछे भजनों की प्रस्तुति देते हुए श्रोताओं को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। नरेंद्र शर्मा ने किस्मत बन जाए मेरी तेरे ही नाम से भजन प्रस्तुत किया। शिव मंदिर बाराही मेला समिति के महासचिव ओमवीर बैंसला ने अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर आधारित- हुई अयोध्या जग मग चारों ही धाम के आने से, अभिलाषा पूरी हुई श्रीराम के आने से भजन प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा ने बताया कि कल बुद्धवार को राजस्थान के लोक कलाकारों द्वारा लोक संस्कृति मंच पर गीत संगीत और नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। संस्कृति मंच से ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल सूरजपुर के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस मौके पर शिव मंदिर मेला समिति के अध्यक्ष धर्मपाल भाटी, महासचिव ओमवीर बैंसला, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंघल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।




## सेक्टर डेल्टा-दो की समस्याओं को लेकर ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ को दिया ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। रेजिडेंट सुधार समिति डेल्टा-दो के अध्यक्ष अनिल भाटी एडवोकेट के नेतृत्व में सेक्टर की समस्याओं को लेकर सीईओ के नाम ज्ञापन एसीओ लक्ष्मी वीएस को सौंपा। इस मौके पर रेजिडेंट सुधार समिति के अध्यक्ष अनिल भाटी एडवोकेट और आलोक नागर ने बताया कि सेक्टर के अंदर काफी स्थिति खराब है जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, एक-एक हफ्ते तक गलियों में झाड़ू नहीं लगती है। नियमित साफ सफाई नहीं हो पा रही है जिससे कि सेक्टर में कच्ची कॉलोनी जैसे हालात पैदा हो रहे हैं। सेक्टर के अंदर आवारा कुत्तों आवारा पशुओं का आतंक है। सेक्टर निवासी कर्नल अनुज श्रीवास्तव और रिंकू भाटी ने बताया कि पार्क और ग्रीन बेल्ट का सौंदर्यीकरण प्रॉपर तरीके से कराया जाए ग्रीन बेल्ट की स्थिति बद से बद्तर होती जा रही है। ग्रीन बेल्ट कूड़ा की ढेर बनी हुई है न पानी लगता है न सफाई होती है पार्कों में लाइट नहीं है और न ही एलइडी लाइट आज तक लगी है जो हैलोजन लाइट है वह आदि बंद पड़ी है आदि जलती नहीं है जिसके कारण पार्कों में अंधेरा रहता है जिसके कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है पार्कों में झूला और ओपन जिम सभी खराब बंद पड़े हैं कोई देखने वाला नहीं है। इस मौके पर अनिल भाटी, कर्नल अनुज श्रीवास्तव, आलोक नागर, प्रमोद शर्मा, रिंकू भाटी, पूनम, बॉबी भाटी, मुकेश सोलंकी, अवनीश मिश्रा, प्रीतम, दलवीर चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।



## आपदाओं से निपटने के लिए आपदा हम तैयार है कार्यशाला का होगा आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। देश में आए दिन कोई न कोई आपदा देखने को मिल रही है। बदलती जलवायु ने इसकी आवृत्ति और तीव्रता को और भी बढ़ा दिया है। दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में अस्पताल, ऊंची इमारतों और कारखानों में आग की स्थिति का सामना कर रहा है। नुकसान की रोकथाम के लिए अग्नि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन आवश्यक है। जब हम उच्च वृद्धि और जनसंख्या घनत्व वाले शहरी परिदृश्य का आकलन करते हैं, तो जटिलताएं बढ़ जाती हैं। 28 अप्रैल को ग्रेटर नोएडा के ओमेक्स पाम ग्रीन में 'आपदा- हम तैयार हैं' नामक एक सामुदायिक सशक्तिकरण कार्यक्रम-प्रदर्शन-सह-कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य ऊंची इमारतों में आग और अन्य आपदा संबंधी घटनाओं से निपटने के लिए निवासियों को अंतर्दृष्टि प्रदान करना और तैयार करना है। आईआईएसएसएम के कार्यकारी अध्यक्ष आर.के. सिन्हा ने बताया कि आपदा कभी भी आ सकती है। उन्होंने कहा कि दुखद बात यह है कि अगर दिन के दौरान कोई आपदा आती है, तो बहुमंजिला इमारत में बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के अलावा कोई नहीं होता है। इसलिए, आईआईएसएसएम इस राष्ट्रव्यापी जागरूकता और लोगों के सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इसकी शुरुआत इस आवासीय क्षेत्र से हो रही है, जहां एक हजार से अधिक फ्लैट हैं। उन्होंने प्रत्येक प्रदेशवासी से इस आयोजन में भाग लेने का आह्वान किया। इस जागरूकता कार्यक्रम में आईआईएसएसएम ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, जिला प्रशासन और अग्निशमन सेवाओं, स्थानीय अस्पतालों और हमारे उद्योग भागीदारों सहित प्राधिकरणों के साथ साझेदारी कर रहा है।

## दादरी में आर्य समाज मंदिर के संस्थापक यशपाल शास्त्री की मनाई गई पुण्यतिथि

**ग्रेटर नोएडा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। आर्य समाज दादरी के संस्थापक स्व0यशपाल शास्त्री की 25वीं पुण्य तिथि मंगलवार को दादरी रेलवे रोड स्थित पुराना केनरा बैंक बिल्डिंग में मनाई गई, जहां उपस्थित लोगों ने उन्हें अपने श्रद्धा सुमन प्रस्तुत किए। जनपद के गांव महावड़ में सन 1916 में जन्मे यशपाल शास्त्री ने प्रारंभिक शिक्षा तत्कालीन बंबावड स्थित स्वामी रामेश्वरानंद के गुरुकुल से प्राप्त की तत्पश्चात गुरुकुल लाहौर/पाकिस्तान से शास्त्री परीक्षा पास कर सन 1945 में तिबिया कालेज करोलबाग, दिल्ली से आयुर्वेदाचार्य की उपाधि ग्रहण कर अपना कर्मक्षेत्र दादरी को बनाया। जहां समाज कल्याण की भावना को लेकर वर्ष 1947 में दादरी में आर्य समाज मंदिर की स्थापना की। उन्होंने 1957 में पंजाब प्रांत में हिंदी भाषा को सरकारी भाषा घोषित कराने हेतु आर्य समाज के आंदोलन में बढ़ चढ़ कर भाग लिया और जनपद बुलंदशहर सैकड़ों लोगों का जत्था लेकर गए और अंबाला सेंट्रल जेल में हिंदी भाषा को सरकारी भाषा घोषित होने तक 6 महीने अपने साथियों के जेल में व्यतीत किए। जीवन पर्यन्त आर्य समाज के प्रति समर्पित यशपाल शास्त्री ने 23 अप्रैल 1999 को अपनी अंतिम सांस ली। उनकी 25वीं पुण्य तिथि के अवसर पर डा0आनंद आर्य, शोभित विकल, आर्य नवोदित विकल, छोटेलाल, गणेश प्रसाद आदि उपस्थित रहे।



## एकेटीयू ने संबद्ध संस्थानों से मांगी छात्रों के प्लेसमेंट की सूचना

**ग्रेटर नोएडा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने अपने संबद्ध संस्थानों से पिछले दो सालों में छात्रों के प्लेसमेंट की जानकारी मांगी है। संस्थानों के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट विभाग की ओर से विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से सत्र 2022-23 एवं 2023-24 में कितने छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं और कितने रोजगार प्राप्त हुए हैं, इसकी जानकारी देनी होगी। यह सूचना सभी संबद्ध संस्थानों को 25 अप्रैल तक गूगल फॉर्म के जरिये विश्वविद्यालय को उपलब्ध करानी है। प्रदेश में रोजगार के अवसर को बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में लगातार कार्य कर रहा है।


**NAME CHANGE**

I, VAIBHAV S/O SHRI. RAJNEESH R/o - H.NO. E - 31, SECTOR-36, GREATER NOIDA, G.B. NAGAR have changed my name from VAIBHAV to VAIBHAV SHARMA for all future purposes.


## साइबर सुरक्षा पर एथिकल हैकिंग कार्यशाला का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित आईईसी कॉलेज में संस्थान के कम्प्यूटर विज्ञान तथा सूचना तकनीकी विभाग द्वारा साइबर सुरक्षा से संबधित एथिकल हैकिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यशाला के दौरान मुख्य अतिथि हर्ष कुमार ने बताया कि वर्तमान तकनीकी युग में प्रत्येक मिनट कोई ना कोई हैकिंग की घटना हो रही है परंतु पूरे विश्व में साइबर अपराधों पर लगाम लगाने वाले विशेषज्ञों की भारी कमी है। कार्यशाला के दौरान साइबर विशेषज्ञ हर्ष ने छात्रों को लाइव उदाहरण के साथ विभिन्न प्रकार की हैंकिग से बचने के तरीके बताये। कार्यक्रम के दौरान सूचना तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विपिन कुशवाहा, प्लेसमैंट अधिकारी प्रोफेसर शरद माहेश्वरी, प्रो. अंजलि, प्रो. शाहिना अंजुम, प्रो. जितेंद्र, प्रो. प्रदीप, प्रो. सोनाली सैनी, प्रो. शिवा गुप्ता, प्रो. निशांत अवाना, हेमंत गंगवार एवं शिवानी समेत भारी संख्या में छात्र तथा शिक्षक कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## यमुना एक्सप्रेस वे पर धूं-धूं कर जली हुंडई कार

**जेवर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे पर नोएडा से आगरा की ओर जा रही हुंडई की आई 10 कार में सोमवार रात को अचानक आग लगने से हड़कम्प मच गया। कार में सवार दो लोग वक्त रहते बाहर निकल गए जिससे बाल बाल उनकी जान बच सकी। सूचना पर पहुंची जेपी इंफ्राटेक की टीम ने जब तक आग पर काबू तब तक कार पूरी तरह से जल गई। लोगों से मिली जानकारी के अनुसार एक आई 10 कार सोमवार रात को नोएडा से आगरा की ओर जा रही थी। उसी दौरान जेवर टोल प्लाजा से करीब एक किमी पहले साबौता अंडरपास के उपर कार से अचानक लपटें निकलने लगी। कार में सवार दो लोग वक्त रहते कार को रोककर बाहर निकल गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व जेपी इंफ्राटेक की टीम ने फायर टेंडर की मदद से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आग की चपेट में आकर कार पूरी तरह से जल गई।



■ बाल-बाल बची कार सवार दो लोगों की जान

## श्री हनुमान जन्मोत्सव पर विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

■ कार्यक्रम में विभूति परिचय प्रतियोगिता के प्रतिभागी हुए सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा,** 23 अप्रैल(देशबन्धु)। श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन मानस अवलोकन संस्था कलूपुरा के तत्वावधान में एमएलआरडी पब्लिक स्कूल (झाझर) में किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना के बाद विद्यार्थियों द्वारा श्री हनुमान चालीसा का सस्वर 27 बार पाठ किया गया। उसके उपरांत विद्यार्थियों ने रंगमंच पर अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एक नाटक के माध्यम से सम्पूर्ण रामायण का बहुत ही मार्मिक मंचन किया गया। इसके उपरांत विभूति परिचय प्रतियोगिता में विजयी प्रथम पांच विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। यह प्रतियोगिता 31 मार्च- को संपन्न हुई थी।

मानस अवलोकन संस्था के महासचिव हरिओम शास्त्री ने बताया कि मानस अवलोकन संस्था पिछले 25 वर्षों से राष्ट्र हित में अपनी भारतीय संस्कृति की महान विधाओं का अवलंबन करते हुए देश की महान विरासत को अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन द्वारा जन जन तक पहुंचाने का नेक कार्य कर रही है। संस्था के संयोजक सॉजय विमल देव ने कहा कि यह संस्था सदैव से ही देश की युवा पीढ़ी को विशेष रूप से विद्यार्थियों जो कि देश का भविष्य हैं। उनके चहुंमुखी विकास की पक्षधर और हिमायती रही है। इसी कड़ी में संस्था ने एक 'विभूति परिचय प्रतियोगिता' करायी थी। इस प्रतियोगिता में 45 विद्यालयों के 479 विद्यार्थी उपस्थित रहे।





### हनुमानजी के जन्मोत्सव पर सुन्दरकांड का पाठ व भजन का हुआ आयोजन

ग्रेटर नोएडा। श्री साई अक्षरधाम मन्दिर, डेल्टा-3, ग्रेटर नोएडा में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पंडित दिलीप, पंकज व कृष्णा द्वारा सुन्दर काण्ड, हनुमान चालीसा का पाठ व भजन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान कलियुग में हनुमान जी की महत्ता व संकटमोचन के रुप में याद किया गया। कार्यक्रम में लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में प्रसाद व भंडारा वितरण किया गया। इस अवसर पर ट्रस्टी विपिन अग्रवाल, मीना अग्रवाल एवम साई सेवक रमेश चन्दानी, डा. भूषण, गरिमा चन्दानी, पंडित विकास, आलोक सिगंल, रवि शेखर, लक्ष्मी सूर्यकला, सुनील भाटी उपस्थित रहे।




पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय

209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा

समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें

खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता

फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें

क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा

Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises

सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता

Mob.: 9910280173

Off-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फार्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र0सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82241031F | इन्फ्यूजन ह्यूमन सीरम एल्बुमिन 20% w/v IV 100 मिलीलीटर की बोतल | 1825 no's | 15.05.2024 |

निविदा शर्ते-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं:- 82241031F दिनांक: 22.04.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1197/24



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपजिलाधिकारी, सदर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 235/एस0टी0-एस0 डी0एम0/2024 दिनांक 27.03.2024 के अनुसार ग्राम धनौरी में निम्न प्रकार मृतक स्व0 खेमचन्द पुत्र स्व0 रामशरन नि0 ग्राम धनौरी खुर्द, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 25.09.2023 को हो चुकी है जिसके स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है:-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 1195 1473 | स्व0 खेमचन्द पुत्र स्व0 रामशरन नि0 ग्राम धनौरी खुर्द, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती शान्ति | 73 | पत्नी |
| | | | श्री राजेश कुमार | 58 | पुत्र |
| | | | श्री उमेशचन्द शर्मा | 55 | पुत्र |
| | | | श्री प्रवीन शर्मा | 48 | पुत्र |
| | | | श्री अरविन्द | 50 | पुत्र |
| | | | श्रीमती सविता शर्मा | 48 | पुत्रवधू |
| | | | श्रीमती नीरज शर्मा | 23 | पौत्र |
| | | | श्री सचिन शर्मा | 26 | पौत्र |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

तहसीलदार

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मिर्जापुर में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 792/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक 19.08.2023 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 श्रीमती रेशमी देवी पत्नी स्व0 श्री गोपीचन्द निवासी ग्राम चपरगढ, परगना दनकौर, तहसील सदर, जिला गौतमबुद्धनगर व परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 832/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023, दिनांक 01.09.2023 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 श्री ज्ञानचन्द पुत्र श्री गोपीचन्द नि0 ग्राम चपरगढ के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| मिर्जापुर | 18, 103 134, 79 | स्व0 श्री रेशमी देवी पत्नी स्व0 श्री गोपीचन्द निवासी ग्राम चपरगढ, परगना दनकौर तहसील सदर जिला गौतमबुद्धनगर | श्री रघुवर सिंह | पुत्र | 67 वर्ष |
| | | | श्री प्रीतम सिंह | पुत्र | 66 वर्ष |
| | | | श्री महेश | पुत्र | 49 वर्ष |
| | | | श्री विरेन्द्र कुमार | पुत्र | 48 वर्ष |
| | | | श्रीमती समंदरी देवी | पुत्री विवाहित | 61 वर्ष |
| | | | श्रीमती मिथलेश | पुत्री विवाहित | 63 वर्ष |
| | | | श्री किशन कुमार पुत्र स्व0 ज्ञानचन्द | पौत्र | 43 वर्ष |
| | | | श्री देवेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 ज्ञानचन्द | पौत्र | 42 वर्ष |
| | | | श्रीमती महेन्द्री पत्नी स्व0 ज्ञानचन्द | पुत्रवधू | 68 वर्ष |
| | | | श्रीमती सीमा पुत्री स्व0 ज्ञानचन्द | पौत्री विवाहित | 38 वर्ष |
| मिर्जापुर | 176, 156, 181, 66, 179, 320, 79, 81, 182, 189, 315, 318, 96, 67, 48, 69, 18, 103, 134 | श्री ज्ञानचन्द पुत्र श्री गोपीचन्द निवासी ग्राम चपरगढ, परगना दनकौर तहसील, सदर, जिला गौतमबुद्धनगर | श्री किशन कुमार पुत्र स्व0 ज्ञानचन्द | पौत्र | 43 वर्ष |
| | | | श्री देवेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 ज्ञानचन्द | पौत्र | 42 वर्ष |
| | | | श्रीमती महेन्द्री पत्नी स्व0 ज्ञानचन्द | पुत्रवधु | 68 वर्ष |
| खेरली भाव | 173 | | श्रीमती सीमा पुत्री स्व0 ज्ञानचन्द | पौत्री विवाहित | 38 वर्ष |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के कम में प्रश्नगत भूमि पर कृषक का स्वत्व समाप्त होता है तो इस वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

तहसीलदार, यमुना औ0 वि0 विकास प्राधिकरण

# संपादकीय

नई दिल्ली, बुधवार 24 अप्रैल 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## निर्वाचन आयोग का निराशाजनक रवैया

भारतीय राजनीति का यह सर्वाधिक दुखद पहलू है कि जिस व्यक्ति पर सार्वजनिक जीवन में अनुशासन, नैतिकता एवं मूल्यों के संरक्षण की प्रमुख जिम्मेदारी है, वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही उनकी धज्जियां उड़ा रहे हैं। भविष्य में जब भी इस कालखंड का उल्लेख होगा तब एक ऐसे निर्वाचन आयोग की भी बात होगी जिसमें कहा जायेगा कि देश की जनता ने अब तक इससे अधिक कमजोर व लाचार निर्वाचन आयोग नहीं देखा था। राजीव कुमार के नेतृत्व में कार्यरत केन्द्रीय निर्वाचन आयोग ने जो पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है, उसने राष्ट्र निर्माताओं के उन सपनों को बिखेर दिया है जिन्होंने स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाएं बनाई थीं ताकि सरकारों की मनमानी न चले और लोगों के अधिकारों की रक्षा हो।

मौजूदा निर्वाचन आयोग को देखते हुए कोई इस बात की कल्पना भी नहीं कर सकता कि ऐसा भी समय देश ने देखा है कि (कुछ अपवादों को छोड़कर) कई मजबूत प्रधानमंत्रियों एवं उनकी सरकारों को निर्वाचन आयोग सिर नहीं उठाने देते थे। सारी शासकीय मशीनरी को अपने अधीन रखते थे और मातहतों को निष्पक्षता, स्वतंत्रता तथा दबंगई के साथ काम करने की प्रेरणा देते थे। इस मामले में वह किस्सा ज़रूर सामने रखा जाना चाहिये जब मुम्बई के विले पार्ले विधानसभा के उपचुनाव में शिवसेना के उम्मीदवार डॉ. रमेश प्रभू ने कांग्रेस के प्रभाकर कुंटे को हरा दिया था। बात 1987 की है। चुनाव हारने पर कुंटे ने बाम्बे हाईकोर्ट में जनप्रतिनिधित्व कानून के अंतर्गत याचिका लगाई कि डॉ. प्रभू की सभाओं में शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे ने धर्म के नाम पर वोट मांगा था। यह सच भी था। ठाकरे अपनी सभाओं में कहते थे कि 'शिवसेना हिन्दुओं की रक्षा के लिये चुनावी मैदान में है और वह मुस्लिम वोटों की चिंता नहीं करती।' हाईकोर्ट ने आरोपों को सही ठहराते हुए प्रभू का चुनाव रद्द कर दिया। डॉ. प्रभू ने सुप्रीम कोर्ट में अर्ज़ी लगाई पर शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के आरोपों को सही मानते हुए 1990 में दिये अपने फैसले में सज़ा बरकरार रखी। कुंटे को निर्वाचित घोषित किया गया।

चुनाव आयोग के समक्ष यह सवाल आया कि डॉ. प्रभू को तो उनके किये की सज़ा मिल गई परन्तु ठाकरे को क्या सज़ा मिले क्योंकि वे किसी सदन के सदस्य या पद पर तो थे नहीं। इसी भारतीय निर्वाचन आयोग ने ठाकरे को 6 वर्षों के लिये मताधिकार से वंचित कर दिया। 'हिन्दू हृदय सम्राट' कहलाने वाले ठाकरे, जिनकी मुम्बई ही नहीं पूरे महाराष्ट्र में तूती बोलती थी, पूरे छह वर्ष तक अपनी ऊंगली पर मतदान के बाद लगने वाली स्याही को देखने के लिये तरस गये। अगर कोई सोचे कि ऐसा कड़ा निर्णय टीएन शेषन ने लिया होगा, तो ऐसा नहीं है। उनका पदार्पण तो बाद में हुआ और उन्होंने अपनी और भी दबंग अधिकारी के रूप में छवि बनाई जिनका लोकप्रिय तकिया कलाम था- 'मैं नाश्ते में राजनीतिज्ञों को खाता हूं।'

बहरहाल, भारतीय लोकतंत्र को जिन लोगों ने सर्वाधिक कमजोर किया है और कई अन्य संस्थाओं के साथ सरकार के सामने घुटने टेके हैं, उनमें निर्वाचन अयुक्त प्रमुख हैं। वे देश की प्रशासकीय प्रणाली को ध्वस्त करने में उतने ही जिम्मेदार हैं जितनी कि केन्द्रीय जांच एजेंसिया या कुछ और संस्थाएं। निर्वाचन आयोग पर जिम्मेदारी सर्वाधिक होती है क्योंकि यह लोकतांत्रिक प्रणाली की मूलभूत प्रक्रिया को संचालित करता है। मताधिकार तो प्रजातांत्रिक व्यवस्था का आधार है और उसे ही आयोग ने ध्वस्त कर दिया। मौजूदा आयोग पर इतने आरोप लगे हैं कि उसके सामने सबसे बड़ा संकट उसकी विश्वसनीयता का है। भाजपा के खिलाफ किसी भी तरह की बात सुनने के लिये आयोग मानो तैयार ही नहीं होता, सुनवाई या फैसले की कौन कहे? शुरुआत यहां से की जाये कि आयोग पर आरोप लगता रहा कि वह विधानसभा हो या लोकसभा के चुनाव, उसके कार्यक्रम पीएम मोदी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आदि के प्रचार अभियानों की सहूलियतों के अनुसार बनते हैं। ईवीएम को लेकर विपक्षी दल लगातार उनसे मिलने की मांग करता रहा परन्तु आयोग के पास इसके लिये वक्त ही न निकला। पिछले कुछ समय से देखा गया है कि प्रचार सम्बन्धी शिकायतों को लेकर वह दोहरा रवैया अपनाता रहा है। भाजपा के खिलाफ की गई शिकायतों पर वह कोई कार्रवाई नहीं करता जबकि विरोधी दलों को या तो तुरंत नोटिस जारी करता है या उनके नेताओं के प्रचार पर कुछ या काफी समय तक तुरन्त रोक लगा देता है। चुनावी आचार संहिता लागू होने के बावजूद जिस प्रकार से विपक्षी दलों के नेताओं को जांच एजेंसियों के जरिये गिरफ्तार किया जा रहा है, उससे साफ संदेश गया है कि इसके पीछे भाजपा का उद्देश्य उन्हें प्रचार से रोकना है। आयोग इसे लेकर खामोश बैठा रहा।

हालिया चुनाव में तो नरेंद्र मोदी व भाजपा ने सारी हदें ही पार कर दी हैं लेकिन चुनाव आयोग पूर्णतः मौन है। श्री मोदी और उनकी पार्टी का जहां एक ओर साम्प्रदायिक एजेंडा जमकर बोल रहा है वहीं लगातार झूठ बोलकर कांग्रेस व विपक्ष को बदनाम किया जा रहा है, जो कानूनों का सरासर उल्लंघन है। जनप्रतिनिधित्व कानून ही नहीं, सामान्य अपराध संहिता व न्याय प्रक्रिया के भी वह खिलाफ है। कांग्रेस के घोषणापत्र को नरेंद्र मोदी ने 'मुस्लिम लीग से प्रभावित' बताया जबकि उसमें कहीं इसका जिक्र तक नहीं। ऐसे ही, पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के भाषण को यह कहकर पेश किया कि 'कांग्रेस मंगलसूत्र तक लेकर मुस्लिमों में बांट देगी।' निर्वाचन आयोग की ऐसी भीरूता लोकतंत्र ही नहीं, देश के साम्प्रदायिक सौहार्द्र को तक मिटा देगी। इसके खिलाफ़ आवाज उठनी चाहिये।

# सूरत बता रहा गुजरात के राजनैतिक मॉडल का सूरत-ए-हाल

एक ओर तो तमाम सर्वे बतला रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी ने खुद के बल पर 370 और अपने गठबन्धन नेशनल डेमोक्रेटिक एलाएंस (एनडीए) के साथ 400 सीटें जीतने का जो लक्ष्य रखा है वह हासिल करने योग्य बिलकुल नहीं है, वहीं दूसरी तरफ़ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत भाजपा के सारे नेता और स्टार प्रचारक जिस प्रकार से कांग्रेस व इंडिया गठबन्धन पर हमलावर हैं- वह भी कमर के नीचे वार करते हुए- उससे भी साफ है कि स्वयं भाजपा जान चुकी है कि यह लक्ष्य पाना नामुमकिन है, लेकिन गुजरात के सूरत में जो हुआ है अगर भाजपा उसी तरीके से चुनाव लड़ने जा रही है तो कहा जा सकता है कि वह 400 तो क्या 4000 सीटें भी पा सकती है, जैसा कि ज़ुबान फिसलने के कारण जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष व बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार मोदी की मौजूदगी में ही एक सभा में बोल पड़े थे। वैसे सूरत लोकसभा सीट पर जो सियासी तमाशा हुआ है वह देश के संसदीय इतिहास का अभूतपूर्व मामला है। यह इस बात का भी संकेत है कि भारत की राजनीति किस ओर जा रही है और आने वाले दिनों में देश का सूरत-ए-हाल क्या होगा। चेतावनी की घंटी इसी को कहते हैं। इस घटना से यह पता चलता है कि भाजपा 400 पार जाने के लिये कितनी उतावली है और उससे यह भी समझा जा सकता है कि उसे रोका जाना क्यों आवश्यक है।

सूरत लोकसभा सीट पर 7 मई को मतदान होना था, परन्तु भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को इसके बहुत पहले सोमवार को निर्वाचित होने का सर्टिफिकेट दे दिया गया। कारण है उनका निर्विरोध निर्वाचन। कहने को तो उनके खिलाफ कांग्रेस के निलेश कुंभानी, बहुजन समाज पार्टी के प्यारेलाल भारती आदि समेत 11 लोग चुनावी मैदान में थे। इनमें से कुछ स्थानीय छोटे दलों से थे तो कुछ निर्दलीय प्रत्याशी थे। यहां तक कि कांग्रेस ने वैकल्पिक उम्मीदवार सुरेश पडसाला को भी खड़ा किया था, पर दोनों के नामांकन खारिज कर दिये गये और 8 उम्मीदवारों ने एक के बाद एक निर्वाचन अधिकारी से यह कहकर अपने नामांकन वापस ले लिये कि उनके नामांकन प्रपत्रों पर जो हस्ताक्षर हैं, वे उनके नहीं हैं। अब ये सारे प्रत्याशी लापता हैं। सोमवार ही नामांकन वापसी की अंतिम तारीख थी। इस सियासी किस्से में कई लोचे हैं। सवाल तो यह है कि जब नामांकन पत्र पर निर्वाचन अधिकारी यानी डीएम के ही समक्ष दस्तखत होते हैं और प्रस्तावकों की भी भौतिक उपस्थिति में दस्तखत करने होते हैं तो उनके नकली होने का सवाल ही कहां पैदा होता है। आनन-फानन में सर्टिफिकेट देने का मतलब है कि मामले की फाइल अब बन्द हो गई है। जिसे जाना है वह कोर्ट जाये। मजेदार बात तो यह है कि कुंभानी के



डॉ. दीपक पाचपोर

> सूरत लोकसभा सीट पर 7 मई को मतदान होना था, परन्तु भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को इसके बहुत पहले सोमवार को निर्वाचित होने का सर्टिफिकेट दे दिया गया। कारण है उनका निर्विरोध निर्वाचन। कहने को तो उनके खिलाफ कांग्रेस के निलेश कुंभानी, बहुजन समाज पार्टी के प्यारेलाल भारती आदि समेत 11 लोग चुनावी मैदान में थे। इनमें से कुछ स्थानीय छोटे दलों से थे तो कुछ निर्दलीय प्रत्याशी थे।

प्रस्तावकों के हस्ताक्षर फर्जी होने का भी आरोप भाजपा उम्मीदवार की ओर से लगाया गया था। इन प्रस्तावकों में कुंभानी के बहनोई, भतीजा एवं कारोबारी पार्टनर शामिल थे। वैसे यह भी कहा जा रहा है कि रिश्तेदारों को प्रस्तावक इसीलिये बनाया गया था ताकि परचा ही खारिज हो जाये। कुंभानी द्वारा भाजपा से हाथ मिला लिये जाने की भी बात कही जा रही है और यह भी बताया जा रहा है कि इसकी योजना सूरत के एक बड़े होटल में बनाई गई।

गुजरात विकास के मॉडल की बात तो काफी पहले से सुनते आये हैं लेकिन 'राजनीति का गुजरात मॉडल' भी लोगों के सामने आ गया है जो सबकी आंखें खोलने के लिये पर्याप्त होना चाहिये। मुकेश दलाल ने अपने पहले संदेश में कहा है- 'पहला कमल नरेन्द्र मोदी के चरणों में समर्पित है। मोदी के 400 के लक्ष्य को पाने के लिये मेरी जीत पहला कदम है।' वे यह भी कहते हैं कि 'कांग्रेस के नामांकन पत्र रद्द हुए और शेष उम्मीदवारों ने मोदी के विकसित भारत की कल्पना को साथ देने के लिये अपने नामांकन वापस लिये हैं। बस, इतनी सी बात है!' वैसे गुजरात के राजनैतिक मॉडल की बानगी कुछ दिनों पहले चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में देखने को मिल गई थी जहां कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी का गठबन्धन था। यहां उनके संयुक्त प्रत्याशी का जीतना तय था लेकिन रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह ने 8 कांग्रेस प्रत्याशियों के वोट खुद ही खराब कर खारिज करा दिये। मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया जहां अदालत ने इसे 'लोकतंत्र की हत्या' कहते हुए दोषी अधिकारी को सजा देने की ज़रूरत बतलाई। शीर्ष न्यायालय के आदेश पर भाजपा उम्मीदवार मनोज सोनकर के निर्वाचन को अवैध घोषित करते हुए आप के कुलदीप कुमार को मेयर घोषित किया गया। यह भी भारत में पहली बार होता देखा गया है कि मेयर की घोषणा देश के सबसे बड़े न्यायालय की ओर से की गई। हालांकि मसीह को अब तक सज़ा नहीं सुनाई गई है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अवधारणा के अनुरूप भाजपा ने सामाजिक व आर्थिक ताकतों पर पूरा एकाधिकार करने का जो कार्यक्रम बनाया है, उसके तहत राजनैतिक शक्ति को पूरी तरह से अपनी मुट्ठी में लेना उसके लिये परम आवश्यक है। इसलिये भाजपा हर चुनाव को येन केन प्रकारेण जीतने पर आमादा है। फिर वह चाहे ढाई दर्जन सीटों वाली चंडीगढ़ महानगरपालिका हो या सूरत की लोकसभा सीट; और उसके लिये वह न तो किसी कानून की किताब के पन्नों को यह देखने के लिये पलटेगी कि क्या सही है और क्या गलत, न ही वह नैतिकता के मानदंडों पर अपने किसी भी कृत्य को कसने की चिंता करेगी। खुद मोदी के चुनावी मंचों से दिये गये हालिया बयानों को देखें तो एकदम साफ है कि अब जहां एक ओर वे असत्य पर असत्य बोल जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वे साम्प्रदायिकता को बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि ध्रुवीकरण के जरिये वे अधिक से अधिक सीटें जीत सकें। कांग्रेस के घोषणापत्र को, जिसे पार्टी ने 'न्यायपत्र' कहा है, पहले तो उन्होंने 'मुस्लिम लीग से प्रभावित' बतलाया। फिर उन्होंने बतलाया कि यूपीए के प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने भाषण में कहा था कि 'देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुस्लिमों का है।' सच्चाई तो यह है कि न्यायपत्र में मुस्लिमों को लेकर कुछ कहा ही नहीं गया है। साथ ही, मनमोहन सिंह के जिस भाषण को तोड़-मरोड़कर मोदी ने पेश किया है, उसका मूल स्वरूप अब वायरल हो रहा है। उन्होंने 'अल्पसंख्यक' कहा था जिसमें अकेले मुस्लिम नहीं आते। मुस्लिमों के अलावा बौद्ध, ईसाई, पारसी तथा सिख भी हैं। साथ ही उन्होंने सभी के समान अधिकारों की बात कही थी। इस चुनाव में भाजपा की हार तक बतलाई जाती है जिससे मोदी अवगत होंगे ही और इसलिये वे बौखलाये हुए हैं। इसी लिये वे मनमाना व मनमर्जी का बोल रहे हैं। फिर वे निर्वाचन आयोग की शक्ति को परख चुके हैं और अपने समर्थकों की उनके प्रति भक्ति को। वे जानते हैं कि निर्वाचन आयोग को खुद उन्होंने इतना कमजोर व लाचार कर दिया है कि वह सीधा खड़ा हो ही नहीं सकता। दूसरे, उनके समर्थकों को भी इसका कोई फर्क नहीं पड़ता कि मोदी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की जोड़ी किस कीमत पर सियासी सफलताएं ला रही है। फिर, इसके लिये वे चाहे समग्र लोकतंत्र को कमजोर कर दें या भारत को ही अनैतिक किस्म की राजनीति का अखाड़ा बनाकर रख दें। सूरत एपीसोड भावी तस्वीर है।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

# नरेंद्र मोदी का मुसलमानों पर द्वेषपूर्ण हमला आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन

■ नित्य चक्रवर्ती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राजस्थान की चुनावी रैली में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के 2006 के एक बयान को गलत तरीके से उद्धृत करते हुए देश के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय मुसलमानों पर जो तीखा हमला बोला, उसने चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता की सारी हदें पार कर दीं। प्रधानमंत्री के कद के व्यक्ति द्वारा एक महत्वपूर्ण मुद्दे की अभद्र और गलत प्रस्तुति पर चुनाव आयोग द्वारा प्रधानमंत्री को कुछ दिनों के लिए चुनाव अभियान से रोकने के संदर्भ में तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है।

अभी हाल ही में चुनाव आयोग ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को भाजपा उम्मीदवार पूर्व फिल्म अभिनेत्री हेमामालिनी के खिलाफ द्वेषपूर्ण अनुचित टिप्पणियों के कारण 48 घंटे के लिए प्रचार करने से रोक दिया था। चुनाव आयोग का कांग्रेस नेता के खिलाफ कार्रवाई करना उचित है। लेकिन प्रधानमंत्री, जो भारत के 142 करोड़ लोगों के संरक्षक हैं और सभी धार्मिक समूहों की पूरी आबादी की ओर से इस देश का प्रशासन करते हैं, ने रविवार की रैली में कहा कि पिछली कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने कहा था कि देश की सम्पत्ति पर मुसलमानों की पहली प्राथमिकता है। कांग्रेस सत्ता में आने पर घुसपैठियों और अधिक बच्चे पैदा करने वालों को संपत्ति बांट देगी। उनके इस लक्षित समूह की ओर इशारा स्पष्ट था।

> दिसंबर 2006 में, डॉ. मनमोहन सिंह ने एनडीसी में अपने भाषण में कहा, 'मेरा मानना है कि हमारी सामूहिक प्राथमिकताएं स्पष्ट हैः कृषि, सिंचाई और जल संसाधन, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश, और सामान्य सार्वजनिक निवेश की आवश्यकताएं।' अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं और बच्चों के उत्थान के लिए कार्यक्रमों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए घटक योजनाओं को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता होगी।

भारतीय प्रधानमंत्री को चुनावी रैली में कांग्रेस के घोषणापत्र की आलोचना करने का पूरा अधिकार है। पार्टी की बैठकों में कांग्रेस पार्टी और अन्य विपक्षी नेताओं पर दोष मढ़ने से किसी को कोई आपत्ति नहीं होगी। लेकिन रविवार को उन्होंने जो किया वह अभूतपूर्व था। मुस्लिम समुदाय को चिह्नित करना और बहुसंख्यक समुदाय के बीच यह डर पैदा करना कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया गुट 'घुसपैठियों' के बीच सोना, चांदी सहित संपत्ति का पुनर्वितरण करेगा, उनकी कट्टरता की पराकाष्ठा थी जो निश्चित रूप से पहले चरण के चुनावों में अच्छा प्रदर्शन न कर पाने के बाद उनकी घबड़ाहट वाली प्रतिक्रिया का प्रतिबिंब थी।

उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए विपक्षी पार्टी के घोषणापत्र की ओर इशारा किया। 'कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में जो कहा है वह गंभीर है। उसने कहा है कि अगर कांग्रेस सरकार बनाती है, तो सभी की संपत्ति का सर्वेक्षण किया जायेगा, वह माताओं और बहनों के सोने का हिसाब लगायेगी और फिर उसका वितरण करेगी। वे आपका मंगलसूत्र भी नहीं छोड़ेंगे,' उन्होंने कहा यह जोड़ते हुए कि कांग्रेस अब 'शहरी नक्सलियों की चपेट में' है।

प्रधानमंत्री ने एक कदम आगे बढ़ते हुए कहा कि 'जब डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस सत्ता में थी तो उन्होंने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला हक मुसलमानों का है।' इसका मतलब है कि वे इस संपत्ति को इकट्ठा करेंगे और इसे घुसपैठियों तथा उन लोगों के बीच वितरित करेंगे जिनके अधिक बच्चे हैं। क्या आपकी मेहनत की कमाई घुसपैठियों को दी जायेगी? क्या आपको यह स्वीकार्य है? कांग्रेस का घोषणापत्र यह कह रहा है।'

तथ्य यह है कि भाजपा के मीडिया सेल ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और यूपीए सरकार को अल्पसंख्यकों के तुष्टिकरण के प्रवर्तक के रूप में दिखाने के लिए 2006 की राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक में एक विकृत वीडियो प्रसारित किया था। उस समय प्रधानमंत्री कार्यालय ने स्वयं इसका प्रतिवाद कर विवाद को दूर किया था। अब 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2006 के उसी विवाद को पूरे ज्ञान के साथ उठाया कि उनके संस्करण को विकृत किया गया था। उनके लिए, चुनावी युद्ध में, कुछ भी उचित या अनुचित नहीं है, देश के सामाजिक ताने-बाने में जो भी व्यवधान हो, उसे जीतना ही होगा।

दिसंबर 2006 में, डॉ. मनमोहन सिंह ने एनडीसी में अपने भाषण में कहा, 'मेरा मानना है कि हमारी सामूहिक प्राथमिकताएं स्पष्ट हैः कृषि, सिंचाई और जल संसाधन, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश, और सामान्य सार्वजनिक निवेश की आवश्यकताएं।' अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं और बच्चों के उत्थान के लिए कार्यक्रमों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए घटक योजनाओं को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता होगी। विशेष रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यकों को भी सशक्त बनाने के लिए विकास के फल में समान रूप से साझा करने की आवश्यकता है। संसाधनों पर उनका पहला दावा होना चाहिए। केंद्र के पास असंख्य अन्य जिम्मेदारियां हैं जिनकी मांगों को समग्र संसाधन उपलब्धता के भीतर फिट करना होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो एक कट्टर आरएसएस व्यक्तित्व हैं, ने जानबूझकर पहले हिस्से का उल्लेख किये बिना 'संसाधनों पर उनका पहला दावा होना चाहिए' वाले हिस्से का विकृत अर्थ दिया, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 'एससी/एसटी, अन्य पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए कार्यक्रमों के साथ-साथ, अल्पसंख्यकस महिलाएं और बच्चे'। फोकस स्पष्ट था- कार्यक्रम मुसलमानों सहित सभी वंचितों के लिए थे और संसाधनों पर पहला दावा उन सभी का है।

कांग्रेस और पूरे विपक्ष को न सिर्फ चुनाव आयोग बल्कि सर्वोच्च न्यायालय से भी हस्तक्षेप की मांग करनी चाहिए क्योंकि नरेंद्र मोदी का यह भाषणहाल की अवधि में घृणास्पद भाषण का सबसे खराब रूप था। सर्वोच्च न्यायालय पहले भी अपनी टिप्पणियों में नफरत फैलाने वाले भाषणों के प्रति सचेत कर चुका है। अब समय आ गया है कि चुनाव आयोग और शीर्ष अदालत दोनों प्रधानमंत्री को आदर्श आचार संहिता की सीमा पार करने से रोकने के लिए उनके खिलाफ कड़े कदम उठायें।

## पावन प्रसंग

### सफल जीवन की दिशा

सफलता हर व्यक्ति जन्मसिद्ध अधिकार है। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों से मिलकर सफलता बनती है, जिसके साथ जीवन में संतुष्टि का भाव भी जुड़ा होता है। इसके साथ एक ऐसी विरासत को अगली पीढ़ी के लिए छोड़ना भी सफलता का हिस्सा है, जिसमें एक श्रेष्ठ जीवन की प्रेरक महक विद्यमान हो। हर व्यक्ति एक सफल जीवन का अधिकारी हो सकता है, यदि वह कुछ जांचे-परखे सूत्रों को जीवन में धारण करता है, उनका अनुसरण करता है। इनमें सर्वप्रथम है- जीवन लक्ष्य की स्पष्टता। इसमें एक तो अपने कर्तव्य कर्मों से जुड़ा, नौकरी पेशे से जुड़ा लक्ष्य है, जिसके साथ आर्थिक सुरक्षा से लेकर परिवार, समाज के प्रति दायित्वबोध का भाव पूरा होता है।

इसके साथ अपनी मौलिकता एवं क्षमता के अनुरूप कुछ विशिष्ट योगदान की बारी आती है, जो एक प्रकाशपूर्ण जीवन के रूप में सबके लिए प्रेरणा एवं अनुगमन का स्रोत हो। हालांकि यह क्रमिक रूप से ही संभव होता है और दीर्घकालीन प्रयास-पुरषार्थ का फल रहता है। इसके लिए नियमित रूप से कार्य करना पड़ता है।

जीवन लक्ष्य एक दिन में सिद्ध नहीं होता, इशके लिए नियमित रूप से कार्य करना पड़ता है। कार्य कितना भी बड़ा क्यों न हो, शुरुआत छोटे-छोटे कदमों से करनी पड़ती है। ऐसे ही बड़े लक्ष्य को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़कर नियमित रूप से हासिल करना पड़ता है। इसके साथ काम आता है वह अध्यवसाय जो तब तक साथ नहीं छोड़ता, जब तक कि लक्ष्य प्राप्त न हो जाए- जो तमाम विफलताओं, य बाधाओं के बावजूद प्रयास को जारी रखता है व कार्य को पूरा करके ही दम लेता है। इसके लिए अपने दीर्घकालिक और तात्कालिक लक्ष्यों को सूचीबद्ध करना पड़ता है। जिसके साथ महत्वाकांक्षी लक्ष्य भी व्यावहारिक स्वरूप से पाता है और इसकी उपलब्धि सुनिश्चित हो जाती है।

इसके लिए समय को साधना पड़ता है, समय सीमा में कार्य करने की आदत डालनी पड़ती है, क्योंकि समय पर किए गए कार्य का ही महत्व होता है। इसके कुछ मिनट से लेकर घंटों में विषयों या कार्यों को विभाजित किया जा सकता है। कार्य को बहुत कठिन बनाने की अपेक्षा नियमित रूप से करने का अभ्यास अधिक महत्वपूर्ण रहता है। हार्डवर्क की अपेक्षा स्मार्टवर्क अधिक उपयुक्त रहता है, जिससे कम परेशानी में बेहतरीन परिणाम हासिल होते हों। छोटी-छोटी सफलताओं व उपलब्धियों के साथ हासिल हो रही मंजिल, बड़े लक्ष्य के लिए आवश्यक उत्साह को बनाए रखती है। कदम के साथ मिल रहे सबकों को सीखने व आजमाने से आगे की सफलता सरल होती जाती है। इस सबके लिए स्मार्ट लक्ष्य की बात कही गई है, जिसके पांच आयाम हैं, वह स्पेसिफिक, मेजरेबल, अटेनेबल, रेलिवेंट और टाइम-बेस्ड हों अर्थात वह स्पष्टता लिए हो, जिनकी प्रगति को मापा जा सके, जो प्राप्य हों, सार्थक हों तथा समय आधारित हो। इन सबके साथ लक्ष्य के संबंध में अपनी रुचि का होना भी एक महत्वपूर्ण कारक रहता है। इससे मंजिल की ओर बढ़ता हर कदम कितना ही कठिन व दुष्कर क्यों न हो, व्यक्ति को गतिशील रखता है। अतः हाथ में लिए कार्य को रुचि के साथ करें आौर यदि कार्य में रुचि न हो तो रुचि पैदा करें। इसके लाभ पर विचार करें और इसके रुचि कर पक्ष को हाथ में लेकर आगे बढ़े। राह में नई चीजों को सीखते हुए व नए लोगों से मिलते हुए जीवन का उत्साह बढ़ता है, जिससे राह चुनौतीपूर्ण होते हुए भी आनंददायी बन जाती है साथ ही अपने कार्यक्षेत्र को भी रुचिकर बनाएं, जहां कार्य करना अच्छा लगे। इसके लिए अपने कार्यस्थल एवं परिवेश को स्वच्छ, प्राकृतिक एवं सुव्यवस्थित कर वहां उचित प्रकाश आदि की व्यवस्था करें।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### तपती गर्मी में खारा पानी की सज़ा

'जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है गांव में पानी की समस्या भी बढ़ती जा रही है। जो स्रोत उपलब्ध हैं उसमें इतना खारा पानी आता है कि हम लोगों से पिया भी नहीं जाता है। यदि मजबूरीवश पी लिया तो पेट में दर्द और दस्त होने लगते हैं। पिताजी और गांव वाले मिलकर पानी का टैंकर मंगवाते हैं, जिससे हमें पीने का पानी उपलब्ध होता है। लेकिन स्कूल में ऐसी सुविधा उपलब्ध नहीं है। वहां हमें यही खारा पानी पीने पर मजबूर होना पड़ता है। इसलिए स्कूल भी जाने का दिल नहीं करता है।' यह कहना है 9वीं कक्षा की छात्रा 15 वर्षीय किशोरी पूजा राजपूत का, जो राजस्थान के बीकानेर स्थित लूणकरणसर ब्लॉक के कालू गांव की रहने वाली है। पूजा के साथ खड़ी उसकी हमउम्र दोस्त कविता कहती है कि घर पर टैंकर के माध्यम से पीने का पानी उपलब्ध हो जाता है, परंतु स्कूल में इतना अधिक खारा पानी आता है कि उसे पीने के बाद बच्चों की तबीयत खराब हो जाती है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है पानी की आवश्यकता भी बढ़ेगी, ऐसे में हमें स्कूल में वही खारा पानी पीना पड़ेगा।'

वास्तव में, राजस्थान में जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है वैसे-वैसे कालू गांव और उसके जैसे अन्य गांवों में पीने के पानी की समस्या भी विकराल होती जा रही है। ब्लॉक मुख्यालय से 20 किमी और जिला मुख्यालय बीकानेर से 92 किमी दूर आबाद कालू गांव की जनसंख्या लगभग 10334 है। अनुसूचित जाति बहुल इस गांव के लोगों के लिए सितम यह है कि प्रचंड गर्मी के साथ-साथ उन्हें पीने के साफ पानी की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। गांव में कुछ स्थानों पर पानी के जो स्रोत उपलब्ध हैं, इनमें फ्लोराइड की मात्रा इतनी अधिक है कि वह पानी खारा हो चुका है जो पीने के लायक नहीं होता है।

जैसे-जैसे तापमान चढ़ेगा कालू गांव के लोगों के लिए पानी की समस्या भी बढ़ती जाएगी। ऐसे में राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन को इस बात को गंभीरता से लेने की जरूरत है कि इंसान और पशुओं सभी के लिए समान रूप से पानी उपलब्ध हो जाए। विशेषकर स्कूलों में इसका विशेष प्रबंध किया जाए. प्रशासन को इस बात को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि कम से कम जहां पानी उपलब्ध है वह पीने योग्य हो ताकि कालू गांव की महिलाओं और किशोरियों को तपते रेगिस्तान में पानी के लिए मीलों चलना न पड़े।

इस संबंध में गांव की सरपंच सुगनी देवी का कहना है कि -'गांव में खारे पानी की समस्या को दूर करने के लिए 3 ट्यूबवेल लगवाए हैं, जिसमें पीने योग्य पानी आता हैं। हालांकि इतनी बड़ी आबादी के लिए यह तीनों ट्यूबवेल कम हैं। इसलिए पंचायत ने सर्वसम्मति से ब्लॉक अधिकारी के पास अभी एक और बोरवेल लगाने का प्रस्ताव भेजा है। इसे जल्द पूरा करवाने के लिए तहसील कार्यालय में बात चल रही है। यदि चौथा ट्यूबवेल भी लग जाता है तो गांव में पानी की समस्या लगभग दूर हो जाएगी और इस गर्मी में भी गांव वालों को पानी के लिए दर-दर भटकने की जरूरत नहीं होगी।' सरपंच इस बात को स्वीकार करती हैं कि गांव में कुछ स्थानों पर खारा पानी आता है। वह कहती हैं कि 'हमने पानी की जांच करवाई है. कुछ जगहों पर पानी में फ्लोराइड की मात्रा ज्यादा है, लेकिन इतना भी नहीं है कि वह शरीर के लिए नुकसानदायक हो।'

**आरती लूणकरणसर, बीकानेर राजस्थान**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## फ्रांस से नावों में ब्रिटेन जाने की कोशिश के दौरान पांच लोगों की मौत

**पेरिस।** उत्तरी फ्रांस के तट से ब्रिटेन जाने के लिए इंग्लिश चैनल को पार करने की कोशिश के दौरान कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इस बात की जानकारी नहीं है कि सोमवार रात कितनी प्रवासी नौकाओं ने रवाना होने का प्रयास किया। फ्रांसीसी दैनिक ला वोइक्स डू नॉर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, अपतटीय क्षेत्र और विमेरेक्स के समुद्र तट पर एक बड़ा बचाव कार्य चल रहा है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तरी फ्रांस में कैलाइस के आसपास का क्षेत्र ब्रिटेन के लिए सबसे छोटी सीमा पार करने का जंपिंग-ऑफ पॉइंट है। फ्रांसीसी समुद्री अधिकारियों के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में लगभग 36 हजार लोगों ने छोटी नावों में खतरनाक सीमा पार की।

### आसियान की बैठक में बोले विदेश मंत्री एस जयशंकर

# ग्लोबल साउथ के लिए बड़ी भूमिका का समय आ गया है

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण पूर्व एशियाई देशों का संगठन आसियान भारत की एक्ट ईस्ट नीति के केंद्र में है। ग्लोबल साउथ (विकासशील और पिछड़े देशों) को अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करना होगा और अंतरराष्ट्रीय मामलों में एक बड़ी भूमिका निभानी होगी।

विदेश मंत्री जयशंकर ने वियतनाम की पहल पर और उसकी मेजबानी में आयोजित पहले आसियान फ्यूचर फोरम को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि नई दिल्ली के व्यापक हिंद-प्रशांत विजन में क्षेत्रीय समूह भी एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।विदेश मंत्री ने जन-केंद्रित आसियान समुदाय के तेज और सतत विकास की ओर शीर्षक वाले फोरम के उद्घाटन सत्र में अपनी टिप्पणी में कहा कि आज, एक बहुध्रुवीय एशिया और एक बहुध्रुवीय दुनिया तेजी से सामने आ रही है। यह उभरती विश्व व्यवस्था की वास्तविकताओं से निपटने में आसियान और भारत की एक महत्वपूर्ण भूमिका का अनावरण करता है। यह भारत और आसियान के बीच अधिक सहयोग और समन्वय की आवश्यकताओं को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि भारत और



भारत और आसियान पड़ोसी हैं, सहस्राब्दी पुराने सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को साझा करते हुए, यह रिश्ता अब अपने चौथे दशक में प्रवेश कर गया है : जयशंकर

आसियान पड़ोसी हैं, सहस्राब्दी पुराने सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को साझा करते हुए, यह रिश्ता अब अपने चौथे दशक में प्रवेश कर गया है, जो साझा मूल्यों और आम आकांक्षाओं के आधार पर एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी में परिपक्व हो रहा है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि पिछले साल भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान नई दिल्ली ने कई आसियान सदस्य देशों की भागीदारी के साथ वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन की मेजबानी की थी। जयशंकर ने कहा कि हम आसियान एकता, आसियान केंद्रीयता और हिंद प्रशांत पर आसियान दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं। भारत वास्तव में मानता है कि एक मजबूत और एकीकृत आसियान हिंद-प्रशांत के उभरते क्षेत्रीय ढांचे में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है। मंत्री ने कहा कि भारत के हिंद-प्रशांत महासागर पहल (आईपीओआई) और हिंद-प्रशांत पर आसियान आउटलुक (एओआईपी) के बीच तालमेल, जो आसियान-भारत नेताओं के संयुक्त वक्तव्य में परिलक्षित होता है, सहयोग के लिए एक मजबूत ढांचा प्रदान करता है, जिसमें व्यापक सुरक्षा चुनौतियों का समाधान भी शामिल है।

विदेश मंत्री ने कहा कि हमने 2023 में पहला आसियान-भारत समुद्री अभ्यास आयोजित किया था और हमारा लक्ष्य दूसरे संस्करण को पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तारीख पर आयोजित करने का है। लाल सागर में हमारे हालिया अभियानों से आसियान सदस्य देशों की सुरक्षा और समर्थन के साथ चालक दल की निकासी संभव हो सकी है।

# पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था मजबूत विकास की दिशा में बढ़ रही है : मंत्री मोहम्मद

**इस्लामाबाद,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के संघीय वित्त एवं राजस्व मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने मंगलवार को कहा कि देश की अर्थव्यवस्था सही दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने मजबूत आर्थिक विकास और समेकित सामाजिक विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।



■ सकारात्मक भावनाएं बाजार के विश्वास को बहाल करने में मदद कर रही हैं

औरंगजेब ने यहां एक व्यापार शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश और विदेश में ढेर सारी चुनौतियों के बावजूद पाकिस्तान ने समग्र दृष्टिकोण अपनाया है और आर्थिक संकेतकों में सुधार के लिए उपाय किए हैं, जो अर्थव्यवस्था के लिए आशावादी दृष्टिकोण का संकेत है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि देखी गई है और पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है। सकारात्मक भावनाएं बाजार के विश्वास को बहाल करने में मदद कर रही हैं। इसके अलावा, औरंगजेब ने कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए विशेष नीतियां पेश की जा रही हैं और देश इस संबंध में अन्य देशों के साथ प्रभावी ढंग से जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, देश में कृषि क्षेत्र में बंपर पैदावार के साथ उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

# ब्रिटिश संसद ने रवांडा निर्वासन विधेयक पारित किया

**लंदन,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मंगलवार को कहा कि संसद ने विवादास्पद रवांडा निर्वासन विधेयक पारित कर दिया है। इस विधेयक के पारित होने के बाद सरकार को पूर्वी अफ्रीकी राष्ट्र की ओर से अवैध रूप से ब्रिटेन में प्रवेश कर शरण मांगने वाले लोगों को रवांडा भेजने की अनुमति मिल जाएगी। हाउस ऑफ लॉर्ड्स द्वारा प्रस्तावित संशोधनों को वापस लेने के बाद विभाजनकारी विधेयक को मंजूरी प्रदान की गई। श्री सुनक ने कहा कि इस ऐतिहासिक कानून का पारित होना सिर्फ एक कदम आगे नहीं है बल्कि यह आव्रजन पर वैश्विक समीकरण में एक बुनियादी बदलाव है। इस कानून के पारित होने से हमें ऐसा करने की अनुमति मिलेगी और यह स्पष्ट हो जाएगा कि अगर आप अवैध रूप से यहां आते हैं, तो आप यहां नहीं रह पाएंगे। प्रधानमंत्री सुनक ने उल्लेख किया कि ब्रिटेन का ध्यान 'जमीन से उड़ानें शुरू करना' था और आशा व्यक्त किया कि कोई भी परिस्थिति लंदन को निर्वासन उपाय करने से नहीं रोकेगा। श्री क्लेवरली ने एक बयान में कहा कि हमारी नीति ठीक उसी तरह है, और 10-12 सप्ताह के भीतर उड़ानें शुरू करने की योजना पर काम चल रहा है। श्री सुनक ने कहा पहली उड़ानें 10-12 सप्ताह में शुरू हो जाएंगी, लेकिन उन्होंने इस बारे में विवरण देने से इनकार कर दिया कि कितने लोगों को निर्वासित किया जाएगा या वास्तव में उड़ानें कब शुरू होंगी। उन्होंने कहा कि ये जानकारी विरोधियों को नीति को विफल करने की कोशिश जारी रखने में मदद कर सकती है।



इस ऐतिहासिक कानून का पारित होना सिर्फ एक कदम आगे नहीं है बल्कि यह आव्रजन पर वैश्विक समीकरण में एक बुनियादी बदलाव है : सुनक

रवांडा और ब्रिटेन ने 2022 में एक प्रवासन समझौते पर हस्ताक्षर किया जिसके अंतर्गत ब्रिटेन सरकार द्वारा अनिर्दिष्ट प्रवासियों या शरण चाहने वालों के रूप में पहचाने जाने वाले लोगों को प्रक्रिया, शरण और पुनर्वास के लिए रवांडा भेजा जाएगा। इस योजना की मानवाधिकार संगठनों के साथ-साथ ब्रिटेन के कई राजनेताओं और अधिकारियों ने आलोचना की है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 24 अप्रैल, 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 1

### राशिफल

मेष - आज का दिन गृहस्थ एवं दांपत्य जीवन के लिए बहुत अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय गुजरेगा। वहीं आप प्रेम का सुखद अनुभव पा सकेंगे। आर्थिक लाभ तथा प्रवास की भी संभावना है।

वृषभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। आपका शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सारा दिन आप आनंद और उल्लास में गुजारने वाले हैं। दिन के सभी काम योजनानुसार पूरे होंगे। इनकम की संभावना रहेगी।

मिथुन - आप तन एवं मन की अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। आज नया काम शुरू करने की योजना बनेगी, हालांकि आज आप इंतजार करें। वाद-विवाद में मानहानि होने की आशंक है।

कर्क - आपके लिए आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आपमें आनंद एवं स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मन में किसी बात की चिंता रह सकती है। घर में झगड़े का वातावरण रहेगा। स्वजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

सिंह - आपका आज का दिन शुभ फलदायी है। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा है। भाई-बंधुओं के साथ समय आनंदपूर्वक गुजरेगा। उनसे लाभ भी होगा। किसी सुंदर स्थल पर घूमने जाना हो सकता है।

कन्या - आज का दिन आपके लिए शुभ फल देनेवाला है। अपनी मीठी वाणी से किसी का भी दिल आप जीत सकते हैं। आपके काम सिद्ध होने की काफी संभावना है। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा।

तुला - आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति निखरेगी। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का खास ध्यान रखें। विचार की दृढ़ता से आप काम को अच्छी तरह से पूरा कर पाएंगे।

वृश्चिक - आनंद-प्रमोद, मनोरंजन के पीछे धन खर्च होगा। मानसिक चिंता एवं शारीरिक कष्ट के कारण आप परेशान रहेंगे। बातचीत में किसी के साथ गलतफहमी न हो, इसका विशेष ध्यान रखें।

धनु - आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक दृष्टि से आपके लिए आज का दिन लाभदायी है। गृहस्थजीवन का संपूर्ण आनंद ले पाएंगे। आप रोमांटिक बने रहेंगे। मित्रों के साथ किसी रमणीय स्थल पर घूमने जा सकते हैं।

मकर - आप का दिन संघर्षमय रहेगा। आज के दिन आग, पानी या वाहन सम्बंधित दुर्घटना हो सकती है, आप सावधान रहें। व्यापार में चिंता बनी रहेगी। व्यापार के लिए यात्रा करने से लाभ होगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

कुंभ - आपका दिन मिश्रित फलदायी है। आप का स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। फिर भी मानसिक शांति प्राप्त कर पाएंगे। काम करने का उत्साह मंद होगा। अधिकारियों से संभलकर चलना हितकर है।

मीन - आज आकस्मिक धन लाभ के योग हैं। मानसिक तथा शारीरिक श्रम के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। सर्दी, सांस की तकलीफ, खांसी और पेट दर्द की परेशानी हो सकती है। खर्च में वृद्धि होगी।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## आज का इतिहास

1311 – जनरल मलिक काफूर दक्षिण भारत में अभियान के बाद दिल्ली लौटे।
1571 – मारवाड़ साम्राज्य के राज सूर सिंह का जन्म।
1704 – समाचार पत्र द बोस्टन न्यूज-लेटर का पहला अंक प्रकाशित हुआ।
1800 – वाशिंगटन डी.सी. में कांग्रेस की यू.एस. लाइब्रेरी की स्थापना की गई।
1877 – रुस ने ओटोमन साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई की घोषणा की।
1888 – जॉर्ज ईस्टमैन द्वारा कोडक कंपनी की स्थापना।
1898 – स्पेन ने अमेरिका के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1920 – पोलैंड की सेना ने यूक्रे पर हमला किया।
1926 – बर्लिन संधि पर हस्ताक्षर।
1938 – कोस्टेंटिन पाट्स एस्टोनिया के पहले राष्ट्रपति बने।
1954 – ब्रिटिश सरकार ने कीनिया के विद्रोहियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया।
1960 – दक्षिण ईरान में आये भयंकर भूकंप से 500 लोगों की मौत।
1967 – सोवियत अंतरिक्ष यान सोयुज 1 साइबेरिया में दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिससे पहले मानव टोडी कोस्मोनॉट व्लादिमीर कोमारोव की मृत्यु हो गई।
1970 – चीन का पहला उपग्रह डांग फांग हांग प्रक्षेपित किया गया।
1973 – भारत रत्न मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर का मुंबई में जन्म।
1974 – प्रख्यात हिंदी कवि रामधारी सिंह दिनकर का निधन।
1975 – जैन धर्म के अनुयायियों ने बगवान महावीर के निर्वाण की 2500वीं जयंती मनाई।

# यूक्रेन में रूसी हमले में नौ लोग घायल

**कीव,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। यूक्रेन के बंदरगाह शहर ओडेसा में बीती रात रूसी ड्रोन के हमलों में नौ लोग घायल हो गये। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

स्थानीय सैन्य प्रशासक ओलेह किपर ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा, उनमें चार बच्चे हैं - दो बच्चे जो एक साल से कम उम्र के हैं, दो अन्य 12 और नौ साल के हैं। उन्होंने बताया कि चारों को मामूली चोटों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले में अब तक किसी की मौत की सूचना नहीं है। ये हमले कम ऊंचाई वाली इमारतों वाले आवासीय इलाके में हुए थे। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, कई घर और कम से कम 14 फ्लैट क्षतिग्रस्त हो गए। बचावकर्मियों ने दर्जनों लोगों को मलबे से निकाला है। यूक्रेन दो साल से अधिक समय से बड़े पैमाने पर पश्चिमी समर्थन के साथ रूसी आक्रमण के खिलाफ अपनी रक्षा कर रहा है।



अमेरिका में गाजा संघर्ष को लेकर छात्रों का प्रदर्शन, बड़े पैमाने गिरफ्तारियां

# इंडोनेशिया में संयुक्त राष्ट्र रेजिडेंट समन्वयक बनीं भारत की गीता सभरवाल



**संयुक्त राष्ट्र,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत की गीता सभरवाल को इंडोनेशिया में संयुक्त राष्ट्र रेजिडेंट समन्वयक बनाया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सभरवाल की नियुक्ति की। सभरवाल के पास जलवायु परिवर्तन, स्थायी शांति, शासन और सामाजिक नीति का समर्थन करने वाले विकास में 30 वर्षों का अनुभव है। उन्होंने थाईलैंड में संयुक्त राष्ट्र रेजिडेंट समन्वयक और श्रीलंका में संयुक्त राष्ट्र के शांति निर्माण और विकास सलाहकार के रूप में भी काम किया है। संयुक्त राष्ट्र में शामिल होने से पहले, सभरवाल मालदीव और श्रीलंका के लिए एशिया फाउंडेशन की उप प्रतिनिधि थीं। वह भारत और वियतनाम में अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए यूके में गरीबी और नीति सलाहकार के रूप में भी कार्य कर चुकी हैं।

# अमेरिका में गाजा संघर्ष को लेकर छात्रों का प्रदर्शन, बड़े पैमाने गिरफ्तारियां

**वाशिंगटन,** 23 अप्रैल (एजेंसियां) अमेरिका के कोलंबिया और येल समेत कई विश्वविद्यालयों में गाजा में इजरायल के हमलों के खिलाफ छात्रों का विरोध प्रदर्शन फैल गया है और अधिकारी प्रदर्शनकारी छात्रों को शांत करने की जद्दोजहद में लगे हुए हैं। न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय में सोमवार रात छात्रों के एक विरोध प्रदर्शन को खत्म कराने के लिए पुलिस को दखल देना पड़ा और इस सबंध में कई गिरफ्तारियां की गयी। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि येले विश्वविद्यालय के कई छात्रों को दिन की शुरुआत में गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि कोलंबिया ने कक्षाएं रद्द कर दीं। इसी तरह बर्कले, एमआईटी और देश भर के अन्य शीर्ष कॉलेजों में भी विरोध के स्वर उभरे और छात्रों ने जमकर प्रदर्शन किए। पिछले साल सात अक्टूबर को हमास की ओर से इज़रायल पर रॉकेट दागे गए इसके बाद इज़रायल-गाजा युद्ध और मुक्त भाषणों, प्रदर्शनों और गरमागरम बहस ने अमेरिका विश्वविद्यालयों के परिसरों को हिलाकर रख दिया है। अमेरिका में दोनों पक्षों के छात्रों का मानना है कि तब से यहूदी विरोधी और इस्लामोफोबिक दोनों तरह घटनाओं में इजाफा हुआ है। राष्ट्रपति जो बाइडेन से कल विश्वविद्यालय कैम्पस में विरोध प्रदर्शनों के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने यहूदी विरोधी प्रदर्शनों के साथ-साथ उन लोगों की भी निंदा की जो यह नहीं समझते कि फिलिस्तीनियों के साथ क्या हो रहा है। इस बीच व्हाइट हाउस ने कॉलेज विरोध प्रदर्शनों में यहूदी विरोधी भावना की निंदा की है।



■ एमआईटी और देश भर के अन्य शीर्ष कॉलेजों में भी विरोध के स्वर उभरे और छात्रों ने जमकर प्रदर्शन किए


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ - 2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी :-

**05301/05302 मऊ - आनन्द विहार (ट) - मऊ ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक)** — 20 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05301 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05302 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 04:00 | मऊ | 14:30 | -- |
| 20:30 | – | आनन्द विहार (ट) | -- | 22:30 |

चलने की तिथिः 05301 मऊ और 05302 आनन्द विहार (ट) दिनांक 25.04.2024 से 27.06.2024 (गुरूवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनोमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : बेलथरा रोड, भटनी जंक्शन, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बुढ़वल, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद स्टेशन।

**05309/05310 मऊ - आनन्द विहार (ट) - मऊ ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक)** — 18 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05309 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05310 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 18:00 | मऊ | 04:00 | -- |
| 10:00 | – | आनन्द विहार (ट) | -- | 12:30 |

चलने की तिथिः 05309 मऊ से दिनांक 28.04.2024 से 23.06.2024 (रविवार) और 05310 आनन्द विहार (ट) से दिनांक 29.04.2024 से 24.06.2024 (सोमवार) तक।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : बेलथरा रोड, भटनी जंक्शन, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बुढ़वल, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद स्टेशन।

**05317/05318 छपरा - आनन्द विहार (ट) - छपरा ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक)** — 20 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05317 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05318 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 23:55 | छपरा | 17:30 | -- |
| 20:00 | – | आनन्द विहार (ट) | -- | 22:30 |

चलने की तिथिः 05317 छपरा से दिनांक 27.04.2024 से 29.06.2024 (शनिवार) और 05318 आनन्द विहार (ट) से दिनांक 28.04.2024 से 30.06.2024 (रविवार) तक।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : सीवान, थावे, तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर, गोंडा, बाराबंकी, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा और गाजियाबाद स्टेशन।

**05323/05324 छपरा - आनन्द विहार (ट) - छपरा ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक)** — 18 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05323 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05324 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 23:55 | छपरा | 17:30 | -- |
| 20:00 | – | आनन्द विहार (ट) | -- | 22:30 |

चलने की तिथिः 05323 छपरा से दिनांक 29.04.2024 से 24.06.2024 (सोमवार) और 05324 आनन्द विहार (ट) से दिनांक 30.04.2024 से 25.06.2024 (मंगलवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : सीवान, थावे, तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर, गोंडा, बाराबंकी, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा और गाजियाबाद स्टेशन।

**05325/05326 गोरखपुर - लोकमान्य तिलक (ट) - गोरखपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन (प्रतिदिन)** — 30 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05325 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05326 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 21:15 | गोरखपुर | 18:00 | -- |
| 02:45 | 02:55 | लखनऊ | 11:35 | 11:45 |
| 07:25 | – | लोकमान्य तिलक (ट) | -- | 10:25 |

चलने की तिथिः 05325 गोरखपुर से दिनांक 25.04.2024 से 10.05.2024 (27.04.2024 को छोड़कर) और 05326 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 27.04.2024 से 12.05.2024 (29.04.2024को छोड़कर) तक।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर, गोंडा, बाराबंकी, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना, भोपाल, इटारसी, खंडवा, भुसावल, नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण और ठाणे स्टेशन।

**05721/05722 कटिहार - आनन्द विहार (ट) - कटिहार ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक)** — 20 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05721 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05722 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 17:25 | कटिहार | 01:30 | -- |
| 18:50 | – | आनन्द विहार (ट) | -- | 23:25 |

चलने की तिथिः 05721 कटिहार से दिनांक 24.04.2024 से 26.06.2024 (बुधवार) और 05722 आनन्द विहार (ट) से दिनांक 25.04.2024 से 27.06.2024 (गुरूवार) तक।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहरावः नवगछिया, खगड़िया जंक्शन, बरौनी जंक्शन, हाजीपुर जंक्शन, छपरा, सीवान, गोरखपुर, बस्ती, मनकापुर, गोंडा, सीतापुर, चंदौसी, मुरादाबाद, हापुड और गाजियाबाद स्टेशन।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

**05305/05306 छपरा - आनन्द विहार (ट) - छपरा ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन (द्वि-साप्ताहिक)** — 36 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05305 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05306 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 23:55 | छपरा | 17:30 | -- |
| 20:00 | – | आनन्द विहार (ट) | -- | 22:30 |

चलने की तिथिः 05305 छपरा से दिनांक 30.04.2024 से 28.06.2024 (मंगलवार और शुक्रवार) और 05306 आनन्द विहार (ट) से दिनांक 01.05.2024 से 29.06.2024 (बुधवार और शनिवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : सीवान, थावे, तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर, गोंडा, बाराबंकी, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा और गाजियाबाद स्टेशन।

**01925/01926 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी - छपरा - वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक)** — 20 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01925 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01926 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 15:45 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 07:00 | -- |
| 22:10 | 22:15 | लखनऊ | 23:45 | 23:50 |
| 08:45 | – | छपरा | -- | 12:00 |

चलने की तिथिः 01925 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से दिनांक 24.04.2024 से 26.06.2024 (बुधवार) और 01926 छपरा से दिनांक 25.04.2024 से 27.06.2024 (गुरूवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहरावः मोठ, एट, उरई, कालपी, पुखरायां, भीमसेन, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, बाराबंकी, बुढ़वल, करनैलगंज गोंडा, मनकापुर, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी और सीवान स्टेशन।

**09490 गोरखपुर - साबरमती ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन** — 1 फेरा

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09490 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| गोरखपुर | 07:30 | -- |
| लखनऊ | 14:00 | 14:10 |
| साबरमती | – | 13:15 |

चलने की तिथिः 09490 गोरखपुर से दिनांक 25.04.2024 (गुरूवार) को।
स्थान : शयनयान।
ठहरावः खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर, अयोध्या धाम, कानपुर सेंट्रल, टूंडला, आगरा किला, अछनेरा, भरतपुर, बांदीकुई, जयपुर, फुलेरा, अजमेर, आबू रोड, पालनपुर और महेसाना स्टेशन।

**01056 गोरखपुर - दादर ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन** — 1 फेरा

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01056 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| गोरखपुर | 15:30 | -- |
| लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| दादर | – | 00:25 |

चलने की तिथिः 01056 गोरखपुर से दिनांक 25.04.2024 (गुरूवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहरावः बस्ती, गोंडा, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना, भोपाल, इटारसी, खंडवा, भुसावल, जलगाँव, मनमाड, नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण और ठाणे स्टेशन।

**04074 हजरत निजामुद्दीन- छत्रपति शिवाजी महाराज (ट) ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन** — 1 फेरा

| स्टेशन | Train No. 04074 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| हजरत निजामुद्दीन | 12:20 | -- |
| छत्रपति शिवाजी महाराज (ट) | – | 14:45 |

चलने की तिथिः 04074 हजरत निजामुद्दीन से दिनांक 24.04.2024 (बुधवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहरावः मथुरा, आगरा कैंट, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना, भोपाल, इटारसी, खंडवा, भुसावल, मनमाड, नासिक रोड, कल्याण और दादर स्टेशन।

**04048 हजरत निजामुद्दीन - सिकंदराबाद ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन** — 1 फेरा

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04048 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| हजरत निजामुद्दीन | 21:25 | -- |
| सिकंदराबाद | – | 02:55 |

चलने की तिथिः 04048 हजरत निजामुद्दीन से दिनांक 24.04.2024 (बुधवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहरावः मथुरा, आगरा कैंट, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना, भोपाल, इटारसी, नागपुर और बल्हारशाह स्टेशन।

**04044 नई दिल्ली - यलहंका जं. ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन** — 1 फेरा

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04044 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | 13:20 | -- |
| यलहंका जं. | – | 07:40 |

चलने की तिथिः 04044 नई दिल्ली से दिनांक 24.04.2024 (बुधवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहरावः मथुरा, आगरा कैंट, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना, भोपाल, इटारसी, नागपुर, बल्हारशाह, सिकंदराबाद, गुंतकल और धर्मवरम स्टेशन।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

1221/24 पर हमें फॉलो करें आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्रादेशिकी

**स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है आग से निकलने वाला धुआं**

**देहरादून।** उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग जहां एक तरफ वायुमंडल के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रही है, तो वहीं इंसानों के स्वास्थ्य के लिए इसका धुआं बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। बीडी पांडे अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉक्टर एस दुग्ताल बताते हैं जंगलों की आग से निकलने वाले धुएं से सांस की खतरनाक बीमारी, कैंसर समेत कई घातक बीमारियां हो सकती हैं। बुजुर्गों के लिए जंगलों का धुआं बेहद खतरनाक है, लिहाजा इससे बचाव किया जाना चाहिए।

## भाजपा को 400 पार के लिए किसी दूसरे देश में चुनाव लड़ना होगा : पी. चिदंबरम

**शिमला,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व वित्त मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने पीएम मोदी व भाजपा पर निशाना साधा है। न्यायालय में निजी कार्य से शिमला

■ भाजपा शासन में देश आर्थिक व सामाजिक तौर पर खंडित हुआ



पहुंचे पी. चिदंबरम ने पीएम मोदी से जानना चाह है कि वह कांग्रेस के घोषणा पत्र में तुष्टिकरण के बारे में जिक्र कहां किया गया है इस बारे स्थिति साफ करें। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में देश आर्थिक व सामाजिक तौर पर खंडित हुआ है। एससी,एसटी समेत सभी धर्मों के गरीब लोगों के साथ अन्याय हुआ है। शिमला में पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताना चाहिए कि इसमें तुष्टिकरण का उल्लेख कहां है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में हर वर्ग के न्याय की बात कही गई है। लिहाजा हर तरफ कांग्रेस के घोषणा पत्र की चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत भाजपा का घोषणा पत्र आया और दो घंटे में गायब हो गया। भाजपा के घोषणा पत्र के पहले पेज पर लिखा है मोदी की गारंटी। क्या राजनीतिक दल का घोषणा पत्र ऐसा होता है? उन्होंने कहा कि पीएम मोदी कांग्रेस से ईर्ष्या करते हैं। लिहाजा इस तरह की बातें करते हैं । उन्होंने विनम्रता पूर्वक कहाकि टिप्पणी करने से पहले पीएम को कांग्रेस के घोषणा पत्र का पढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज किए गए , अब जनता कांग्रेस की मदद करेगी। भाजपा को इलैक्टोरल बॉड से 8500 करोड़ मिले। लिहाजा भाजपा के प्रचार की बराबरी कोई नहीं कर सकता। यह लेवल प्लेयिंग फील्ड नहीं है। भाजपा के 400 पार वाले नारे पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि उसे 400 पार के लिए किसी दूसरे देश में चुनाव लडऩा होगा। कहा कि भाजपा तमिलनाडु में सभी 25 और केरल में सभी 20 सीटें हार रही है । लिहाजा कैसे 400 पार होगा।

### भाजपा शासन में महिलाओं पर अपराध के रिकॉर्ड 9876 मामले दर्जः भवानी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया ने कहा है कि पालमपुर में हुई घटना बेहद दुखद है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी सरकार के पांच वर्ष के कार्यकाल में महिलाओं के साथ अपराध के कुल 9876 मामले दर्ज किए गए, जो प्रदेश की किसी भी सरकार के कार्यकाल का रिकॉर्ड है। श्री पठानिया ने कहा कि पालमपुर की घटना को लेकर भाजपा का इस पर राजनीति करना उनकी संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पीड़ित परिवार को इलाज के खर्च के साथ-साथ हर संभव मदद का आश्वासन दिया है लेकिन भाजपा नेता इस मामले पर राजनीतिक रोटियाँ सेंक रहे हैं।

## शोभायात्रा का रूट बदलने की मांग तुष्टिकरण: चौहान

### बोले, सनातन पर ढोंग करते रहे है हरदा

**देहरादून,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा ने कहा कि पूर्व सीएम और कांग्रेस नेता हरीश रावत सनातन को लेकर ढोंग करते रहे हैं और तुष्टिकरण के लिए हनुमान जयंती के रूट को बदलने की पैरवी कर रहे हैं। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति करते करते सनातन विरोधी भगवनाओं को हवा देने मे जुट गए है। उन्होंने कहा हरदा शांतिपूर्ण और सभी पक्षों से संयम की अपील के बजाय जुलूस मे शामिल श्रद्धालुओं को निशाने पर ले रहे हैं। चौहान ने हरदा के बयान को एक पक्षीय और अपतिजनक बताया जिसमे कहा गया कि बजरंग बली के भक्त हथियार लेकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता पथराव और आगजनी करने वालो को जिस तरह शांति दूत होने का तगमा दे रहे है वह दुर्भाग्यपूर्ण और सनातन मतावलंबियो का सरासर अपमान है। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण के लिए जुमे की नमाज के लिए छुट्टी की घोषणा, मुस्लिम यूनिवर्सिटी और तमाम तरह के सनातन विरोधी भावनाएं सामने आती रही है। जनता ने उन्हें पहले भी कांग्रेस को सबक सिखाया और अब फिर जल्दी ही उन्हें सनातन के विरोध की कीमत चुकानी पड़ेगी। चौहान ने प्रशासनिक मशीनरी को धमकाने के लिए पूर्व सीएम हरीश रावत की कड़ी निन्दा करते हुए इसे हार निश्चित मानने वाले कांग्रेस नेताओं की हताशा बताया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ऐसी धमकियों से कानूनी प्रक्रिया प्रभावित नही होने वाली है और भाजपा संवैधानिक सिस्टम और जनता के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। उन्होंने कटाक्ष किया कि एक दिन पहले उनके प्रदेश अध्यक्ष समेत तमाम बड़े नेता शांतिपूर्ण एवं सकुशल मतदान संपन्न होने पर संतुष्टि जता रहे थे, वहीं





हरीश रावत के हर बयान पर भाजपा कर रही पलटवार

अब पूर्व सीएम अपने कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न का झूठा आरोप लगा रहे हैं। जबकि देश दुनिया ने देखा है कि कितनी पारदर्शिता, मुस्तैदी और संविधानसम्मत प्रक्रिया के तहत चुनाव आयोग के अधीन प्रशासन ने मतदान तक की सभी गतिविधियों को संपन्न कराया है। ऐसे में जिन लोगों ने अपने बड़े नेताओं की शह पर कानून अपने हाथों में लेनें का काम किया और अति उत्साह में विपक्षियों की छवि बिगाड़ने के लिए षड्यंत्र किया, ऐसे सभी लोगों के प्रकरण में कानूनी प्रक्रिया चल रही है। पूर्व सीएम और प्रदेश में कांग्रेस के सबसे बड़े नेता का इस तरह सार्वजनिक रूप से जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों को धमकी देना किसी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है।

**सार संक्षेप**

### मतदान केंद्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं करवाएं उपलब्धः बैरवा

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा के जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त हेमराज बैरवा ने मंगलवार को ज्वालामुखी के खुंडियां, बारीकलां तथा लगडू में पोलिंग बूथों का तथा नगरोटा विस क्षेत्रों के बड़ोह क्षेत्र में विभिन्न पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया तथा बूथ लेवल अधिकारियों को बुजुर्गों, महिलाओं व दिव्यांगों की सुविधा के लिए मतदान केन्द्रों में रैंप, सुलभ शौचालय, पेयजल व उचित प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को पोलिंग बूथों की स्थापना के लिए चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार आवश्यक प्रबंधों की रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। उपायुक्त ने कहा कि कांगड़ा जिला के 15 विधानसभा क्षेत्रों में 1642 पोलिंग बूथ स्थापित किए गए हैं जिसमें 33 मॉडल पोलिंग बूथ स्थापित किए जाएंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया जा सके।

### एसीबी ने रिश्वत के तीन आरोपी गिरफ्तार किए

**चंडीगढ़।** हरियाणा फरीदाबाद भ्रष्टाचार निरोधक (एसीबी) ब्यूरो की टीम ने आबकारी एवं कराधान विभाग में तैनात ईटीओ भूषण कुमार, सेवादार मनोज तथा निजी व्यक्ति इंद्रजीत उर्फ चुन्नीलाल को रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी मनोज कुमार को पांच लाख 20 हज़ार रु की रिश्वत के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। इस मामले में आरोपियों से कुल 10 लाख 84 हजार रुपए की राशि की रिकवरी की गयी है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि एसीबी को शिकायत प्राप्त हुयी थी, सेवादार मनोज द्वारा छह लाख 80 हज़ार रु की रिश्वत की मांग निजी व्यक्ति इंद्रजीत के माध्यम से ईटीओ भूषण कुमार के कहने पर की जा रही है। भूषण कुमार द्वारा शिकायतकर्ता पर निजी वाहन में इलेक्ट्रिक मोटर को जब्त कर लगाये गये जुर्माने को कम करने के बदले में रिश्वत की मांग की थी।

### रबड़ के पाइपों में लगी भीषण आग

**हिसार।** हरियाणा में हिसार के सिरसा चौक पर रविदास छात्रावास के पास मंगलवार रबड़ की सीवरेज पाइपों में आग लगने से आसपास के एरिया में हडकंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इसमें किसी जान का नुकसान नहीं है। दमकल विभाग की आठ गाडियों ने करीब दो घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। शहर में सीवरेज की लाइन बिछायी जा रही है। इन पाइपों के पास ही बिजली की ट्रांसफार्मर है। तेज हवाओं के चलते ट्रांसफार्मर में स्पार्किंग हुई। कुछ चिंगारी जमीन पर आ गिरी। नीचे घास-फूस प्लास्टिक आदि कचरे में आग लग गयी। यह आग रबड़ पाइपों में पहुंचकर भीषण हो गयी।

### फतेहाबाद में तेज बारिश मंडियों में गेहूं भीगी

**फतेहाबाद।** हरियाणा में फतेहाबाद जिला के टोहाना, रतिया और जाखल इलाके में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इससे एक ओर जहां गर्मी से राहत मिली, वहीं मंडियों में पड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह से भीग गयी। प्रशासन और खरीद एजेंसियों की लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक फतेहाबाद में आज सुबह मौसम ने अचानक करवट ली। फतेहाबाद में आसमान में काले बादल छा गये, मगर तेज हवाओं के कारण बादल बिना बरसे कुछ ही देर में छंट गए।

### मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने पालमपुर की घटना पर दुख व्यक्त किया

**शिमला,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने पालमपुर की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि भाजपा इस घटना का कोई राजनैतिक लाभ नही ले सकती। उन्होंने कहा है कि यह घटना बहुत ही दुखदाई है । पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है और उसे कानून के तहत कठोर सजा दी जाएगी। इस घटना को प्रदेश की कानून व्यवस्था के साथ जोड़ कर कदापि नही देखा जाना चाहिए,जैसा कि भाजपा के नेता जगह जगह अपनी चुनावी जनसभाओं में इस घटना के बाद प्रदेश में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहें हैं। संजय अवस्थी ने कहा है कि सरकार पीड़ित महिला व उनके परिवार के साथ खड़ी है और उसे पूरा न्याय दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पीड़ित परिवार से मिल कर घायल युवती के स्वास्थ्य उपचार का पूरा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन करने की पहले ही घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसी घटनाएं बहुत ही दुखदाई होती है पर ऐसी किसी भी घटना पर कोई राजनीति नही होनी चाहिए। संजय अवस्थी ने कहा है कि इस समय प्रदेश में भाजपा के पास चुनावों के लिये कोई मुद्दा नही है।

## डीएम ने केदारनाथ धाम से गौरीकुंड तक किया पैदल निरीक्षण

**रुद्रप्रयाग,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने केदारनाथ धाम से गौरीकुंड तक यात्रा मार्ग का पैदल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं तैयारी का जायजा लिया। यात्रा मार्ग पर सेंचुरी एरिया एवं वन क्षेत्र में घोड़े- खच्चरों की लीद से घास के मैदान एवं वन संपदा को हो रही क्षति पर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने पूरे यात्रा मार्ग में घोड़े-खच्चरों के रात्रि विश्राम को प्रतिबंधित कर दिया है। इसके साथ ही संवेदनशील एवं डेंजर जोन में किसी भी हाल में दुकान एवं फड़ न लगने देने के निर्देश भी संबंधित विभागों को दिए।

जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने केदारनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित एजेंसियों से प्रगति रिपोर्ट जानी। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर से लेकर गोल चबूतरे, मंदाकिनी एवं सरस्वती घाट पर चल रहे निर्माण कार्यों के अलावा अन्य निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए आगामी यात्रा से पहले सभी प्राथमिक सुविधाएं दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। इसके साथ ही आस्था पथ, वाटर एटीएम सहित



अन्य कार्य भी यात्रा शुरू होने से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके बाद गौरीकुंड तक यात्रा मार्ग का पैदल निरीक्षण कर बिजली-पानी, स्ट्रीट लाइट, रेन शेड, रेलिंग एवं मार्ग से जुड़े सभी कार्य यात्रा शुरू होने से पहले पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए।

■ यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों के रात्रि विश्राम पर लगाया प्रतिबंध

जिलाधिकारी ने यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों की लीद से घास के मैदान एवं वन संपदा को हो रही क्षति की भरपाई एवं सेंचुरी क्षेत्र की सुरक्षा के लिए गौरीकुंड से लेकर केदारनाथ धाम स्थित घोड़ा पड़ाव तक घोड़े-खच्चरों के रात्रि विश्राम पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही टेंट या दुकानों की आड़ में भी घोड़े-खच्चरों को यात्रा मार्ग पर रुकने की अनुमति नहीं होगी। बताया कि न्यायालय ने सेंचुरी क्षेत्रों में घास के मैदानों का दोहन किसी भी हाल में न होने देने के आदेश दिए हैं। ऐसे में केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चर एवं उनके मालिकों द्वारा अवैध रूप से नियमों का उल्लंघन कर वन संपदा के दोहन को रोकने के लिए यह निर्णय लिया जा रहा है। इस वर्ष से घोड़े-खच्चर केवल घोड़ा पड़ावों पर ही विश्राम कर सकेंगे। इन नियमों का उल्लंघन करने वाले घोड़े-खच्चर मालिकों एवं व्यवसायियों पर भारी जुर्माना एवं लाइसेंस रद्द करने तक की कार्रवाई का प्रावधान रखा जाएगा। जिलाधिकारी ने घोड़े-खच्चरों एवं उनके मालिकों की सुविधा के लिए छोटी लिंचोली के समीप घोड़ा पड़ाव बनाने का प्रस्ताव भी तैयार करने के निर्देश लोनिवि को दिए हैं। ताकि अवैध जगहों के स्थान पर प्रशासन द्वारा बनाए जा रहे सुविधाजनक स्थानों पर घोड़े-खच्चर रह सकें। जिलाधिकारी ने आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दन सिंह रजवाड़ एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रूप से पूरे यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर रोजगार की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों को चिन्हित करते हुए दुकान एवं टेंट के लिए प्रस्तावित करने के निर्देश दिए हैं।

## हनुमान जन्मोत्सव पर कैंची धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**हल्द्वानी,** 23 अप्रैल (देशबन्धु) उत्तराखंड के नैनीताल जनपद में स्थित बाबा नीब करौरी महाराज के कैंची धाम मंदिर में वैसे तो हर रोज श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। लेकिन हनुमान जन्मोत्सव और 15 जून को बाबा नीम करौली महाराज की जयंती के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से बाबा नीब करौरी महाराज को याद करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

बाबा के भक्त बाबा नीब करौरी को भगवान हनुमान जी का अवतार मानते हैं। आज हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु बाबा नीब करौरी महाराज के कैंची धाम आश्रम में दर्शन करने पहुंचे हैं। खास बात यह है कि मंगलवार के दिन को भगवान हनुमान जी का दिन माना जाता है। इस बार हनुमान जन्मोत्सव मंगलवार के दिन पड़ने से अधिक संख्या में श्रद्धालु बाबा नीब करौरी महाराज का दर्शन कर उनका आशीर्वाद ले रहे हैं। माना जाता है कि कैंची

■ बाबा नीब करौरी के दर्शन करने पहुंचे देशभर से भक्त



धाम आश्रम में बाबा नीब करौरी महाराज भगवान हनुमान के अवतार के रूप में विराजमान हैं। बाबा अपने भक्तों की सभी मनोकामना पूरी करते हैं। बाबा नीब करौरी के भारत के अलावा विदेशों में भी भक्त हैं। यही वजह है कि देश-विदेश की प्रसिद्ध और नामचीन हस्तियां भी बाबा के मंदिर के चौखट पर माथा टेकने आती हैं। नैनीताल जिले के भवाली में कैंची धाम मंदिर पूरे विश्व में विख्यात है। महान संतों में विख्यात बाबा नीम करौरी के इस मंदिर को तपोस्थली माना जाता है।

### बाबा के भक्तों में शामिल हैं दुनिया भर की हस्तियां

हल्द्वानी मान्यता है कि 1960 के दशक में नीब करौरी बाबा ने इस मंदिर की स्थापना की थी और कैंची धाम मंदिर बाबा की तपोस्थली रही है। माना जाता है कि कैंची धाम आने वाले भक्तों को हनुमान जी की शक्ति और उपस्थिति भी महसूस होती है। बाबा नीब करौरी महाराज के भक्तों की संख्या असंख्य है। बाबा नीब करौरी के भक्तों की सूची में ऐसे शख्सों के भी नाम शामिल हैं, जिनके खुद करोड़ों में फॉलोअर्स हैं। बाबा के भक्तों में स्टीव जॉब्स, फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली, बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के अलावा हॉलीवुड और बॉलीवुड के अलावा कई उद्योगपति और प्रसिद्ध लोगों के नाम शामिल हैं।

## जयश्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हुई द्रोणनगरी, निकली भव्य शोभायात्रा

**देहरादून,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी आज हनुमान जंयती के अवसर पर जयश्री राम के जयकारों से गुंजायमान हो उठी। शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वहीं देहरादून सहित प्रदेशभर के अलग-अलग हिस्सों में सुंदरकांड का पाठ किया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में भव्य सजावट की गई। शहर में कई स्थानों पर शोभायात्रा निकाली गई तो मंदिरों में सुंदरकांड के पाठ के साथ ही अन्य धार्मिक आयोजन किए गए। शहर में कई जगह भंडारे भी लगाए गए। मंगलवार को राजधानी दून में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। झाझरा के श्रीबालाजी धाम में सवा 11 मन का लडडू बनाकर भोग लगाया गया। इसके साथ ही यहां हनुमानजी को सोने का चोला चढ़ाया गया। दून के श्रीपृथ्वीनाथ महादेव मंदिर में हनुमानजी की पूजा की गई।इसके अलावा मंदिर में विराजमान पंचमुखी सिंदुरिया हनुमानजी को चांदी का चोला चढ़ाया गया। यहां हनुमान जी को 51 किलो तिरंगा लडडू का भोग लगाया गया। प्रेमनगर के श्रीसनातन धर्म मंदिर में हनुमान जी को नया चोला पहनाया गया। इसके बाद बेसन और बूंदी के लडडू का भोग लगाया गया। वहीं यमुनोत्री धाम में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर हनुमान मंदिर के पुजारी भरत महाराज की अगुवाई में पूजा अर्चना कर कीर्तन भजन किए गए। कर्णप्रयाग में भी हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर झांकी निकाली गई। मंदिरों और घरों में सुंदरकांड पाठ किया गया।ग्राम धोलास स्थित श्रीधोलेश्वर महादेव मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर सुंदरकांड का पाठ किया गया। यहां आचार्य डॉ. बिपिन जोशी के सानिध्य में पंडित कमल जोशी ने पूजा कराई। इससे पहले मंदिर में स्थापित दक्षिणमुखी श्रीहनुमान जी को सिंदूर का चोला अर्पित किया और नए वस्त्र.आभूषण धारण कराए गए।

## प्रदेश में 24 घंटे में हुई रिकॉर्ड वनाग्नि की 52 घटनाएं

### गढ़वाल मंडल में हुई 177 तो कुमांऊ में हुई 215 घटनाएं, संरक्षित वन क्षेत्र में 39 स्थानों पर लगी आग


■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड के जंगलों में आग की घटनाएं अब बढ़ने लगी हैं। इस सीजन की सबसे ज्यादा आग लगने की घटनाएं रिकॉर्ड की गई। प्रदेश में पिछले 24 घंटे के भीतर 52 जगह पर आग

■ वनाग्नि की 11 लाख से ज्यादा की वन संपदा खाक

लगी, जिसे बुझाने में वन महकमे के पसीने छूट गए। चिंता की बात यह है कि घटनाओं के इस नए रिकॉर्ड ने आने वाले दिनों में वनाग्नि की दिक्कतों के बढ़ने के भी संकेत दे दिए।

उत्तराखंड के लिए मंगलवार का दिन बेहद चिंता भरा रहा। दरअसल प्रदेश के जंगलों में आग की घटनाओं ने इस सीजन के रिकॉर्ड तोड़ दिए। राज्य भर के जंगलों में कुल 52 जगहों पर आग लगने की घटनाएं रिकॉर्ड की गई।



5 महीने में दर्ज हुई 431 घटनाएं

इसमें 14 घटनाएं गढ़वाल मंडल में हुई तो वहीं 35 घटनाएं कुमाऊं मंडल के जंगलों के रिकॉर्ड हुई। इसके अलावा तीन घटनाएं वन्य जीव संरक्षित वन क्षेत्रों में मिली। इस तरह सोमवार को 24 घंटे के दौरान कुल 76.65 हेक्टेयर जंगल आग से प्रभावित हुए। जिसमें 165,300 रुपए की आर्थिक क्षति रिकॉर्ड की गई है।

प्रदेश में 1 नवंबर से अब तक आग लगने की कुल 431 घटनाएं रिकॉर्ड की जा चुकी हैं। इसमें गढ़वाल मंडल वाले वन क्षेत्र में 177 घटनाएं हुई हैं। कुमाऊं मंडल के जंगलों में 215 घटनाएं रिकॉर्ड की गई हैं। उधर वन्य जीव संरक्षित वन क्षेत्र में 39 जगह पर आग लगने की शिकायतें मिली हैं।

### सरोवर नगरी नैनीताल के चारों ओर भीषण आग से धधक रहे हैं जंगल

**नैनीताल।** गर्मियां शुरू होते ही नैनीताल समेत कुमाऊं भर के जंगलों में आग लगने की घटनाओं मैं तेजी से बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। सरोवर नगरी समेत आसपास के क्षेत्र के जंगलों में 24 घंटे से आग लगी हुई है। आग से जंगल जलकर खाक हो गए हैं। नैनीताल के बलदियाखान, ज्योलिकोट, मंगोली, खुरपाताल, देवीधुरा, भवाली, भीमताल और मुक्तेश्वर समेत आसपास के जंगलों में इन दिनों भीषण आग लगी है। जिससे अमूल्य वन संपदा चलकर खाक हो रही है। वहीं दूसरी ओर वायुमंडल और इंसानों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। जंगल आग उगल रहे हैं। वनाग्नि के कारण चारों तरफ धुआं छाया हुआ है। इससे हवा में पीएम 2.5 के स्तर में करीब पांच गुना बढ़ोत्तरी हो गई है। इन हालात ने वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों को चिंता में डाल दिया है। 15 फरवरी से 15 जून तक का फायर सीजन प्रदेश के जंगलों के लिए बेहद संवेदनशील होता है। शीतकाल में यदि अच्छी वर्षा और बर्फबारी हो जाए, तो जंगलों में आग लगने की अवधि पीछे खिसक जाती है। मगर इस वर्ष अन्य वर्षों की अपेक्षा बर्फबारी की बेरुखी के परिणाम गर्मी के मौसम के शुरुआत में ही नजर आने लगे हैं। अप्रैल की शुरुआत से ही अनियंत्रित रूप से सामने आ रही वनाग्नि की घटनाओं ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है। बीते वर्ष नवंबर से अब तक लगातार घट रही वनाग्नि की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। जिससे पहाड़ों पर चारों और धुआं छाया हुआ है।

### स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है आग से निकलने वाला धुआं

**देहरादून।** उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग जहां एक तरफ वायुमंडल के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रही है, तो वही इंसानों के स्वास्थ्य के लिए इसका धुआं बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। बीडी पांडे अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉक्टर एस दुग्ताल बताते हैं जंगलों की आग से निकलने वाले धुएं से सांस की खतरनाक बीमारी, कैंसर समेत कई घातक बीमारियां हो सकती हैं। बुजुर्गों के लिए जंगलों का धुआं बेहद खतरनाक है, लिहाजा इससे बचाव किया जाना चाहिए।

# प्रादेशिकी

## प्रयागराज में बीएसएनएल के भवन में लगी आग

**प्रयागराज,**23 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रयागराज के सिविल लाइन्स स्थित भारत संचार निगम भवन परिसर में ट्रांसफार्मर में आग लगने से सभी सेवाएं पूरी तरह ठप्प हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को भारत संचार निगम के ट्रसंसफार्मर में आग लग गई। आग की लपटे प्रथम, द्वितीय और तृतीय तल तक पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की चार गाडियां मौके पर पहुंची। उन्होंने करीब पांच घंटे के अथक परिश्रम के बाद आग पर करीब सुबह 10 बजे काबू पाया गया। आफिसों में लगे ब्राडबैंड भी ध्वस्त हो गए। आग के कारण बीएसएनएल के टॉवर में लगे केबल बुरी तरह जलकर नष्ट हो गए हैं। अग्निशमन अधिकारियों द्वारा निगम के अधिकारियों को प्लाई लगी बंद खिड़कियों को खुले रहने एवं दीवार के पास लगे जनरेटर को अन्यत्र स्थापित करने की सलाह दी गयी थी लेकिन उसपर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

# किसानों की अनदेखी कर कोई राजनीति नहीं कर पाएगा : योगी

■ **मुख्यमंत्री ने बडौत में विजय संकल्प रैली को किया संबोधित**

**लखनऊ/बागपत,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि अब देश में कोई भी राजनैतिक दल किसानों की अनदेखी कर राजनीति नहीं कर पाएगा। बडौत नगर के जनता वैदिक कॉलेज मैदान में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि पहले देश में जगह जगह धमाके होते रहते थे, जिसमें लोग भयभीत रहते थे और जान भी गंवानी पड़ती थी, लेकिन अब देश में कहीं भी तेज आवाज में पटाखा फटता है तो पाकिस्तान अपनी बेगुनाही की सफाई देता हुआ नजर आता है। दूसरी ओर राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) सुप्रीमो चौधरी जयन्त सिंह ने कहा कि चौधरी साहब की राजनीतिक विरासत को बचाने के लिए आरएलडी व भाजपा के संयुक्त प्रत्याशी डॉ.राजकुमार सांगवान को जिताना जरूरी है। योगी आदित्यनाथ और चौधरी जयंत सिंह के साथ ही चारू चौधरी ने मंगलवार को एक साथ मंच से वोटरों को साधा। दोनों ही जनसभा में एकसाथ पहुंचे, जबकि योगी उनके बाद जनसभा स्थल पहुंचे। जनसभा स्थल पर भारी संख्या में भाजपा व रालोद कार्यकर्ता मौजूद रहे। बागपत लोकसभा सीट से रालोद प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान भी मंच पर मौजूद रहे। इस दौरान सभी ने एनडीए समर्थित प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान के पक्ष में वोट मांगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह ने जिन मूल्यों और आदर्शो के लिए राजनीति की थी, वे अब धरातल पर नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर किसानों का सम्मान किया गया। अब किसानों को नजरअंदाज कर कोई राजनीति नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि राज्यों में एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन कर एक मंच पर आ गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में देश में सरिया कानून लाने की तैयारी है, जो तालिबानी शासन लागू करना चाहते हैं।



**राज्यों में एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले चुनाव में विपक्षी गठबंधन कर एक मंच पर आ गए हैं : योगी आदित्यनाथ**

### साठ साल सत्ता में रहने वाले अब गरीबी दूर करने का दे रहे नारा

योगी ने कहा कि साठ साल तक देश की सत्ता में रहने वाले अब गरीबी दूर करने का नारा दे रहे हैं। सपा ने अपने परिवार वालों को टिकट बांट दिए। उन्होंने कहा कि देश में धमाके होने बंद हो गए हैं। वहीं चौधरी जयन्त सिंह एवं चारू चौधरी ने अपने संयुक्त बयान में मंच से आह्वान किया कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की राजनीतिक विरासत को बचाने के लिए एनडीए प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान को जिताना जरुरी है। हमारा दल किसी जात-पात व विशेष समाज की बात नहीं करता। हमें सभी वर्गो एवं जातियों को साथ लेकर चलना है। इसीलिए एनडीए का नारा है सबका साथ सबका विकास। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के बीच आपसी फूट है, जो स्वयं एकजुट नहीं है वो देश का क्या भला कर सकते है। इस दौरान विधायक डॉ अजय कुमार, मदन भैया, राज्यमंत्री केपी मलिक, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं रालोद जिलाध्यक्ष आदि सैकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सपा गुंडों की पार्टी : केशव मौर्य

**फर्रुखाबाद,**23 अप्रैल (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी गुंडों की पार्टी है समाजवादी सरकार में खुलेआम गुंडागर्दी होती थी लोगों के खाली प्लाटों पर कब्जा कर लिया जाता था। योगी की सरकार में गुंडागर्दी बिल्कुल खत्म हो गई है गुंडे या तो जेल में है या प्रदेश छोड़कर चले गए हैं यह बात उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने फर्रुखाबाद लोक सभा 40 क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसदमुकेश राजपूत के चुनाव प्रचार में गुड़गांव देवी के पास एक गेस्ट हाउस में चुनावी जनसभा को संबोधित करते कहा। उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही गुंडे माफिया या तो जेल में है या प्रदेश छोड़कर चले गए हैं। फर्रुखाबाद जनपद में संकिसा बौद्ध नगरी का विकास हुआ है मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में ही नहीं पूरे भारतवर्ष में मोदी की लहर चल रही है। भाजपा सरकार में अयोध्या में राम मंदिर का भव्य निर्माण हुआ है। मोदी ने कश्मीर से धारा 370 को हटाया है। उन्होंने कहा कि गरीबों को पक्के मकान उज्वला योजना के तहत गैस फ्री में राशन दिया जा रहा है। भाजपा 400 के पार लोकसभा जीतने जा रही है। एक दौरान भाजपा सांसद मुकेश राजपूत विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी भोजपुरी विधायक नागेंद्र सिंह राठौड़ अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य कायमगंज विधायक डॉक्टर सुरभि गंगवार आदि मौजूद रहे।



## चुनाव के दौरान 31898.16 लाख की शराब, ड्रग व नकदी जब्त



■ **निर्वाचन आयोग के निर्देशों का किया जा रहा कड़ाई से अनुपालन**

**लखनऊ,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के अनुपालन में उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेंसियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती पर तेज कार्यवाही की जा रही है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 1 मार्च से 22 अप्रैल, 2024 तक कुल 31898.16 लाख रुपए की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किए गए हैं। इसमें 3123.56 लाख रुपए नकद धनराशि, 4279.08 लाख रुपए कीमत की शराब, 21177.55 लाख रुपए कीमत की ड्रग, 2161.59 लाख रुपए कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.38 लाख रुपए कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

**झांसी और कानपुर में भी हुई कार्रवाई**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 22 अप्रैल, 2024 को कुल 239.20 लाख रुपए कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 154.97 लाख रुपए नकद धनराशि, 56.43 लाख रुपए कीमत की 21047.32 लीटर शराब, 27.80 लाख रुपए कीमत की 297572 ग्राम ड्रग जब्त की गई। 22 अप्रैल, 2024 को प्रमुख जब्ती में जनपद हमीरपुर की हमीरपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 23.09 लाख रुपए नकद, जनपद झांसी की झांसी नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 31.85 लाख रुपए नकद तथा जनपद कानपुर नगर की आर्य नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 71 लाख रुपए नकद धनराशि पकड़ी गई। इसके अतिरिक्त जनपद बिजनौर की चांदपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 22.32 लाख रुपए अनुमानित कीमत की 279000 ग्राम ड्रग पकड़ी गई।

**सार संक्षेप**

### तालाब में मिला आढ़ती का शव

**फर्रुखाबाद।** तालाब में मिले शव की शिनाख्त हो गई । पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर जांच की। थाना कादरी गेट के सातनपुर आलू मंडी रोड़ पर सेंट्रल जेल चौराहे के निकट कटियार कोल्ड के सामने सड़क किनारे भरे पानी में युवक की लाश उतराती हुई मिली थी। शव को कुटरा निवासी अजय कटियार ने देखा और पुलिस 112 को सूचना दी। सातनपुर निवासी आकाश पुत्र यशपाल ने शव की शिनाख्त पवन प्रताप पुत्र राजबहादुर निवासी सिबिल लाइन एलडीएम ऑफिस के निकट फतेहगढ़ के रूप में की। सूचना पर थानांध्यक्ष कादरी गेट अवध नारायण पाण्डेय, कोतवाल फतेहगढ़ हरीश्याम, आईटीआई चौकी इंचार्ज सुरजीत सिंह, फील्ड यूनिट मौके पर पंहुची। भतीजे आकाश ने बताया की पवन की सातनपुर आलू मंडी में आढ़त थी। सूचना मिलने पर परिजनो में कोहराम मच गया। मृतक पवन प्रताप बीते सोमवार शाम से लापता था, इस संबध में उनके पुत्र अंशुमान उर्फ टीटू ने कोतवाली फतेहगढ़ को तहरीर दी। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर लोहिया अस्पताल में रखा दिया। कोतवाल फतेहगढ़ हरीश्याम ने बताया की मृतक की गुमशुदगी दर्ज हुई है। जांच की जा रही है। शव का पोस्ट मार्टम कराया जायेगा।

### शोभित में व्याख्यान का किया गया आयोजन

**मेरठ।** शोभित डीम्ड यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ एंड कॉन्स्टिट्यूशनल स्टडीज द्वारा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के तत्वावधान में अपना स्टार्टअप आरम्भ करने के लिए कैसे योजना बनाए और प्रस्तावित स्टार्टअप की सफलता के लिए अनुपालनीय आवश्यक विधिक और नैतिक कदमों पर एक विशेषज्ञ संवादात्मक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में तेजीपे टेक प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा के संस्थापक निदेशक और मुख्य रणनीतिक अधिकारी मोहित शर्मा ने छात्र-छात्राओं को समझाया कि स्टार्टअप क्या है, इसे शुरु करने के लिए बिन्दुवार योजना कैसे बनाएं, योजना बनाते समय किन-किन सावधानियों का पालन करें और इसे किस प्रकार पंजीकृत कराकर वित्त पोषण प्राप्त किया जा सकता है। विधि संकाय के निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2014 मे कार्यरत लगभग 350 स्टार्टअप्स के स्थान पर वर्तमान समय में लगभग एक लाख ग्यारह हजार स्टार्टअप आज युवाओं को अर्थ के साथ विभिन्न लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निकाली गई रैली

**मेरठ।** मेरठ में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु थर्ड जेंडर मतदाताओं द्वारा स्वीप योजनान्तर्गत शहर में रैली निकाली गई। रैली में थर्ड जेंडर मतदाताओं द्वारा आने वाली 26 अप्रैल 2024 को वोट डालने की अपील की गयी। जिला प्रशासन द्वारा थर्ड जेंडर, ट्रांसजेंडर की सहभागिता हेतु मतदाता शिक्षा एवं मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। रैली में थर्ड जेंडर रेशमा, जोया, अवंतिका, सन्नो, मन्नू, नायरा द्वारा रैली में भाग लिया गया तथा थर्ड जेंडर व्यक्तियों हेतु कार्य कर रही संस्था वाईआरजी केयर मेरठ के सदस्य अमन, इरफान व अन्य स्टाफ का सहयोग रहा।

## हनुमान जयंती पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए

**मवाना,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। हनुमान जयंती पर मंगलवार को जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंदिरों में सुंदरकांड का पाठ व भडारे आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भक्तों ने बालाजी महाराज के दरबार में पूजा अर्चना कर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। पक्का तालाब के सामने स्थित तहसील रोड पर शिव मंदिर में मंगलवार में दिन में दोपहर भंडारा किया गया और रात्रि में बालाजी महाराज का भव्य जागरण का आयोजन हुआ जिसमें कलाकारों ने भजनों के द्वारा बालाजी की महिमा का गुणगान किया। भव्य जागरण संकट मोचन सेवा मंडल के तत्वावधान में किया गया। मंडली के कलाकार अमित शर्मा, सीपी गौतम, अशोक कुमार, मोतीलाल गुप्ता, मांगेराम अग्रवाल, श्यामलाल गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार आदि भक्तजनों का विशेष सहयोग रहा। इसके अलावा पांडव चौक स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का पाठ हुआ। बाबा को चोला पहनाया गया और सुंदरकांड के पाठ के बाद आरती की गई। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता सुभाष दीक्षित, महेंद्र पाल रस्तोगी एडवोकेट, बाला देवी, रेखा रस्तोगी, कामनी शर्मा, मिनाक्षी, दीपक शर्मा आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



## मवाना मिल ने पेराई सत्र बंदी का अंतिम नोटिस दिया



■ **24 अप्रैल की रात तक बंद हो जाएगी मिल**

**मवाना,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। मवाना मिल के अफसरों ने पेराई सत्र 2023-24 के पेराई सत्र की बंद करने का तीसरा व अंतिम नोटिस मंगलवार को जारी कर दिया गया है। नोटिस के अनुसार 24 अप्रैल को देर रात तक मिल का वर्तमान पेराई सत्र बंद हो जाएगा। मवाना मिल का पहिया जाम हो जायेगा। इस सूचना के बाद क्षेत्र के अनेक किसान मिल पर गन्ने से भरे अपने वाहन लेकर पहुंचने लगे हैं। मिल के केन यार्ड में वाहनों की भीड़ लग गई है। मवाना चीनी मिल को पिछले एक सप्ताह से कृषकों द्वारा कम गन्ना आपूर्ति की जा रही है, जिस कारण पेराई सत्र 2023-24 का तीसरा व अंतिम नोटिस मंगलवार को जारी किया है, जिसमें 24 अप्रैल को मिल बंद करने की बात कही है। नोटिस के अनुसार पेराई योग्य गन्ना उपलब्ध नहीं होने के कारण मिल अपनी पूर्ण क्षमता से गन्ने की पेराई नहीं कर पा रही है, जिसके कारण मिल नो केन की स्थिति से जूझ रही है। इसी कारण चीनी मिल को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

चीनी मिल के महाप्रबन्धक (गन्ना) प्रमोद बालियान ने कृषको से अपील की है कि यदि किसी कृषक के पास आपूर्ति योग्य गन्ना है तो वह चीनी मिल पर 24 अप्रैल तक हर हालमें आपूर्ति कर दें, वरना 24 अप्रैल को मिल पेराई कार्य बंद कर देगी। 24 अप्रैल के बाद किसी कृषक को गन्ना नहीं लिया जाएगा।

## यूपीएससी में सफल युवक का ग्रामीणों ने किया स्वागत



**मवाना,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। यूपीएससी परीक्षा में सफलता का परचम लहराने के बाद अपनी मौसी के यहां पहुंचने रोहित त्यागी का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। सफल हुए भांजे को देखकर मौसी मौसी के खुशी के आंसू छलक आए वहीं पूरा गांव खुशियों से झूम उठा। फूल माला पहनाकर लोगों ने होनहार बेटे का स्वागत किया। पूपीएससी में सफलता का परचम लहराने वाले रोहित त्यागी मुल रूप से दिल्ली के झरोदा माजरा बुराडी के रहने वाले है। यूपीएससी की परीक्षा में 64वीं रैंक हासिल करने के बाद अपनी मौसी के यहां ब्लाक क्षेत्र के कौल गांव पहुचे तो ग्रामीणों ने युवक का स्वागत किया। परीक्षा के बाद प्रथम बार घर आने पर क्षेत्र के लोग उनके साथ सर्वप्रथम थाने के पास स्थित मां दुर्गा के मंदिर पर पहुंचे। जहां माथा टेका तथा लोगों ने आतिशबाजी व ढोल नगाड़े के साथ नृत्य करते हुए सैकड़ों लोग उनके साथ घर पहुंचे।

## पुस्तकें ही हमारी सबसे अच्छी मित्र होती है : अनुप्रिता



■ **विश्व पुस्तक दिवस पर पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित**

**मेरठ,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर विनायक विद्यापीठ के पुस्तकालय में पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसकी शुरुआत संस्थान की प्राचार्या डॉ अनुप्रिता शर्मा ने की पुस्तकालय के अध्यक्ष नरेंद्र राणा ने बताया कि इस प्रदर्शनी को लगाने का हमारा मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियो को पाठ्यक्रम के अतिरिक्त विविध ज्ञानोपयोगी पुस्तकों की ओर आकर्षित करना है, उन्होंने बताया कि इस प्रद्शनी में सामान्य ज्ञान की पुस्तकें, विभिन्न प्रतियोगिताओं से संबंधित पुस्तकें, ग्रंथ, मुद्रित पत्र-पत्रिकाएं सम्मिलित की गई। संस्थान की प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा ने विद्यार्थियों को विश्व पुस्तक दिवस की शुभकामनाए दी और कहा कि आज का दौर तकनीकी का दौर है आजकल सभी विद्यार्थी मोबाइल का प्रयोग करते हैं जिससे विद्यार्थियों को सही और पूर्ण जानकारी प्राप्त नहीं हो पाती क्योंकि सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी अधिक प्रदान की जाती है इसलिए सभी विद्यार्थियों को अपनी जानकारी एव ज्ञान बढ़ाने के लिए पुस्तकों को पढ़ना चाहिए क्योंकि पुस्तके ही हमारी सबसे अच्छी मित्र होती है।

वही संस्थान के निदेशक इंजी. विकास कुमार ने विश्व पुस्तक दिवस की विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## कृषक इण्टर कालेज के मेधावियों को किया सम्मानित

**मवाना,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। मेरठ रोड स्थित रूद्रा ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन ने मंगलवार को कृषक इंटर कालिज के मेधावियों छात्र छात्राअें का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार ने व संचालन विनोद कुमार ने किया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार ने बताया कि आज विद्यालय में रूद्रा ग्रुप आफ इन्स्टिट्यूशन के सहयोग से मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यालय के हाईस्कूल व इण्टरमडिएट में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं व जनपद में प्रथम व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली विद्यालय की छात्रा हादिया अफरोज व खुशी कन्नौजिया व इण्टरमडिएट में क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मौ हम्माद को उनके अभिभावकों की गौरवमयी उपस्थिति में प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र व मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया है। रूद्रा ग्रुप की यह प्रशंसनीय पहल छात्र छात्राओं का मनोबल बढ़ाने में अहम साबित होगी। रूद्रा ग्रुप के एडमिनिस्ट्रेटिव हैड सुमित काकराण ने अपने सम्बोधन में कहा कि वर्षों से निरन्तर रूद्रा ग्रुप ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं का सम्मान व सहयोग करता आ रहा है। कार्यक्रम में अकेडमिक कोर्डिनेटर संजीत सिंह, डीन रुचिका गुप्ता व बीबीए हैड आफ डिपार्टमेंट मोनी उपाध्याय, विनोद कुमार, डॉ.अनिता रानी, नरेशपाल, देवेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने अमेठी में कोई काम नहीं किया : स्मृति ईरानी

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना भगवान श्रीराम से की है। जबकि कांग्रेस पार्टी की तुलना रावण के लंका से की है। उन्होंने कहा कि मोदी श्रीराम है। हम सब मोदी के हनुमान है। मोदी के हनुमान बनकर कांग्रेस की लंका जलाना है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी में डटी हुई है। वे हर रोज 18 से 20 सामाजिक चौपाल करती है। इनकी चौपाल में गरीब अमीर सभी घरों के वोटर होते हैं। मोदी योगी के कार्यों के साथ अपने पांच साल के विकास कार्यों को जनता के सामने रखती है। स्मृति ईरानी ने कहा कि वायनाड में चुनाव होने के बाद राहुल गांधी 26 अप्रैल के बाद अमेठी आएंगे। फिर अमेठी की जनता को बड़े-बड़े सपने दिखाएंगे। अमेठी को अमेरिका बनाने का वादा करेंगे। जबकि 15 साल अमेठी में सांसद थे। लेकिन कोई काम नहीं किए हैं। स्मृति ईरानी पांच साल में बड़े-बड़े विकास काम किए हैं। लेकिन राहुल गांधी 15 साल में कुछ नहीं किए थे। उन्होंने कहा कि जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं। राहुल गांधी रामलला का न्यौता ठुकरा दिया था।



■ **जो राम का नहीं, वह किसी काम का नहीं**

**तैयारी** — *सामान्य प्रेक्षक ने कलेक्ट्रेट सभागार स्थित वेबकास्टिंग कंट्रोल रुम का किया निरीक्षण*

## मतदान संबंधी कार्यों को पूर्ण करें अधिकारी : दीपक मीणा

**मेरठ,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। एनआईसी मेरठ में ईवीएम वीवीपैट मशीनों का ऑनलाईन रैण्डमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा सामान्य प्रेक्षक गुरिन्दर पाल सिंह सहुता तथा समस्त प्रत्याशी/प्रतिनिधिगण के समक्ष किया गया। सामान्य प्रेक्षक गुरिन्दर पाल सिंह सहुता द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार स्थित वेबकास्टिंग कंट्रोल रुम का निरीक्षण किया गया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मंगलवार को लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कालिज मेरठ के सभागार में जिला निवार्चन अधिकारी/जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा समस्त बीएलओ व सैक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक आहूत की गई। उन्होंने समस्त बीएलओ को मतदान पर्ची वितरण के पश्चात एएसडी सूची बनाने तथा मतदान वाले दिन ससमय बूथ पर पहुंचने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी बलराम सिंह ने बताया कि जनपद में एफएसटी (उडन दस्ता)/एसएसटी व पुलिस विभाग की गठित टीमो द्वारा दिनांक 23.04.2024 को 264 लीटर शराब अंकन 68,640 का जब्तीकरण किया गया। कलक्ट्रेट बचत भवन में बनाये गये कन्ट्रोल रूम में स्थापित लैण्ड लाईन नम्बर 0121-2664134 एवं टोलफ्री नं. 1950 पर कुल 2 शिकायत प्राप्त हुई, जिनका निस्तारण कर दिया गया।



■ **जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त बीएलओ व सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ की बैठक**

आज जनपद मेरठ में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु थर्ड जेंडर मतदाताओं द्वारा स्वीप योजनान्तर्गत शहर में रैली निकाली गयी। रैली में थर्ड जेंडर मतदाताओं द्वारा आने वाली 26 अप्रैल को वोट डालने की अपील की गयी। जिला प्रशासन द्वारा थर्ड जेंडराट्रांसजेंडर की सहभागिता हेतु मतदाता शिक्षा एवं मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, रैली में थर्ड जेंडर रेशमा, जोया, अवतिका सन्नो, मन्नू, नायरा आदि द्वारा रैली में भाग लिया गया तथा थर्ड जेंडर व्यक्तियों हेतु कार्य कर रही संस्था वाईआरजी केयर मेरठ के सदस्य श्री अमन सिंह, इरफान अली व अन्य स्टाफ का सहयोग रहा। लोक गायक शाहिद रजा श्रावस्ती द्वारा मतदान गीत गाकर लोगो को योट करने हेतु प्रेरित किया गया। रैली में समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों एवं स्वीप से सुश्री कौसर जहां की उपस्थिति में उक्त कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जनपद में आदर्श आचार सहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है।

## मेरठ पब्लिक स्कूल मेंन विंग के छात्र ने बिखेरी रजत चमक

**मेरठ,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। मेरठ पब्लिक स्कूल मेंन विंग के कक्षा 12वीं के छात्र अंशुल सोलंकी ने चौधरी केहर सिंह पब्लिक स्कूल बड़ौत में आयोजित 34वीं बास्केटबॉल जूनियर स्टेट चैंपियनशिप 2024 के फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त कर परिवार एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया। सेमीफाइनल में मेरठ की टीम ने गौतमबुद्ध नगर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जिसमें मेरठ की टीम ने अपने प्रतिद्वंदी वाराणसी की टीम को कड़ी टक्कर देते हुए चैंपियनशिप के फाइनल मैच में रजत पदक प्राप्त किया।



मेरठ टीम के अंतर्गत खेलते हुए अंशुल सोलंकी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थी की इस अभूतपूर्व सफलता पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अलका श्रीवास्तव गौड़ एवं समस्त प्रबंध समिति ने हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# मेरठ लोकसभा : रामायण के राम का वनवास या राजतिलक!

## इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी से जातीय समीकरण के जंजाल में फंसे 'राम'

■ देवेंद्र सिंह

**मेरठ,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। रामानंद सागर की रामायण सीरियल में श्रीराम की भूमिका करने वाले अरुण गोविल का राजनीतिक पारी में वनवास होगा या राजतिलक इसका फैसला मेरठ के मतदाता 26 अप्रैल को मतदान कर करेंगे। मेरठ लोकसभा चुनाव का चुनाव दूसरे चरण में होगा। आज शाम को चुनाव प्रचार थम जाएगा। पिछले तीन लोकसभा चुनाव से लगातार भाजपा सांसद राजेंद्र अग्रवाल जीत हासिल करते आ रहे हैं। लेकिन इस बार समीकरण कुछ अलग है। कुछ समुदाय की भाजपा से नाराजगी के चलते समीकरण बदल भी सकते हैं। भाजपा को भी एहसास हो चुका है कि इस बार मेरठ का किला फतह करना आसान नहीं है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्य समेत भाजपा कई बड़े नेता चुनावी रैली कर चुके हैं। मेरठ लोकसभा सीट के जातीय समीकरण के कई रंग हैं, यहां की सियासत अलग ही कहानी बयां कर रही है, मेरठ में जाति का समीकरण भाजपा के पक्ष में नहीं दिख रहा है लेकिन हिंदुत्ववादी राजनीति के दम पर भाजपा ये सीट निकालना चाहती है।

दरअसल भाजपा ने यहां रामायण के राम को उतारकर पूरे उत्तर प्रदेश को अयोध्या के राम की याद दिलाने कोशिश की है, भाजपा की पूरी कोशिश है कि चुनाव में मतदाता अयोध्या में बीती 22 फरवरी को हुए प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को भी याद रखें, लेकिन मेरठ सीट पर जो समीकरण बन गए हैं उस लिहाज से पार्टी के लिए जरूरी है कि मेरठ के वोटर अयोध्या को जरूर याद रखें। साफ है राम की जीत राम भरोसे पर ही टिकी है।

मेरठ लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी ने सामान्य सीट पर पिछड़ा वर्ग से आने वाली सुनीता वर्मा को टिकट दिया है और बहुजन समाज पार्टी ने अगड़ी समुदाय से आने वाले देवव्रत त्यागी को चुनावी मैदान में उतारा है।

लोकसभा चुनाव के मैदान में तीनों ही खिलाड़ी नए 'राम' मेरठ के जातीय समीकरण के जंजाल में फंसते नजर आ रहे हैं, सपा-बसपा का जातीय समीकरण भाजपा की राह में चुनौतियां बन रहा है। देशबन्धु की इस तहकीकात में आप जानेंगे कैसे सपा-बसपा का दलित-मुस्लिम गठजोड़ भाजपा की मुश्किल बढ़ा रहा है।



### क्या है मेरठ का जातीय समीकरण

2017 में सुनीता वर्मा को मुस्लिम-दलित समीकरण के सहारे ही जीत मिली थी। अखिलेश यादव ने शायद इसी समीकरण के सहारे ही सुनीता वर्मा को मैदान में उतारा है क्योंकि मेरठ में करीब 9 लाख वोटर से भी ज्यादा वोटर दलित-मुस्लिम से बताए जाते हैं। ये मेरठ की कुल जनसंख्या का करीब आधा है।

हालांकि भाजपा ने भी मेरठ में जातीय समीकरण का ख्याल रखा है, मेरठ से अभी राजेंद्र अग्रवाल भाजपा सांसद हैं, उन्हीं की तरह अरुण गोविल भी अग्रवाल हैं, पार्टी ने अरुण गोविल को मेरठ के लिए चुना क्योंकि उन्हें भगवान राम का प्रतिनिधि चरित्र और हिंदुत्व का चेहरा माना जाता है।

**रामायण के राम का मेरठ से क्या है नाता**

अरुण गोविल का जन्म मेरठ में ही हुआ था, कहा जाता है कि वह अपने जीवन के पहले 17 साल मेरठ में रहे, 1966 में राजकीय इंटर कॉलेज मेरठ से 10वीं कक्षा और 1968 में राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज सहारनपुर से 12वीं कक्षा की पढ़ाई पूरी की। 1972 में उन्होंने आगरा यूनिवर्सिटी से बीएससी की डिग्री ली, अपने गृहनगर मेरठ से चुनाव से वह चुनाव लड़ रहे हैं।

**राम की नैया पार लगाने सीता और लक्ष्मण भी उतरे**

अरुण गोविल रामानंद सागर की 'रामायण' में श्रीराम राम का भूमिका निभा कर प्रसिद्धी पाई थी। सोमवार को रामायण सीरियल में अभिनय करने वाली टीम अरुण गोविल के पक्ष में वोट मांगने के लिए मेरठ आई। रामायण में सीता का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री दीपिका चिखलियां और लक्ष्मण बने सुनील लहरी भी मेरठ में रोड शो किया। मतलब साफ है कि भाजपा रामायण के किरदारों को चुनावी मैदान पर उतारकर अयोध्या के राम की याद दिलाने की कोशिश कर रही हैं।

**अखिलेश यादव ने दो बार अपना उम्मीदवार बदला।**

मेरठ ऐसी सीट है जहां अखिलेश यादव ने दो बार अपना उम्मीदवार बदला। पहले उन्होंने भानु प्रताप को टिकट दिया और फिर उनका नाम काटकर अतुल प्रधान को टिकट दे दिया। अतुल प्रधान ने अपना नामांकन भी दाखिल कर दिया था। लेकिन उनका भी टिकट काट दिया और 4 अप्रैल को नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन सुनीता वर्मा को मैदान पर उतार दिया।

ओबीसी समुदाय से आने वालीं सुनीता वर्मा की छवि भी समाज में साफ-सुथरी है। अखिलेश ने मेरठ पूर्व मेयर सुनीता वर्मा को टिकट देकर बाजी पलट दी। अरुण गोविल के सामने सुनीता एक बड़ी चुनौती हैं।

सुनीता वर्मा का राजनीतिक सफर डेढ़ दशक पहले जिला पंचायत सदस्य के तौर पर शुरू हुआ था। 2017 में वह बसपा के टिकट पर महापौर का चुनाव लड़ी थीं और भाजपा प्रत्याशी को हरा दिया था। हालांकि बाद में उन्होंने सपा का दामन थाम लिया था, 2007 में उनके पति योगेश वर्मा भी बसपा के टिकट पर हस्तिनापुर सीट से विधायक रह चुके हैं।

**मायावती ने क्या खेल खेला**

उधर मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने त्यागी समुदाय से देवव्रत त्यागी को मैदान में उतारा है। मेरठ में मायावती की नजर मुस्लिम-दलित के साथ-साथ राजपूत और त्यागी समुदायों पर भी है क्योंकि मेरठ में ज्यादातर राजपूत-त्यागी समुदाय ने भाजपा के प्रति अपना असंतोष जताया है, इसी कारण बसपा मुस्लिम-दलित के साथ-साथ बीजेपी का विरोध करने वाले हिंदू वोटर्स को लुभाने की कोशिश में है। इससे पहले के दो लोकसभा चुनाव में बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी ही मैदान में उतारा था, इस बार राजपूत-त्यागी वोट बैंक पर भी बसपा की नजर है।

**मेरठ में पिछले लोकसभा चुनाव का समीकरण**

मेरठ में पिछले तीन लोकसभा चुनाव (2009, 2014, 2019) से लगातार भाजपा नेता राजेंद्र अग्रवाल जीत हासिल करते आ रहे हैं। राजेंद्र अग्रवाल ने 2009 में करीब 50 हजार और 2014 में दो लाख 32 हजार वोटों के अंतर से जीत हासिल की। हालांकि 2019 में भी वह जीते तो मगर सिर्फ पांच हजार वोटों से अंतर से।

इससे पहले 2004 चुनाव में बीएसपी नेता मोहम्मद शाहिद ने मेरठ सीट पर करीब 70 हजार वोटों से जीत हासिल की थी। समाजवादी पार्टी आज तक कभी इस सीट पर चुनाव नहीं जीत सकी है, हालांकि 2014 और 2009 चुनाव में सपा उम्मीदवार शाहिद मंजूर ने अच्छी बढ़त हासिल की थी, सपा को करीब 20 से 25 फीसदी वोट पड़े थे।

मेरठ में इस बार 2024 का चुनाव सबसे अलग है, राजपूत और त्यागी समुदाय के भाजपा से नाराजगी के कारण कुछ भी समीकरण बदल सकते हैं। मुस्लिम-दलित वोट बैंक पर सपा और बसपा दोनों की नजर है, खैर तीनों ही दल सभी समुदाय के लोगों को लुभाने की कोशिश में लगे हैं। मेरठ लोकसभा सीट किस पार्टी के खाते में जाएगी, ये तो 4 जून को चुनाव नतीजे आने के बाद ही साफ होगा।

# करप्शन का कभी केंद्र रहा नोएडा आज बन गया है बिजनेस सेंटर : राजनाथ सिंह



■ जेवर एयरपोर्ट का प्रस्ताव सबसे पहले मैं लेकर गया, बीच की सरकारों ने ठंढे बस्ते में डाला

■ बिसाहड़ा में एक वर्ग को साधने के लिए आयोजित हुई रैली, जिसमें राजनाथ सिंह ने नहीं दिया कोई वक्तव्य

**ग्रेटर नोएडा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र के दादरी विधानसभा क्षेत्र के बिसाहडा गांव में वरिष्ठ भाजपा नेता व केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि एक समय था जब करप्शन का सबसे बड़ा सेंटर नोएडा था। पीएम मोदी और योगी के नेतृत्व में अब नोएडा भ्रष्टाचार का नहीं बल्कि बिजनेस सेंटर बन गया है। डबल इंजन की सरकार ने अपराधियों की कमर तोड़ दी। सारे हिंदुस्तान में बेहतर कानून और विकास के लिए उप्र का नोएडा जाना जाता है। हमारा उप्र आपराधिक रिकार्ड के लिए नहीं बल्कि निवेश, एक्सप्रेस वे, कानून व्यवस्था के लिए जाना जाता है। जेवर एयरपोर्ट जिसका प्रस्ताव मैं लेकर गया था। बीच में कई और सरकार आई और ठंडे बस्ते में चला गया। सीएम योगी और मोदी ने संकल्प लिया और जेवर एयरपोर्ट बन रहा है। यूपी की गिनती हिंदुस्तान में गरीब राज्यों में होती थी। डबल इंजन की सरकार होने के चलते आज करिश्मा हुआ है। बल्कि आज कुछ ही साल में अर्थ व्यवस्था का आकार 1 ट्रिलियन तक पहुंच जाएगा। पूरे देश में 5वां स्थान यूपी का होगा। राजनीतिक पार्टियों की स्थिति जो है उनका हाल आपको पता होगा। रैली में आते हैं और कहते है हम ये करिश्मा कर देंगे। चुनाव समाप्त होते ही सब भूल जाते थे। प्रधानमंत्री ने कभी भी हिंदु मुस्लिम की राजनिति नहीं की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने घोषणा पत्र में कहा कि हम संपत्तियों का सर्वे कराएंगे। आप क्या करना चाहते है देश का बंटवारा करना चाहते है आपको अपनी स्थिति साफ करनी चाहिए। मनमोहन सिंह का आज भी मै सम्मान करता हूं। उन्होंने कहा कि इस देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुस्लिम और माइनॉरिटी का है। मैं कहता हूं कि इस देश की संपत्ति पर सभी का अधिकार होना चाहिए।

कांग्रेस ने देश को गुमराह कर दिया है। मैंने जनता को धोखे में रखकर कभी राजनीति नहीं की। गुजरात में भाजपा के प्रत्याशी के निर्विरोध जीतने पर विरोधी पार्टियां कह रही हैं कि यह देश के लिए खतरा है। लेकिन जब डिंपल यादव जीती थी तो खतरा महसूस नहीं हुआ। मुझे याद है जब भारत अंतरराष्टीय मंच पर बोलता था तो कोई नहीं सुनता था आज लोग गंभीरता से सुनते है। 2014 में हमारे पीएम बने सात सालों में देश 11 वे स्थान से 5वें स्थान पर आ गया। दुनिया की बड़ी बड़ी वित्तीय संस्थान बोल रही है कि भारत में सबसे ज्यादा वित्तीय संसाधन है। यही वजह है कुछ समय में हम तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था होंगे। अब हम मिसाइल बनाते है, एयरक्राफ्ट बनाते है। पहले सब दूसरे देश से आता था। 31 हजार करोड़ का एक्सपोर्ट कर चुके। ये कांग्रेस को दिखाई नहीं देता। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र शिशौदिया, प्रभारी मंत्री, दादरी विधायक तेजपाल नागर, जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, एमएलसी नरेन्द्र भाटी, शिक्षक विधायक श्रीचन्द शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी, सिकन्द्राबाद व खुर्जा के विधायक मौजूद रहे।

## समस्तीपुर में दिलचस्प मुकाबला

# दो नेताओं के बेटा-बेटी आमने-सामने



**समस्तीपुर,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव में इस बार समस्तीपुर सीट पर दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। इस सीट पर 12 मई को चुनाव होने हैं। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। खास बात यह है कि इस सीट पर दो कद्दावर नेताओं के बेटा-बेटी चुनावी मैदान में हैं। बता दें, एनडीए ने जहां इस सीट पर नीतीश सरकार में मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी को चुनावी मैदान में उतारा है, वहीं दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन ने सन्नी हजारी को कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी घोषित किया है। सन्नी हजारी बिहार सरकार के मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे हैं। इस तरह नीतीश सरकार के दो मंत्रियों के बेटे-बेटी के बीच ये मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। एक एनडीए की और से दूसरा महागठबंधन की ओर से। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, शांभवी चौधरी 19 अप्रैल को अपना नामांकन दाखिल कर चुकी हैं। वहीं, सन्नी हजारी आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उधर, दोनों ही उम्मीदवार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। जनता को अपने पक्ष में करने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। एनडीए प्रत्याशी शांभवी चौधरी के नामांकन के बाद आयोजित आशीर्वाद सभा के दौरान एनडीए घटक दल के तमाम बड़े नेता मौजूद थे। उस मंच पर महेश्वर हजारी कहीं नजर नहीं आए। समस्तीपुर सुरक्षित सीट से पहली बार चुनावी रण में अपना भाग्य आजमा रही एनडीए प्रत्याशी शाम्भवी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त दिख रही हैं। शांभवी ने मंत्री महेश्वर हजारी को नसीहत देते हुए कहा कि जो जिस पार्टी में होते हैं, उन्हें पार्टी धर्म का पालन करना चाहिए।

# पूर्णिया में कांटे की टक्कर

## पप्पू यादव के तेवर ने गठबंधनों का समीकरण बिगाड़ा

**पूर्णिया,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को बिहार के सीमांचल इलाके की सीट पूर्णिया के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपना जनप्रतिनिधि चुनेंगे। बिहार की अधिकांश सीटों पर महागठबंधन और एनडीए के बीच सीधा मुकाबला है, लेकिन पूर्णिया की स्थिति अलग है। पूर्णिया में पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने बतौर निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरकर दोनों गठबंधनों के समीकरण को बिगाड़ दिया है। यादव का दावा है कि उन्हें कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है। गौर करने वाली बात है कि यहां के लोग भी एनडीए और महागठबंधन की जीत-हार के बदले यह जानने को उत्सुक हैं कि पप्पू यादव जीतेंगे या हारेंगे।



महागठबंधन ने यहां से राजद की नेता बीमा भारती को चुनावी मैदान में उतारा है, जबकि एनडीए की ओर से निवर्तमान सांसद जदयू के नेता संतोष कुशवाहा चुनावी रण में ताल ठोक रहे हैं। पिछले चुनाव में संतोष कुशवाहा ने कांग्रेस के उदय सिंह उर्फ पप्पू सिंह को बड़े अंतर से हराया था। इस चुनाव के कुछ ही दिन पहले पप्पू यादव ने अपनी जन अधिकार पार्टी के कांग्रेस में विलय कर यह साफ संकेत दे दिया था कि वे कांग्रेस के टिकट पर पूर्णिया से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि बाद में यह सीट महागठबंधन में राजद के कोटे में चली गयी। इसके बाद पप्पू यादव बतौर निर्दलीय चुनावी मैदान में उतर गए। पप्पू दावा कहते हैं कि उन्हें न केवल कांग्रेस का बल्कि भाजपा और राजद के लोगों का भी समर्थन प्राप्त है।

# बाड़मेर-जैसलमेर संसदीय क्षेत्र में त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति



**बाड़मेर,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान में लोकसभा चुनाव में सीमांत बाड़मेर-जैसलमेर संसदीय क्षेत्र में इस बार विधायक रविन्द्र सिंह भाटी के निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में उतर जाने से भाजपा प्रत्याशी एवं केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी और कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल के साथ त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार नजर आ रहे हैं।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को इस क्षेत्र में होने वाले चुनाव में इन तीनों प्रत्याशियों के अलावा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रत्याशी लीलाराम एवं आजाद समाज पार्टी (कांसीराम) के उम्मीदवार प्रभूराम एवं अन्य छह निर्दलीय प्रत्याशियों सहित कुल 11 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं लेकिन मुकाबला चौधरी, भाटी एवं बेनीवाल के बीच ही माना जा रहा है। इस क्षेत्र में जैसलमेर, शिव, बाड़मेर, बायतू, पचपदरा, सिवाना, गुडामालानी एवं चौहटन (सु) आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं जहां पांच विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के विधायक है जबकि दो में निर्दलीय और एक विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का विधायक है। इनमें भी बाड़मेर से निर्दलीय विधायक डा प्रियंका चौधरी भाजपा के साथ खड़ी नजर आ रही हैं। ऐसे में राजनीतिक रुप से भाजपा की स्थिति मजबूत मानी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में बाड़मेर में जनसभा कर चुके हैं।

# कोस्टल कर्नाटक में वोट का बहिष्कार

## सौजन्या गौड़ा के लिए तेज हुई न्याय की मांग



**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। कोस्टल कर्नाटक के मतदाताओं ने सौजन्या गौड़ा को न्याय न मिलने के कारण आगामी लोकसभा चुनावों में 'नोटा' विकल्प का चयन किया है। पूर्व दस सालों से धर्मस्थला में सौजन्या गौड़ा के बर्बर बलात्कार और हत्या के सन्दर्भ में कुसुमावती गौड़ा और महेश शेट्टी तीमरोडी द्वारा न्याय की पहल और उनके परिवार द्वारा उनके परिवार द्वारा निरंतर प्रयास के बावजूद, न्याय अभी भी अदृश्य है। तीमरोडी द्वारा नेतृत्वित राष्ट्रीय हिंदू जागरण वेदिका, सौजन्या के साथ साथ अन्य घोर अपराध जो धर्मस्थला मंदिर से जुड़े हैं उनके पीड़ितों के लिए भी न्याय की मांग करता है।(हाल के घटनाक्रम, जैसे कि गलत आरोपित व्यक्ति के बरी होना और संस्थागत सहयोग की खुलासे, जनता के आक्रोश को पुन: उत्तेजित किया है। राजनीतिक नेता जवाबदेही और अवसाद के लिए मांगों को नजरअंदाज कर रहे हैं। तीमरोडी द्वारा नेतृत्वित आंदोलन, गिरीश मत्तेनावर, शेट्टी, रवि, और जयंत जैसे सक्रियजनों ने समर्थन दिया है, यह आंदोलन कोस्टल कर्नाटक में प्रतिबिंबित होता है। उनका समर्पण प्रणालीकृत सुधार और नैतिक जवाबदेही की आवश्यकता को प्रमाणित करता है। कुसुमावती, पीड़िता की मां बताती हैं कि मेरी बेटी का गैंग-रेप किया गया और बर्बरता से हत्या की गई, उसकी योनि में मिट्टी भर दी गई। मैं पिछले 12 सालों से न्याय की मांग कर रही हूं। जब कोई भी पार्टी या पार्टी के नेता मेरी बेटी के साथ की गई अन्याय पर बात करने को तैयार नहीं है, तो मैं किसी भी पार्टी को क्यों वोट दूं? मैं नोटा वोट कर रही हूं। मुझे न्याय चाहिए। महेश शेट्टी तीमरोडी, हिंदू कार्यकर्ता, राष्ट्रीय हिंदू जागरण वेदिका के अध्यक्ष, 'पिछले 20 वर्षों से मैं महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ लड़ रहा हूं, और पिछले 12 वर्षों से मैं सौजन्या के लिए न्याय की मांग कर रहा हूं। मैं हिंदुत्व का पक्षपाती अनुयायी हूं और एक प्रशिक्षित आरएसएस पूर्वसैनिक हूं।' हालांकि, जब मैं मंदिर प्राधिकरणों द्वारा किए गए अत्याचारों पर सवाल उठाता हूं, तो वे मुझे आलोचना करते हैं, हिंदू देवताओं का सवाल उठाने और हिंदू मंदिरों का कलंकित करने का आरोप लगाते हैं। क्या यह न्यायपूर्ण है?

**परिवार द्वारा निरंतर प्रयास के बावजूद, न्याय अभी भी अदृश्य**

गिरीश मत्तेनावर, कार्यकर्ता बताते हैं कि प्रत्येक 28 मिनट में, इस देश में एक महिला का बलात्कार होता है। वह महिला किसी भी मतदाता की मां, पत्नी, बेटी, बहन या दोस्त हो सकती है। कोई भी पार्टी बलात्कार को गंभीरता से नहीं ले रही है। सौजन्या के लिए न्याय की मांग करें। नोटा के लिए वोट करना, कर्नाटक में न्याय की ओर सोने वाली राजनीतिक पार्टियों को जगाने का प्रयास है। न्याय के लिए वोट करें। कोस्टल कर्नाटक के मतदाता एक राजनीतिक संस्था को नकारते हैं जो न्याय और मानव जीवन की पवित्रता को उपेक्षा करती है। नोटा का चयन करके, उन्होंने संकटपूर्ण राजनीति को पार कर न्याय को महत्वपूर्ण बताया है, अपनी आवाज को सुनने और आपत्तियों को समाधान करने की मांग की है।

संकल्पित आवाजों द्वारा प्रेरित सौजन्या के न्याय के लिए आंदोलन मजबूत होता जा रहा है। कोस्टल कर्नाटक वोट का सीजन आते ही, न्याय के लिए आह्वान जोरदार होता जा रहा है, जो एक समुदाय को सत्य और जवाबदेही की खोज में एकजुट करता है।

# नोएडा की गलियों तक नहीं पहुंचे प्रत्याशी

■ इस विधानसभा सीट पर लागू नहीं होते जातिगत समीकरण

■ 70 प्रतिशत आबादी नौकरीपेशा और बाहरी

**नोएडा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर में आज शाम चुनाव प्रचार थम जाएगा। नोएडा विधानसभा सीट पर सबसे ज्यादा मतदाता है। इसके बाद भी यहां की सकरी गलियों से प्रत्याशियों ने अपने को दूर रखा। आचार संहिता लगने और प्रत्याशियों की घोषणा के बाद एक भी प्रत्याशी नोएडा की सकरी गलियों में मतदाता तक नहीं पहुंचा। हालांकि उनके कार्यकर्ताओं ने यहां प्रचार किया। इसके उलट खुर्जा, सिकंद्राबाद, दादरी, जेवर में जन सभा के साथ दिग्गज नेताओं ने जमकर प्रचार किया।

ऐसा क्यों हुआ? इसकी पीछे भी बड़ी वजह है। दरअसल गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर इस बार 26.75 लाख मतदाता है। इसमें सबसे ज्यादा मतदाता नोएडा विधानसभा में 7,82,872 मतदाता हैं। इस विधानसभा सीट को भाजपा का कोर वोटर माना जाता है। इन्ही वोटरों की मदद से ही भाजपा लोकसभा ओर विधानसभा में यहां रिकार्ड मतो से जीतती आ रही है। बाकी प्रत्याशियों के मत और उनके सलाहकारों ने यही आंकड़ा फिट बैठया। इसलिए तीनों प्रमुख पार्टी की नजर गौतमबुद्ध नगर के देहात क्षेत्र के 16 लाख वोटरों को साधने पर टिकी रही।

एक प्रत्याशी ने बताया कि वो दिन में करीब 200 से 250 किमी तक का सफर तय कर रहे है। उनके सारे कार्यक्रम भी देहात क्षेत्र में है। एक अन्य प्रत्याशी ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर के 1208 गांव में 1108 गांव में प्रचार और संपर्क किया जा चुका है। 100 गांव बचे है। इन पर भी संपर्क किया जा रहा है। नहीं पहुंचे तो भी फोन के जरिए यहां मतदाताओं तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। सवाल अब भी यही है कि नोएडा की संकरी गलियों में वोट क्यों नहीं मांगा जा रहा।

**नोएडा में जातीय समीकरण का फैक्टर लागू नहीं**

नोएडा में 782872 मतदाता है। जिसमें 70 प्रतिशत आबादी नौकरी पेशा है और वो यहां बाहर आकर बसी है। जिसे जातिगत समीकरण से मतलब नहीं है। उनका मानना है कि उन्हें मूलभूत सुविधा मिलती रहे। एक बड़ा मुद्दा यहां है बिल्डर बायर्स का जिसके लिए कैंपेन नो रजिस्ट्री नो वोट चलाया गया। इसके अलावा साफ-सफाई, ट्रैफिक यानी स्थानीय मुद्दे है। जिन पर अक्सर चर्चा होती रहती है। यहां के गांवों में जातिगत समीकरण भी ठीक नहीं बैठते क्योंकि अधिकांश गांव में भी फ्लैट कल्चर आ चुका है।

इसके अलग जेवर ,दादरी, सिकंद्राबाद और खुर्जा में जातीय समीकरण और विकास दोनों ही फैक्टर है। दादरी के लोगों का कहना है कि उप्र के शो विंडो से महज 50 किमी से कम दूरी होने पर भी दादरी का विकास अब तक नहीं हो सका। यहां अस्पताल से लेकर विश्वविद्यालय तक नहीं है। सड़क भी नोएडा के मुकाबले बेहतर नहीं है। यही स्थित सिकंद्राबाद और खुर्जा की है। जबकि दोनों ही इंडस्ट्रियल जोन में आते है। यहां आबादी अब भी पुरानी है। इसलिए जातीय फैक्टर यहां लागू है। इसी को साधने का प्रत्याशी प्रयास करते दिखे।

### इसलिए नहीं आए नोएडा, साठा-84 गांवों पर रही सबकी नजर

इस बार राजनीति का केंद्र साठा-84 गांव ही रहे। ये गांव ठाकुर बाहुल्य है। इनको साधने के लिए यहां प्रयास किया गया। ठाकुर प्रत्याशियों के टिकट काटने चलते ये तबका भाजपा से नाराज है। जगह-जगह इनके जरिए सम्मेलन किए जा रहे है। इस समाज को साधने का प्रयास सभी प्रत्याशियों के दिग्गज नेताओं ने किया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीम मायावती, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीनों ने ही ठाकुर समाज को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ी उनके भाषणों में ठाकुर समाज से नाराजगी दूर करने वाले वक्तव्य दिखे।

# अर्थ जगत

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 3.38 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.77 प्रतिशत |
| मारुति | 1.53 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.42 प्रतिशत |
| टाटा मोटस | 1.34 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| सन फार्मा | 3.63 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.42 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.63 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.58 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# देश की जीडीपी विकास दर फिर सात प्रतिशत से ऊपर पहुंचने की राह पर : आरबीआई

**मुंबई,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई ने मंगलवार को कहा कि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर का ग्राफ कोविड-19 के पहले के समय की तरह सात प्रतिशत से ऊपर जाने के आरंभिक संकेत मिल रहे हैं। केंद्रीय बैंक की आज जारी मासिक बुलेटिन में कहा गया है, 'मजबूत निवेश मांग और उत्साहित व्यापार तथा उपभोक्ता भावनाओं के समर्थन से भारत की वास्तविक जीडीपी विकास दर में बढ़ोतरी की प्रवृत्ति के विस्तार के लिए स्थितियां बन रही हैं।' इसमें यह भी बताया गया है कि 2024 की पहली तिमाही में वैश्विक विकास की गति बरकरार रही है और वैश्विक व्यापार का परिदृश्य सकारात्मक हो रहा है। ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों पर प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सरकारी बॉन्डों पर ब्याज और मॉर्गेज दरें बढ़ रही हैं। वैश्विक व्यापार पर सकारात्मक दृष्टिकोण से भारतीय निर्यात को बढ़ावा मिलने और विकास में तेजी आने की उम्मीद है।भारत के हालिया विकास प्रदर्शन ने कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया है, जिससे पूर्वानुमान बढ़ाने की होड़ लग गई है। उदाहरण के लिए, आरबीआई बुलेटिन में बताया गया है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अप्रैल 2023 और जनवरी 2024 के बीच



2023 के लिए अपने पूर्वानुमान में कुल मिलाकर 0.80 प्रतिशत की वृद्धि की है। नवीनतम अपडेट में, आईएमएफ को उम्मीद है कि भारत वैश्विक विकास में 16 प्रतिशत का योगदान देगा, जो बाजार विनिमय दरों के आधार पर दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा योगदान है। उसने कहा है कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और अगले एक दशक में जर्मनी तथा जापान से आगे निकलने की स्थिति में है।

आरबीआई बुलेटिन में यह भी कहा गया है कि देश की खुदरा महंगाई दर इस साल के पहले दो महीनों में औसतन 5.1 प्रतिशत रहने के बाद मार्च में 4.9 प्रतिशत हो गई है। हालांकि, आरबीआई ने कहा है कि निकट भविष्य में चरम मौसम की घटनाओं से मुद्रास्फीति के लिए जोखिम पैदा हो सकता है। साथ ही लंबे समय तक भूराजनीतिक तनाव भी हो सकता है जो कच्चे तेल की कीमतों को अस्थिर रख सकता है।

### आरबीआई ने सहायक छह कारकों को किया रेखांकित

>>> विकास की बढ़ती प्रोफ़ाइल को जनसांख्यिकी से मदद मिल रही है। वर्तमान में, देश में दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे युवा आबादी है। औसत आयु लगभग 28 वर्ष है; जो 2050 के दशक के मध्य तक बुढ़ापे की उम्र में नहीं पहुंचेगी।

>>> भारत का विकास प्रदर्शन ऐतिहासिक रूप से घरेलू संसाधनों पर आधारित रहा है, जिसमें विदेशी बचत एक छोटी और पूरक भूमिका निभाती है।

>>> कोविड महामारी के बाद अपनाए गए राजकोषीय समेकन के क्रमिक मार्ग ने मार्च 2024 तक सामान्य सरकारी घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 8.6 प्रतिशत और सार्वजनिक ऋण को सकल घरेलू उत्पाद के 81.6 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है।

>>> भारत का वित्तीय क्षेत्र मुख्यत: बैंक आधारित है। वित्त वर्ष 2015-2016 में, वैश्विक वित्तीय संकट के मद्देनजर परिसंपत्ति की हानि की समस्या का समाधान परिसंपत्ति गुणवत्ता समीक्षा (एक्यूआर) के माध्यम से किया गया था।

>>> भारत प्रौद्योगिकी के बल पर परिवर्तनकारी बदलाव के दौर से गुजर रहा है। जैम की त्रिमूर्ति - जन धन (बुनियादी नो-फ्रिल्स खाते); आधार (सार्वभौमिक विशिष्ट पहचान); और मोबाइल फोन कनेक्शन - औपचारिक वित्त के दायरे का विस्तार कर रहा है।

>>> महामारी, मौसम से प्रेरित खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी, आपूर्ति शृंखला में व्यवधान और रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद वैश्विक कमोडिटी मूल्य दबाव के कारण कई आपूर्ति झटकों के कारण बढ़ने के बाद देश में मुद्रास्फीति कम हो रही है।

## 2026 में पटरियों पर होगी पहली बुलेट ट्रेन, तैयारी पुख्ता : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। रेलवे और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन के लिए विभिन्न स्टेशनों के निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और हम 2026 में एक सेक्शन में पहली बुलेट ट्रेन चलाने के लिए तैयार हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अहमदाबाद-मुंबई रूट पर बुलेट ट्रेन का काम बहुत अच्छे से चल रहा है। इसके लिए 290 किलोमीटर से अधिक का काम पहले ही किया जा चुका है। इसके लिए आठ नदियों पर पुल बनाए गए हैं। 12 स्टेशनों पर काम चल रहा है। कई स्टेशन ऐसे हैं, जिसका काम पूरा होने वाला है। इसके साथ ही दो डिपो पर काम चल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 2026 में बुलेट ट्रेन के पहले खंड के परिचालन के लिए काम बहुत तेज गति से चल रहा है। उन्होंने कहा कि बुलेट ट्रेन एक बेहद जटिल परियोजना है। इस पर काम 2017 में शुरू हुआ और डिजाइन को पूरा करने में लगभग ढाई साल लग गए। इसका डिज़ाइन बहुत जटिल है क्योंकि जिस गति से ट्रेन को चलाना होता है, उसमें कंपन बहुत तेज़ होता है।' अश्विनी वैष्णव ने विस्तार से बताया, उन कंपनों को कैसे मैनेज करें? अगर हमें ऊपर से करंट लेना है तो वह करंट कैसे लें उसकी गति, एरोडायनामिक्स आदि जैसी हर चीज को बहुत सावधानी से देखना होगा और उसके तुरंत बाद काम शुरू हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि बीच में कोविड महामारी के कारण थोड़ा झटका लगा। इसके साथ ही अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'महाराष्ट्र में, उद्धव ठाकरे की सरकार ने अनुमति देने से इनकार कर दिया था, जिससे परियोजना में देरी हुई। लेकिन, काम अब बहुत अच्छी प्रगति पर है।' केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'बुलेट ट्रेन कॉरिडोर में 21 किमी लंबी सुरंग है, जिसमें 7 किमी समुद्र के नीचे का हिस्सा भी शामिल है। सुरंग का सबसे गहरा टनल 56 मीटर नीचे है। इन टनल के अंदर बुलेट ट्रेनें 300-320 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी।'

## नाबार्ड ने जारी की जलवायु रणनीति 2030

**मुंबई,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुये, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर अपने जलवायु रणनीति 2030 दस्तावेज़ का अनावरण किया। मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार नाबार्ड के जलवायु रणनीति 2030 दस्तावेज़ को केंद्र सरकार के इस विशाल वित्तीय प्रतिष्ठान के अध्यक्ष शाजी के वी ने जारी किया। इस व्यापक रणनीति का उद्देश्य भारत की हरित परियोजनाओं के लिये कर्ज की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करना है। हरित कर्ज की मांग अत्यधिक है लेकिन उसकी तुलना में भारत में इस तरह के वित्त की आवक काफी कम है। अनुमान है कि भारत को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये हरित परियोजनाओं के लिये 2030 तक संचयी रूप से 2.5 लाख करोड़ डॉलर से अधिक के हरित वित्तपोषण की जरूरत होगी। इसका अर्थ है कि इसके लिये सालाना लगभग 170 अरब डॉलर की आवश्यकता होगी। इसे देखते हुये वर्तमान हरित वित्त प्रवाह बहुत ही अपर्याप्त है। बयान के अनुसार 2019-20 तक, भारत ने हरित वित्तपोषण के तहत बाहर से लगभग 49 अरब डॉलर जुटाये थे, जो विशाल आवश्यकताओं के अंश मात्र के बराबर ही था। इस मांग को पूरा करने के लिए नाबार्ड की जलवायु रणनीति 2030 का लक्ष्य सभी क्षेत्रों में हरित ऋण में तेजी लाना, व्यापक बाजार-निर्माण भूमिका निभाना, नाबार्ड का आंतरिक हरित परिवर्तन और रणनीतिक संसाधन जुटाना शामिल है।

## देश का पहला ऑल-इन-वन पेमेंट डिवाइस हुआ लॉन्च

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। फिनटेक कंपनी भारतपे ने मंगलवार को भारत का पहला ऑल-इन-वन पेमेंट प्रोडक्ट लॉन्च किया। इसमें पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल), क्यूआर और स्पीकर को एक ही डिवाइस में शामिल किया गया है। भारतपे वन नामक यह प्रोडक्ट व्यापारियों के लिए लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो गतिशील और स्थिर क्यूआर कोड, टैप-एंड-पे और ट्रेडिशनल कार्ड पेमेंट ऑप्शन समेत वर्सटाइल (अस्थायी) पेमेंट स्वीकृति ऑप्शन देता है। कंपनी की योजना पहले चरण में 100 से अधिक शहरों में प्रोडक्ट लॉन्च करने और अगले छह महीनों में इसे 450 से अधिक शहरों में विस्तारित करने की है।

**छह महीनों में इसे 450 से अधिक शहरों में विस्तारित करने की है**




भारतपे के सीईओ नलिन नेगी ने कहा, 'कई तरह के काम को एक डिवाइस में जोड़कर हम विभिन्न सेक्टरों में छोटे और मध्यम व्यवसायों की विभिन्न जरूरतों के अनुरूप एक व्यापक समाधान प्रदान कर रहे हैं। कंपनी के अनुसार, यह डिवाइस व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए एक सहज और परेशानी मुक्त अनुभव प्रदान करती है। कंपनी का कहना है कि यह हाई-डेफिनिशन टचस्क्रीन डिस्प्ले, 4जी और वाई-फाई कनेक्टिविटी से लैस है और लेटेस्ट एंड्रॉइड ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा संचालित है। यह बेहतर प्रदर्शन और सुरक्षा देती है। भारतपे में पीओएस सॉल्यूशंस के मुख्य व्यवसाय अधिकारी रिजीश राघवन ने कहा, 'परीक्षण के चरण में हमें अपने व्यापारियों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। हमारा मानना है कि यह डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम के लिए एक और गेम चेंजर होगा, जिससे फिनटेक उद्योग में अग्रणी के रूप में हमारी स्थिति और मजबूत होगी।'

## सार संक्षेप

### अमेजन फैशन के स्प्रिंग-समर'24 कलेक्शन के साथ करें नए सीज़न की शुरुआत

**नई दिल्ली।** मौसम में तेजी से बदलाव आ रहा है। खूबसूरत और रंगों से भरा वसंत का मौसम दस्तक दे रहा है। इस खूबसूरत बदलाव के बीच अमेजन फैशन भी अपने बहुप्रतीक्षित स्प्रिंग समर%24 कलेक्शन के साथ वापस आ गया है। नया कलेक्शन बेहतरीन रंगों, आकर्षक डिजाइन जैसी खूबियों के साथ वसंत और गर्मियों के मौसम की झलक पेश करता है। यह कलेक्शन निश्चित रूप से आपकी स्टाइल में चार चांद लगा देगा। अमेजन के इस खास स्टोर में 200 से अधिक टॉप फैशन और ब्यूटी ब्रांडों के 1000 से अधिक स्टाइल उपलब्ध कराए गए हैं। यहां फन फ्लोरल, ग्राफिक एडिट, स्टाइलाइज्ड बॉटम्स और समर मिडिस से लेकर वर्कआउट एसेंशियल, स्ट्रैपी स्टाइल और ओवरसाइज्ड एडिट जैसी स्टाइल्स शामिल हैं, जो हर किसी की पर्सनेलिटी से मेल खाती हैं।

### 'मास्टरशेफ' फ्रेंचाइजी से मैं बचपन से प्रेरित रही हूं : शेफ निकिता उमेश

**मुंबई।** सेलिब्रिटी शेफ निकिता उमेश कुकिंग रियलिटी शो 'मास्टरशेफ इंडिया तेलुगु' में जज और मेंटर के रूप में नजर आ रही हैं। उन्होंने बताया कि कैसे शो ने उनकी जिंदगी पूरी तरह से बदल दी। निकिता आकाश स्टेनली के साथ हैदराबाद स्थित नाओमी पेस्ट्री की सह-मालिक भी हैं। उन्होंने कहा कि वह बचपन से ही मास्टरशेफ फ्रेंचाइजी से प्रेरित रही हैं, और इस शो ने उनकी प्रोफेशनल जर्नी को काफी प्रभावित किया है। निकिता ने कहा, 'मास्टरशेफ' वास्तव में दुनिया भर में होम कुक के लिए एक मार्गदर्शक रहा है, और अनगिनत अन्य लोगों की तरह मैं भी इसके जादू से प्रेरित रही हूं। एक बच्चे के रूप में, इसने मेरे भीतर खाना पकाने का जज्बा पैदा किया, जिसने आखिरकार मुझे प्रोफेशनल शेफ बना दिया।

### केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के प्रॉमिस4ग्रोथ प्लान के साथ ग्रोथ और वित्तीय सुरक्षा का अनुभव करें


**नई दिल्ली।** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने आर्थिक समृद्धि और सुरक्षा की राह पर चलने के इच्छुक ग्राहकों के लिए डिज़ाइन किया गया एक नया यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) प्रॉमिस4ग्रोथ पेश किया है। यह प्रोडक्ट संपूर्ण वित्तीय समाधान प्रदान करने, व्यापक सुरक्षा के साथ एक आकर्षक निवेश विकल्प पेश करने की कंपनी की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के 'प्रॉमिस4ग्रोथ' प्लान में काफी लचीलापन है। इसमें एक नए फंड - 'मिडकैप मोमेंटम ग्रोथ इंडेक्स फंड' सहित तमाम निवेश विकल्प मिलते हैं।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

**मुंबई,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजार के सकारात्मक रुझान की बदौलत स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, रियल्टी, टेक और यूटिलिटीज समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 89.83 अंक चढ़कर 73,738.45 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 31.60 अंक मजबूत होकर 22,368.00 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.52 प्रतिशत उछलकर 40,584.17 अंक और स्मॉलकैप 1.05 प्रतिशत की छलांग लगाकर 46,492.21 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3934 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2338 में लिवाली जबकि 1475 में बिकवाली हुई वहीं 121 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 24 कंपनियां हरे जबकि 25 लाल निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के 16 समूहों में तेजी रही। इससे दूरसंचार 4.27, रियल्टी 2.42, टेक 1.23, यूटिलिटीज 0.95, कमोडिटीज 0.52, सीडी 0.77, एफएमसीजी 0.80, वित्तीय सेवाएं 0.16, इंडस्ट्रियल्स 0.55, आईटी 0.42, ऑटो 0.48, बैंकिंग 0.18, कैपिटल गुड्स 0.16, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.82, पावर 0.56 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.20 प्रतिशत मजबूत रहे। विश्व बाजार का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.35, जर्मनी का डैक्स 0.81, जापान का निक्केई 0.30, हांगकांग का हैंगसेंग 1.92 प्रतिशत चढ़ गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.74 प्रतिशत की गिरावट रही।




कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 400 अंक की तूफानी तेजी के साथ 74,048.94 अंक पर खुला और लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 74,059.89 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में कारोबार के अंतिम चरण में यह 73,688.31 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। उतार-चढ़ाव से गुजरता हुआ अंत में यह पिछले दिवस के 73,648.62 अंक के मुकाबले 0.12 प्रतिशत बढ़कर 73,738.45 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी 111 अंक उछलकर 22,447.05 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,447.55 अंक के उच्चतम जबकि 22,349.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,336.40 अंक की तुलना में 0.14 प्रतिशत बढ़कर 22,368.00 अंक हो गया। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में भारती एयरटेल 3.38, नेस्ले इंडिया 1.77, मारुति 1.53, एचसीएल टेक 1.42, टाटा मोटर्स 1.34, एशियन पेंट 1.14, एनटीपीसी 1.12, एसबीआई 1.03, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.90, इंफोसिस 0.64, पावरग्रिड 0.51, आईसीआईसीआई बैंक 0.29, टीसीएस 0.23 और विप्रो 0.01 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, सन फार्मा 3.63, रिलायंस 1.42, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.00, टेक महिंद्रा 0.63, बजाज फाइनेंस 0.58, टाटा स्टील 0.46, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.44, बजाज फिनसर्व 0.40, अल्ट्रासिमको 0.38, एचडीएफसी बैंक 0.34, इंडसइंड बैंक 0.18 और एलटी के शेयर 0.09 प्रतिशत गिर गए।

## वर्ष 2023 की अंतिम तिमाही में इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या बढ़कर 93.61 करोड़ रही

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। देश में इंटरनेट उपभोक्ताओं की कुल संख्या दिसम्बर 2023 के अंत में बढ़कर 93.61 करोड़ हो गई जो सितम्बर 2023 के अंत में 91.81 करोड़ थी। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने आज यहां इसको लेकर आंकड़े जारी किया। तिमाही आधार पर इंटरनेट ग्राहकों की संख्या में 1.96 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि दर्ज की गई। कुल 93.61 करोड़ इंटरनेट उपभाक्ताओं में से वायरलाईन इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 3.85 करोड़ तथा वायरलेस इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 89.75 करोड़ है। इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या में ब्रॉडबैंड इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 90.45 करोड़ और नैरोबैंड इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 3.16 करोड़ है। ब्राडबैंड इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या दिसम्बर, 2023 के अंत में बढ़कर 90.45 करोड़ हो गई जो कि सितम्बर, 2023 के अंत में 88.5 करोड़ थी जिसमें 2.21 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि दर्ज की गई। नैरोबैंड इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या दिसम्बर, 2023 के अंत में घटकर 3.16 करोड़ रही जो सितम्बर, 2023 के अंत में 3.32 करोड़ थी।



वायरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या दिसम्बर, 2023 के अंत में बढ़कर 3.18 करोड़ हो गयी जो कि सितम्बर, 2023 के अंत में 3.09 करोड़ थी जिसमें 2.79 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि दर्ज की गई।

## खाद्य तेलों में टिकाव दालें महंगी

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि दालें 400 रुपए प्रति क्विंटल तक महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मई का पाम ऑयल वायदा दो रिंगिट फिसलकर 4076 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.11 सेंट की बढ़त के साथ 45.77 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।



दाल-दलहन: दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मूंग दाल 150 रुपए, उड़द दाल 400 रुपए और अरहर दाल 300 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, चना, दाल चना और मसूर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# देश में आर्थिक गतिविधियां 14 साल में अप्रैल में सबसे अधिक तेजः एचएसबीसी

**मुंबई,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। मंगलवार को जारी एचएसबीसी सर्वेक्षण के अनुसार, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के अच्छा प्रदर्शन के कारण इस महीने भारत की आर्थिक गतिविधि 14 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। भारत के लिए एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी समग्र क्रय प्रबंधक सूचकांक मार्च के 61.8 के मुकाबले अप्रैल में बढ़कर 62.2 हो गया। सूचकांक पर 50 का अंक अर्थव्यवस्था में विस्तार और संकुचन के बीच की विभाजन रेखा को दर्शाता है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, 'नए ऑर्डरों में बढ़ोतरी के कारण विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन करने के परिणामस्वरूप जून 2010 के बाद से समग्र उत्पादन सूचकांक सबसे अधिक रहा।' नए व्यवसायों की वृद्धि में तेजी के कारण मार्च में सूचकांक 61.2 से बढ़कर 61.7 हो गया,




साथ ही सेवा गतिविधि में भी विस्तार हुआ। उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ माल के नए ऑर्डरों के कारण विनिर्माण पीएमआई मार्च में मजबूत वृद्धि के साथ अप्रैल में 59.1 पर जारी रहा। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन में वृद्धि से नौकरियों में वृद्धि हुई। खासकर विनिर्माण क्षेत्र में, जहां रोजगार डेढ़ साल में सबसे तेज गति से बढ़ रहा है। हालांकि, सर्वेक्षण के अनुसार, सेवाओं में रोजगार सृजन मार्च की तुलना में थोड़ा धीमा था। कुल मिलाकर अंतरराष्ट्रीय मांग ठोस थी और समग्र उप-सूचकांक सितंबर 2014 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। मजबूत बिक्री से अगले 12 महीनों के लिए कारोबारी परिदृश्य में भी सुधार हुआ है।

### एचडीएफसी मैन्युफैक्चरिंग फंड लॉन्च

एचडीएफसी म्यूचुअल कंड (एचडीएफसी एमएफ) के निवेश प्रबंधक एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने एचडीएफसी मैन्युफैक्चरिंग फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि इस ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम का उद्देश्य मुख्य रूप से मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में लगी कंपनियों की इक्विटी और इक्विटी से संबंधित प्रतिभूतियों में निवेश करके भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की क्षमता को अनलॉक करना है। एचडीएफसी मैन्युफैक्चरिंग फंड के लिए एनएफओ 26 अप्रैल, 2024 को खुलेगा और 10 मई, 2024 को बंद होगा।

# खेल जगत

## चहल आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के स्टार गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बनकर इतिहास रच दिया। चहल ने मोहम्मद नबी (23) का विकेट लेकर 200 विकेट की उपलब्धि हासिल की। चहल ने 2013 में अपना आईपीएल डेब्यू किया और अपने 153वें गेम में इस मुकाम पर पहुंचे। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले चहल इस आईपीएल सीजन-13 में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं। केवल दो अन्य व्यक्ति पहले टी20 प्रतियोगिता में 200 विकेट तक पहुंचे हैं : डैनी ब्रिग्स (219) और समित पटेल (208) - दोनों इंग्लैंड के टी20 ब्लास्ट में।



## दिल्ली-गुजरात का एक बार फिर होगा आमना-सामना

# घरेलू दर्शकों के सामने पंत की कप्तानी की परीक्षा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह


**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा, नौजवान मुकेश कुमार , खलील अहमद और स्पिनर कुलदीप यादव और ट्रस्टन स्टब्ज के गेंदबाजी इकाई के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन से पिछली उपविजेता गुजरात टाइटंस को उसके घर अहमदाबाद में बीते हफ्ते मात्र 89 रन पर ढेर

■ दिल्ली को गुजरात के शुभमन, साहा, सुदर्शन को सस्ते में आउट करना होगा

■ रंग में है दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत और मैकगुर्क

करने के बाद मात्र चार विकेट खोकर 92 रन बना छह विकेट से जीत दर्ज करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स की निगाहें इसी शानदार प्रदर्शन को यहां बुधवार को आईपीएल 2024 क्रिकेट में उसके खिलाफ रिटर्न मैच में अपने घर में दोहरा फिर जीत की राह पर लौटने पर लगी है। बदकिस्मती से दिल्ली कैपिटल्स अपने अरुण जेटली स्टेडियम के गृह मैदान पर अपने पिछले और पहले मैच में गेंदबाजों की सनराइजर्स हैदराबाद के ट्रेविज हेड और अभिषेक शर्मा द्वारा छह ओवर के पहले पॉवरप्ले में की जमकर धुनाई की बदौलत बिना क्षति जोड़े 125 रन के चलते उससे 67 रन से हार झेलनी पड़ी थी। अब तक दोनों टीमें आईपीएल में चार बार भिड़ी हैं और दोनों को दो-दो बार जीत हासिल हुई है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए हौसला बढ़ाने वाली बात यह है कि उसने गुजरात टाइटंस से





अपने पिछले लगातार दोनो मैच जीते हैं और वह अब उसके खिलाफ अब अपने घर में लगातार तीसरी जीत हासिल करने की पुरजोर कोशिश करेगी। गुजरात टाइटंस आठ में चार जीत, चार हार के साथ छठे और दिल्ली इतने ही मैचों में पांच हार और तीन जीत के साथ आठ मैचों में छह अंक के साथ आठवें स्थान पर है। दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ बतौर विकेटकीपर कप्तान दो कैच, दो स्टंप के साथ अविजित 16 रन बना मैन ऑफ द' मैच रहे थे। दिल्ली कैपिटल्स को अपने घरेलू मैदान पर अपने कप्तान पंत से ऐसे ही बढ़िया प्रदर्शन की उम्मीद है। दिल्ली को गुजरात टाइटंस पर रिटर्न मैच में भी जीत दर्ज करनी है तो फिर उसके गेंदबाजों को पॉवरप्ले में ही मेहमान टीम के कप्तान शुभमन गिल, उनके सलामी जोड़ीदार रिद्धिमान साहा, बराबर सधा पदर्शन करने वाले सई सुदर्शन और डेविड मिलर को सस्ते में आउट कर पैवेलियन लौटाना होगा। साथ ही अब तक एक एक अर्द्धशतक जड़ने वाले पृथ्वी शॉ व उनके सलामी जोडीदार डेविड वॉर्नर के साथ तीन मैचों में दो अर्द्धशतक जड़ने फ्रेजर मैकगुर्क और कप्तान ऋषभ पंत को पारी के शुरू तथा बीच के ओवरों में गुजरात टाइटंस के खासतौर पर बाएं हाथ के स्पिनर सई किशोर (छह विकेट), अनुभवी लेग स्पिनर राशिद खान कुल आठ विकेट)और नूर अहमद (पांच विकेट) की त्रिमूर्ति के खिलाफ आक्रामक तेवर दिखा तेजी से रन बनाने होंगे। गुजरात टाइटंस के लिए अनुभवी उमेश यादव(कुल छह विकेट) ने विकेट चटकाए हैं लेकिन वह नौजवान तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन (चार विकेट) के साथ खासे महंगे साबित हुए हैं।

दिल्लीकैपिटल्स के लिए पिछले मैच में यहीं अरुण जेटली स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद मिली हार के बावजूद एकमात्र उत्साह की बात यह है कि उसके लिए दो दो अर्द्धशतक जड़ने वाले कप्तान ऋषभ पंत (कुल 254 रन), और फ्रेजर मैकगुर्क (कुल 140 रन), ने जरूर विकेट पर ठहराने और रन बनाने का जज्बा दिखाया और पहले ओवर में जमकर धुनाई के बाद उसके तुरुप के लेग स्पिनर कुलदीप यादव ने अपने दूसरे ओवर में दो और इससे अगले दो ओवरों में एक एक विकेट चटका कर बढ़िया वापसी कर महंगे होने के बावजूद चार विकेट चटकाए थे।

## हमें बल्ले और गेंद, दोनों से अपना प्रदर्शन बेहतर करने की जरूरत : वॉर्नर

हम वहां नहीं हैं, जहां हम टीम के लिहाज पहुंचना चाहते थे। हम अब आईपीएल में कुछ और मैच जीतना चाहते हैं। हमें फाइनल में पहुंचने की उम्मीद बनाए रखने के लिए अपने बाकी मैच जीतने होंगे। हमारे लिए जरूरी है अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना। हम उम्मीद करते हैं अब हम अपना हर मैच उसी अंदाज में खेलेंगे जैसा हम गुजरात टाइटंस के खिलाफ उसके खिलाफ उसके घर में खेले थे। हमें बल्ले और गेंद, दोनों से अपना प्रदर्शन बेहतर करने की जरूरत है। यदि हम अपनी प्रतिद्वंद्वी टीमों को कम स्कोर पर रोक सके और बड़ा स्कोर खड़ा कर उसका बचाव कर पाए तो हमारे लिए बहुत बढ़िया होगा। हमारी पास धारदार व खतरनाक गेंदबाजी है। हमारी टीम की तैयारियों में कोई खामी नहीं है । बस कमी यह है कि हम अपनी रणनीति को मैदान पर अपनी जामा नहीं पहना पा रहे हैं। हम जानते हैं कि हम यदि शुरू में ही प्रतिद्वंद्वी टीम के जल्दी विकेट चटका देते हैं तो हमारी गेंदबाजी बहुत घातक हो जाती है। हमारे नौजवान खिलाड़ियों में प्रतिभाशाली जैक फ्रेजर और अभिषेक पॉरेल ने बढ़िया प्रदर्शन किया है। अभिषेक पॉरेल पहले मैच में हमारी शुरुआती एकादश में नहीं थे लेकिन हमने शुरू में जल्द विकेट गंवा दिए और उन्होंने इम्पैक्ट खिलाड़ी के रूप में उतर कर मात्र 9 गेंदों में 30 रन से ज्यादा की पारी खेली। इससे मैच में तस्वीर काफी बदली और उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ भी एक अच्छी तेज पारी खेली। वह भविष्य में बढ़िया खिलाड़ी साबित होंगे।





## टी20 वर्ल्डकप में नहीं खेलेंगे सुनील नारायण

■ नारायण वर्तमान में टूर्नामेंट की मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर स्टैंडिंग में शीर्ष पर हैं।

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर सुनील नारायण मौजूदा आईपीएल 2024 में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज़ और अमेरिका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में खेलने की किसी भी संभावना से इनकार किया है। केकेआर के ऑलराउंडर ने आखिरी बार अगस्त 2019 में वेस्टइंडीज के लिए खेला था और पिछले साल नवंबर में उन्होंने संन्यास की घोषणा की थी। हालांकि, आईपीएल के मौजूदा सीजन में उनके शानदार प्रदर्शन से राष्ट्रीय टीम में उनकी वापसी की अटकलें तेज हो गई थी। लेकिन नारायण ने एक बयान जारी कर वेस्टइंडीज के लिए फिर से खेलने की सभी संभावनाओं को खारिज कर दिया।

नारायण ने कहा कि मुझे इस बात से खुशी है और मैं आभारी भी हूं कि मेरे फ़ॉर्म के कारण लोग चाहते हैं कि मैं संन्यास से वापसी करूं और आने वाला टी20 वर्ल्ड कप खेलूं। लेकिन अब वे दरवाजे बंद हो चुके हैं। मैं वेस्टइंडीज के लिए खेल रहे लड़कों का समर्थन करूंगा, जिन्होंने राष्ट्रीय टीम में आने के लिए पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है। ये खिलाड़ी एक और टी20 विश्व कप खिताब जीतना डिज़र्व करते हैं और मैं उनको शुभकामना देना चाहूंगा। 35 वर्षीय खिलाड़ी वर्तमान में टूर्नामेंट की मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर (एमवीपी) स्टैंडिंग में शीर्ष पर हैं।

## इम्पैक्ट प्लेयर नियम से खुश नहीं हैं खिलाड़ी



**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। रोहित शर्मा ने कहा है कि वो इम्पैक्ट प्लेयर नियम के प्रशंसक नहीं हैं। अब इम्पैक्ट प्लेयर नियम से नाखुश खिलाड़ियों की लिस्ट में दिल्ली कैपिटल्स के अक्षर पटेल और मुकेश कुमार का नाम भी जुड़ गया है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में सफल परीक्षण के बाद इम्पैक्ट प्लेयर रूलिंग को आईपीएल 2023 में पेश किया गया था। इम्पैक्ट प्लेयर नियम के अनुसार, टॉस के बाद, प्रत्येक टीम को अपने प्लेइंग-11 के अलावा अधिकतम पांच स्थानापन्न खिलाड़ियों का नाम देने की अनुमति है। खेल के दौरान किसी भी समय, उनमें से एक - जिसे इम्पैक्ट प्लेयर कहा जाता है, प्लेइंग-11 के किसी सदस्य की जगह ले सकता है। इम्पैक्ट प्लेयर नियम एक आईपीएल मैच को प्रत्येक टीम के लिए 12-खिलाड़ियों की प्रतियोगिता बनाता है, जबकि एक ऑलराउंडर की आवश्यकता को कम करता है। अक्षर ने कहा कि मैं इम्पैक्ट प्लेयर नियम का प्रशंसक नहीं हूं, क्योंकि एक ऑलराउंडर के रूप में मुझे पता है कि नियम का उपयोग एक उचित बल्लेबाज या गेंदबाज के लिए किया जाएगा, लेकिन एक ऑलराउंडर के लिए नहीं। हमने इस बारे में कोर ग्रुप से बात की है। दिल्ली कैपिटल्स ने भी युवा बल्लेबाजों को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर इस्तेमाल किया है। इससे अक्षर पटेल बल्लेबाजी क्रम में नीचे जा जा रहे हैं। इससे उनकी बैटिंग पर असर पड़ रहा है। तेज गेंदबाज मुकेश ने भी इस नियम पर विचार व्यक्त किए।

## लीजेंड क्रिकेट ट्रॉफी में टीम के मालिक पर लगा मैच फिक्सिंग का आरोप

**कोलंबो,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। श्रीलंका के अटॉर्नी जनरल ने अदालत को सूचित किया है कि लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी में खेलने वाली सात टीमों में से एक कैंडी सैंप आर्मी के मालिक योनी पटेल पर मैच फिक्सिंग का आरोप लगाया गया है। अटॉर्नी जनरल का प्रतिनिधित्व करने वाले सरकारी वकील ने कोलंबो मजिस्ट्रेट को सूचित किया कि योनी पटेल पर कोलंबो हाई कोर्ट में अपराध का आरोप लगाया गया है। उन पर श्रीलंका में सेंट्रल हिल्स के पल्लेकेले में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त अंतरराष्ट्रीय सितारों की भागीदारी के साथ खेली गई लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के दौरान एक क्रिकेटर पर फिक्सिंग में शामिल होने के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया गया है। जांच श्रीलंका के सेवानिवृत्त राष्ट्रीय क्रिकेटर उपुल थरंगा की शिकायत पर शुरू की गई, जो खुद पटेल के स्वामित्व वाली टीम के खिलाड़ी हैं। श्रीलंका के पूर्व सफेद गेंद कप्तान और क्रिकेट चयन समिति के वर्तमान अध्यक्ष थरंगा ने पंजाब रॉयल्स के लिए खेलने वाले न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर नील ब्रेम के साथ मैच फिक्सिंग की शिकायत की थी।

शिकायत में कहा था कि उनसे दो व्यक्तियों ने संपर्क किया जिन्होंने खुद को कैंडी सैम्प टीम का मालिक और पंजाब रॉयल्स मैनेजर बताया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, कथित मैच फिक्सरों में से एक ने खराब प्रदर्शन करने और मैच के नतीजों को फिक्स करने के लिए खिलाड़ियों




से पैसे की पेशकश की थी। इसके बाद थरंगा ने तुरंत खेल से संबंधित भ्रष्टाचार को रोकने के लिए गठित श्रीलंका खेल मंत्रालय की विशेष जांच इकाई को शिकायत की, जबकि ब्रूम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट और बाद में आईसीसी को रिपोर्ट की। एसआईयू की जांच में पता चला कि टीम मैनेजर ने ब्रूम को अपने कमरे में बुलाया और 10 से अधिक गेंदों का सामना करने के बाद 10 से कम रन बनाने के लिए कहा था। प्रारंभिक जांच के बाद पटेल को 10 मिलियन श्रीलंकाई रुपये की जमानत पर रिहा कर दिया गया लेकिन उनके श्रीलंका से बाहर जाने पर प्रतिबंध है। इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के सेवानिवृत्त अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों की सात टीमों के साथ, लीजेंड क्रिकेट ट्रॉफी 2024 का आयोजन 8 से 19 मार्च तक पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में किया गया था।

## आरआर के शानदार प्रदर्शन का श्रेय संजू को जाना चाहिए : फिंच

**जयपुर,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) आईपीएल 2024 अंक तालिका में शीर्ष पर है। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर एरोन फिंच ने संजू सैमसन की बल्लेबाजी और उनकी शानदार कप्तानी की सराहना की है। संदीप शर्मा (5-18) के शानदार स्पेल और यशस्वी जायसवाल (60 रन पर नाबाद 104) के शतक ने आरआर को मुंबई इंडियंस पर 9 विकेट से जीत दिलाई। सैमसन ने 28 गेंदों में 38 रन बनाकर जायसवाल का भरपूर साथ दिया और दोनों ने 65 गेंदों में 109 रन की अटूट साझेदारी की। फिंच ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा कि वह वास्तव में अच्छी पारियां खेल रहा है और टीम के लिए यही जरूरी है। मुझे लगता है कि टी20 क्रिकेट के समय में बल्लेबाज का अहंकार कभी-कभी टीम की जरूरत के आड़े आ सकता है, लेकिन वह हर स्थिति में ठीक उसी तरह खेल रहा है जिस तरह की मांग है। वह अच्छी तरह से टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, आप देख सकते हैं कि दबाव में होने पर भी टीम शांत रहती है। मुझे लगता है कि वे एकमात्र मैच तब हारे, जब वे जीटी के खिलाफ अंतिम छोर पर कमजोर पड़ गए। वे इस पूरे आईपीएल में बहुत अच्छे रहे हैं और इसका श्रेय संजू को जाना चाहिए।

## टी-20 वर्ल्डकप से पहले युगांडा के मुख्य कोच बने अभय शर्मा

**कंपाला,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। युगांडा क्रिकेट एसोसिएशन (यूसीए) ने तीन साल के अनुबंध पर भारत के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर अभय शर्मा को अपनी सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की है। अभय शर्मा के पास खिलाड़ी और कोच दोनों के रूप में सफलता का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ अपने कार्यकाल के अलावा, उन्होंने पहले भारत ए और भारत अंडर-19 के लिए फील्डिंग कोच के रूप में कार्य किया। उनकी सबसे हालिया कोचिंग भूमिका दिल्ली रणजी टीम के साथ थी। अपनी नियुक्ति पर 54 वर्षीय अभय शर्मा ने कहा कि प्रतिभाशाली क्रिकेटरों के समूह के साथ काम करने के इस अवसर के लिए मैं यूसीए का बहुत आभारी हूं। युगांडा में केवल कुछ दिनों के लिए रहने के बाद, यह पहले से ही मेरे दूसरे घर जैसा लगता है।

## द्विपक्षीय सीरीज तो छोड़िए, भारत चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी पाकिस्तान नहीं जाएगा !

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने मंगलवार को आईएएनएस को बताया कि टीम इंडिया अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर सकती है। साथ ही वेन्यू शिफ्ट भी हो सकता है, या फिर हाइब्रिड मॉडल का रास्ता भी चुना जा सकता है। पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उनके साथ द्विपक्षीय सीरीज खेलने के लिए तैयार है। हालांकि, बीसीसीआई के सूत्रों ने कहा कि द्विपक्षीय सीरीज भूल जाइए... टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा भी नहीं कर




सकती है। आयोजन स्थल में बदलाव हो सकता है या फिर हाइब्रिड मॉडल भी संभव है। सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि भारतीय बोर्ड को यात्रा के लिए सरकार से अनुमति की आवश्यकता होगी, वर्तमान में पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध भी अच्छे नहीं हैं। ऐसे में यह लगभग असंभव है भारत और पाकिस्तान ने आखिरी बार द्विपक्षीय सीमित ओवरों की श्रृंखला 2012-13 में खेली थी, जब पाकिस्तान ने भारत का दौरा किया था।

अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उनके साथ द्विपक्षीय सीरीज खेलने के लिए तैयार है : पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी

## इंटर मिलान ने जीता अपना 20वां सीरी ए खिताब

**रोम,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। इंटर मिलान ने डर्बी में एसी मिलान को 2-1 से हराकर अपना 20वां सीरी ए खिताब जीता। वहीं, इस मैच में अंतिम क्षणों में तीन खिलाड़ियों को मैदान से बाहर भी भेजा गया। दूसरे स्थान पर मौजूद एसी मिलान पर 14 अंकों की बढ़त और केवल छह राउंड शेष होने के साथ, इंटर मिलान अपनी 2021

■ मैच की शुरुआत से ही इंटर मिलान ने अपनी पकड़ मजबूत रखी और मैच के 18वें मिनट में स्कोरिंग की शुरुआत की

चैंपियनशिप की सफलता को दोहराने के लक्ष्य के साथ मैदान पर उतरा। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सैन सिरो में मैच में प्रवेश करते हुए, इंटर ने लुटारो मार्टिनेज और मार्कस थुरम के साथ एक मजबूत लाइनअप को मैदान में उतारा, जबकि एसी मिलान ने एकमात्र स्ट्राइकर के रूप में राफेल लीओ को




स्थान देते हुए ओलिवर गिरौद को बेंच पर बिठाने का विकल्प चुना। मैच की शुरुआत से ही इंटर मिलान ने अपनी पकड़ मजबूत रखी और मैच के 18वें मिनट में स्कोरिंग की शुरुआत हुई। इंटर के लिए फ्रांसेस्को एसरबी ने 18वें मिनट पर पहला गोल दागा। कुछ ही मिनटों के बाद एसी मिलान के पास बराबरी करने का मौका था लेकिन वो चूक गए। इंटर मिलान ने ब्रेक के बाद बढ़त को दोगुना कर दिया, जब मार्कस थुरम ने 49वें मिनट में टीम का दूसरा गोल किया और स्कोर 2-0 रहा। मिलान की ओर से खिलाड़ियों ने आक्रामक रुख जरूर अपनाया लेकिन टीम को उसका फायदा नहीं मिला। इसके बाद एसी मिलान ने हमले को मजबूत करने के लिए गिरौद और नोआ ओकाफोर को मैदान में उतारा और उनके प्रयास 80वें मिनट में सफल हो गए, जब फिकायो तोमोरी (80%) ने टीम के लिए पहला गोल दागा और स्कोर 2-1 कर दिया। अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ और इंटर मिलान ने खिताब अपने नाम किया।

## नोवाक जोकोविच को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार

**मैड्रिड,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। विश्व के नंबर-एक सार्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को पांचवी बार लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। मैड्रिड के गैलेरिया डी क्रिस्टल में आयोजित एक शानदार समारोह में जोकोविच को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए इस शीर्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जबकि साथी टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को उनके फाउंडेशन की बदौलत 'स्पोर्ट फोर गुड अवार्ड' से नवाजा गया। पुरस्कार के बाद जोकोविच ने कहा कि मैं अपना पांचवां लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीतकर अविश्वसनीय रूप से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं 2012 को याद करता हूं, जब मैंने 24 साल की उम्र में पहली बार इसे जीता था। मैं 12 साल बाद यहां आकर बहुत गर्व महसूस कर रहा हूं, यह दर्शाता है एक ऐसा साल जो मेरे और मेरे प्रशंसकों के लिए ढेर सारा उत्साह और सफलता लेकर आया।

## सार संक्षेप

### महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर श्रीलंकाई कप्तान अथापथु

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे में नाबाद 195 रन की पारी के बाद श्रीलंका की कप्तान चमारी अथापथु मंगलवार को जारी नई आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर लौट आईं। अथापथु का ये नौवां वनडे शतक था जो महिला वनडे मैचों में सफल लक्ष्य का पीछा करते हुए सर्वोच्च स्कोर है। वो इंग्लैंड की हरफनमौला खिलाड़ी नताली साइवर-ब्रंट को पछाड़कर शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, बाएं हाथ की यह खिलाड़ी इससे पहले 3 से 12 जुलाई, 2023 तक बेथ मूनी और फिर साइवर-ब्रंट को पछाड़कर नंबर एक स्थान हासिल किया था। श्रीलंकाई खिलाड़ी ने ऑलराउंडर रैंकिंग में भी दो स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में प्रवेश किया।

### चमारी अटापट्टू एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची

**दुबई।** पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 195 रनों रिकार्डो वाली पारी खेलने वाली श्रीलंका महिला टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू आईसीसी की महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई है। चमारी की इस पारी ने महिला क्रिकेट के कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए थे, जिसमें एकदिवसीय में सफल लक्ष्य हासिल के दौरान सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर भी शामिल था। एकदिवसीय में पुरुष और महिला दोनों क्रिकेट में यह सफल लक्ष्य हासिल के दौरान दूसरा सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर भी था। ग्लेन मैक्सवेल ने 2023 विश्वकप में अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 201 रनों की पारी खेली थी।इस प्रदर्शन के चलते चमारी ने आईसीसी की तालिका में अब तक की अपनी सबसे बड़ी रेटिंग (773) प्राप्त करते हुए पहला स्थान प्राप्त कर लिया।

### श्रीजा अकुला ने करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व टेटे रैंकिंग हासिल की

**लुसाने।** श्रीजा अकुला अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) रैंकिंग में एक स्थान का छलांग लगाते हुए मंगलवार को अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 38वीं रैंक हासिल की है। इसी के साथ वह शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गईं। मंगलवार को यहां जारी नवीनतम रैंकिंग में श्रीजा एक स्थान आगे बढ़ीं, वहीं मनिका बत्रा, जो पिछले छह वर्षों से महिला एकल वर्ग में भारत की शीर्ष रैंक वाली खिलाड़ी थीं, दो स्थान नीचे खिसक गईं और वह वर्तमान में रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज हैं। 25 वर्षीय श्रीजा ने 2024 सत्र की मजबूत शुरुआत की। उन्होंने जनवरी में टेक्सास में डब्ल्यूटीटी फीडर कॉर्पस क्रिस्टी 2024 के फाइनल में यूएसए की लिली झांग को 3-0 (11-6, 18-17, 11-5) से हराकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट जीता था।